# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 7 मई 2025 बुधवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 342 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1638 : कॉर्नलीस एस गोयर ने मॉरिशस पर कब्जा किया।
1663 : लंदन में 'रॉयल' नाम का पहला थियेटर खुला।
1907 : बम्बई में पहली इलेक्ट्रिक ट्राम कार का संचालन हुआ।
1934 : फिलीपींस में विश्व में सबसे बड़े आकार का मोती प्राप्त हुआ।
1973 : अरुणाचल प्रदेश की नई राजधानी की आधारशिला ईटानगर में रखी गई।
1861 : नोबेल पुरस्कार प्राप्त बांग्ला कवि, कहानीकार, गीतकार, संगीतकार, नाटककार, निबंधकार रबीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म हुआ।

# सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को हेमंत सोरेन आज देंगे बड़ी सौगात

## तीन लाख से अधिक सरकारी कर्मियों और पेंशनभोगियों का बढ़ेगा महंगाई भत्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार सरकारी कर्मियों को तोहफा देने जा रही है। राज्य के तीन लाख से अधिक सरकारी कर्मियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता (डीए) दो प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। यह बढ़ोत्तरी एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को होने वाली झारखंड कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। झारखंड कैबिनेट की बैठक आज शाम चार बजे से होगी। प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद सभागार में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें डीए बढ़ोत्तरी के अलावा करीब दो दर्जन अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हो सकती है। कई अहम एजेंडों पर सरकार मुहर लगा सकती है। बत दें कि झारखंड में फिलहाल 1,62,931 नियमित सरकारी कर्मी कार्यरत हैं। इसके अलावा राज्य में 1.58 लाख से अधिक पेंशनभोगी हैं। डीए में दो प्रतिशत की बढ़ोत्तरी से इन सबको लाभ मिलेगा। सरकार विजिलेंस क्लीयरेंस की प्रक्रिया को भी डिजिटल करने जा रही है। अब कर्मियों को विजिलेंस




क्लीयरेंस के लिए एचआरएमएस पोर्टल पर ही आवेदन देना होगा। पहले यह प्रक्रिया ऑफलाइन होती थी, जिसमें फाइल विभाग से विजिलेंस तक जाती थी। अब यह पूरी प्रक्रिया एचआरएमएस के जरिए ऑनलाइन की जाएगी।

# पाक बॉर्डर पर गरजेंगे सेना के फाइटर जेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायुसेना आनेवाले 7 और 8 मई को पाकिस्तान के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक बड़ा एयर एक्सरसाइज करने जा रही है। बताया जा रहा है कि ये युद्धाभ्यास खास तौर पर राजस्थान के इलाको में होगा जो दक्षिण पश्चिमी एयर कमांड के अधीन आता है। यह अभ्यास ऐसे समय पर हो रहा है जब पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। इस अभ्यास को लेकर 'नोटिस टू एयरमेन' भी जारी कर दिया गया है। नोटम एक आधिकारिक चेतावनी होती है जिससे संबंधित क्षेत्र में वायु यातायात को आगाह किया जाता है कि वहां विशेष सैन्य गतिविधि चल रही है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि अभ्यास में लड़ाकू विमानों की भारी आवाजाही रहेगी। ये एक्सरसाइज ऐसे वक्त में हो रहा है जब पाकिस्तान एक बार फिर सीजफायर की शर्तों को रौंदते हुए एलओसी पर अकारण फायरिंग कर रहा है।

# कार-ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** जिले के समेली प्रखंड कार्यालय के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर एसयूवी कार और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने बताया कि ट्रैक्टर विपरीत दिशा से आ रहा था। उन्होंने बताया कि कार सवार लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। सोमवार और मंगलवार की दरम्यान रात समेली प्रखंड कार्यालय के पास हुई दुर्घटना में मारे गए लोगों की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर तत्काल पहुंचे राहत और बचाव दल ने पीड़ितों को नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया। दो घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में टुनटुन कुमार, ज्योतिष कुमार, प्रिंस कुमार, अजय कुमार, सिक्कू कुमार और तीन युवक शामिल हैं। वहीं दो की स्थिति नाजुक है। हादसे



के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और शादी का माहौल देखते ही देखते मातम में तब्दील हो गया। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पीड़ित सुपौल के निवासी हैं। एसपी ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि सभी पीड़ित एसयूवी में यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की जांच जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

### सीएम नीतीश कुमार ने जताया शोक

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुये दो लोगों, जिनका इलाज पूर्णिया सदर अस्पताल में चल रहा है, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# झारखंड के छह शहरों में होगा मॉक ड्रिल, बजेगा सायरन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत के सख्त रवैये से पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। पाकिस्तान की चौतरफा घेराबंदी के बीच भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा की तैयारी में भी जुट गई है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दुश्मन के संभावित हवाई हमलों से बचने के लिए 7 मई को नागरिक सुरक्षा के लिए सभी राज्यों को मॉक ड्रिल करने को कहा है। इस दौरान बिजली बंद की जाएगी। ताकि जंग के वक्त दुश्मन को लक्ष्य से भटकाया जा सके। साथ ही आम नागरिक और छात्रों को हवाई हमला होने पर खुद को सुरक्षित रखने के उपाए बताए जाएंगे।

### झारखंड के इन शहरों में होगा मॉक ड्रिल

झारखंड के रांची, बोकारो, गोमिया, जमशेदपुर, गोड्डा और साहिबगंज में मॉक ड्रिल होगा। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि राज्य के प्रमुख छह शहरों में मॉक ड्रिल की तैयारी चल रही है। झारखंड के इन छह शहरों को नागरिक सुरक्षा की कैटेगरी में रखने के सवाल पर अधिकारियों ने बताया कि इन सभी शहरों की खास विशिष्टता है। दरअसल, रांची में सेना की छावनी है। जमशेदपुर, बोकारो और गोड्डा में स्टील के साथ-साथ पावर प्लांट्स मौजूद हैं। जबकि गोमिया में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री है। वहीं साहिबगंज जिले में गंगा नदी के तट पर बंदरगाह बना हुआ है। इसके अलावा गोड्डा और साहिबगंज की सीमा बांग्लादेश से बिल्कुल पास है। आमतौर पर जंग की सूरत में दुश्मन ऐसे जगहों को निशाना बनाने की कोशिश करते हैं।

# इलियास हुसैन समेत 5 की औपबंधिक जमानत कंफर्म

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बिहार के पूर्व पथ निर्माण मंत्री इलियास हुसैन समेत पांच की क्रिमिनल अपील पर सुनवाई हुई। झारखंड हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद इनकी औपबंधिक जमानत कंफर्म की। अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार कर अदालत ने एलसीआर (लोअर कोर्ट रिकॉर्ड) मांगा है। अलकतरा घोटाले में सीबीआई की विशेष अदालत ने पूर्व मंत्री इलियास हुसैन समेत पांच दोषियों को मार्च 2025 में तीन-तीन साल की सजा सुनायी थी। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत ने बिहार के पूर्व पथ निर्माण मंत्री इलियास हुसैन समेत पांच सजायाफ्ताओं की क्रिमिनल अपील याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई की। अदालत ने अपीलकर्ताओं की औपबंधिक जमानत को कंफर्म करते हुए एलसीआर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अदालत ने अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। अदालत ने जुर्माने की राशि में से 50-50 हजार रुपए जमा करने का निर्देश दिया। सीबीआई की ओर से प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता बीएम त्रिपाठी और अनिल कुमार कश्यप और जीतेंद्र कुमार सिंह ने पक्ष रखा। बहुचर्चित अलकतरा घोटाले में 28 साल बाद सीबीआई की अदालत ने बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन समेत पांच दोषियों को तीन-

### झारखंड हाईकोर्ट ने मांगा एलसीआर




तीन साल की सजा सुनायी थी। इन सभी पर 32-32 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। ये मामला 1997 का है। कागज पर ही अलकतरे की सप्लाई कर दी गयी थी और पैसे की निकासी कर ली गयी थी। इसके लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किया गया था। लंबी सुनवाई के बाद सीबीआई कोर्ट ने फैसला सुनाया था। सजा पानेवाले दोषियों में इलियास हुसैन, शहाबुदीन बेक, पवन कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल और विनय कुमार सिन्हा शामिल हैं। सात आरोपियों जी रामनाथ, एसपी माथुर, तरुण कुमार गांगुली, रंजन प्रधान, शोभा सिन्हा, केदार पासवान और एमसी अग्रवाल को साक्ष्य के अभाव में अदालत ने बरी कर दिया था।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**जहानाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** गया-पटना रेल खंड पर ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नियाजीपुर निवासी वाल्मीकि ठाकुर के बेटे सत्यानंद ठाकुर के रूप में हुई है। वह मुसी बेला में तिलक समारोह में शामिल होने जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही रेल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर



अस्पताल भेज दिया। मृतक के पिता ने बताया कि उनका बेटा तिलक समारोह में भाग लेने जा रहा था। इसी दौरान ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई।


एफएसएसएआई fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण Food Safety and Standards Authority of India

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

सत्यमेव जयते

**अंतिम तिथि: 31 मई 2025!**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए
अनिवार्य वार्षिक रिटर्न दाखिल करने के लिए
(केवल FSSAI के FOSCOS पोर्टल के माध्यम से)

**सभी एफएसएसएआई लाइसेंस प्राप्त निर्माता, आयातक और खाद्य निर्माता-निर्यातक वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना वार्षिक रिटर्न जमा करेंगे**

- एफएसएस (खाद्य व्यवसायों का लाइसेंसिंग और पंजीकरण) विनियम, 2011 के खंड 2.1.13 और लाइसेंस 05 की शर्तें देखें
- **वार्षिक रिटर्न कैसे दाखिल करें :**
- चरण 1: FoSCOS पोर्टल में लॉग इन करें
- चरण 2: बांए मेनू पर जाएं > वार्षिक रिटर्न > वार्षिक रिटर्न भरें

**वार्षिक रिटर्न दाखिल करते समय ध्यान रखने योग्य बातें:**

- पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 'शून्य' उत्पादन के लिए भी रिटर्न दाखिल किया जाएगा।
- वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान लाइसेंस समाप्त होने या सरेंडर होने पर भी रिटर्न दाखिल किया जाएगा।
- 31 मार्च 2025 से पहले नया लाइसेंस प्राप्त होने पर भी रिटर्न दाखिल किया जाएगा।
- रीपैकर और रीलेबेलर को भी वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा।




**गैर-अनुपालन के परिणाम :**

- जुर्माना: 1 जून 2025 से प्रतिदिन 100 रुपये
- FSS अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है

**अधिक जानकारी के लिए :**

- FOSCOS [https://foscos.fssai.gov.in पर जाएं
- FSSAI की हेल्पलाइन @1800112100 पर सुबह 7:00 बजे से रात
- 11:00 बजे तक कॉल करें

helpdesk-foscos@fssai.gov.in पर लिखें

fssaiindia fssai fssai_safefood fssaiindia fssai_india

CBC 17163/12/0007/2526


# श्रावणी मेला में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो : सुदिव्य कुमार

## श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर मंत्री ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** देवघर में आगामी 11 जुलाई से शुरू होने वाले राजकीय श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर पर्यटन एवं नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मंगलवार को स्थानीय सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक की। विभागवार की गई तैयारियों की जानकारी दी गई। बैठक में संथाल परगना के आयुक्त लालचंद डांडेल, देवघर और दुमका के डीसी, एसपी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। देवघर के डीसी विशाल ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागवार की गई तैयारियों



की जानकारी दी।

### श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो : मंत्री

मंत्री ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विभागवार कार्य योजना और प्रस्तावित बजट पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथधाम और बासुकीनाथधाम पहुंचेंगे। कांवरिया पथ पर महीन बालू बिछाने, विद्युत व्यवस्था, मेडिकल सुविधा, साफ-सफाई और आवासन की उचित व्यवस्था की जाए। रूट लाइन में पंडाल निर्माण, पेयजल, शौचालय, स्नानगृह और साज-सज्जा कार्य को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। मंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# बिहार के पांच शहरों में होगा मॉक ड्रिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार देश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार सतर्कता बरत रही है। इसी कड़ी में आज 7 मई को देशभर के चिन्हित सिविल डिफेंस जिलों में एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस अभ्यास को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी कर दी है। यह मॉक ड्रिल सिविल डिफेंस रूल्स, 1968 के तहत किया जाएगा, जिसका मकसद युद्ध जैसे हालात में नागरिकों और आपात सेवाओं की तत्परता को परखना है। इस अभ्यास में बिहार के पांच प्रमुख शहरों को शामिल किया गया है, जिनमें पटना, बरौनी, कटिहार, पूर्णिया और बेगूसराय शामिल हैं। इनमें से बेगूसराय को श्रेणी 3 में रखा गया है जबकि शेष चार शहर श्रेणी 2 में शामिल किए गए हैं। श्रेणियों के अनुसार, शहरों में मॉक ड्रिल की तीव्रता और व्यापकता निर्धारित की जाएगी। इन शहरों में युद्ध जैसी परिस्थितियों का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा ताकि लोगों में जागरूकता और प्रतिक्रिया क्षमता विकसित हो सके। इस मॉक ड्रिल में वास्तविक युद्ध जैसे हालात उत्पन्न किए जाएंगे। इसमें हवाई हमले के सायरन बजाए जाएंगे, शहरों की बिजली कुछ समय के लिए काट दी जाएगी और नागरिकों को नजदीकी शरण स्थलों की ओर ले जाया जाएगा। इस दौरान आम लोगों को गिरकर छिपने की तकनीक, प्राथमिक उपचार और मानसिक स्थिति को संभालने की जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा सामरिक महत्त्व की इमारतों को ढकने और सैटेलाइट से छुपाने जैसी गतिविधियाँ भी अभ्यास का हिस्सा होंगी।

# रिम्स निदेशक को हटाने का फैसला राज्य सरकार ने लिया वापस

## हाईकोर्ट में याचिका निष्पादित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल 'राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' यानी रिम्स के निदेशक को डॉ. राजकुमार को बड़ी राहत मिली है। उनको निदेशक के पद से हटाने के बाबत 17 अप्रैल को जारी आदेश को राज्य सरकार ने वापस ले लिया है। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को यह जानकारी दी गई है। इस आधार पर हाईकोर्ट ने रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार की याचिका को निष्पादित कर दिया है। यह जानकारी हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी है। दरअसल, 17 अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की ओर से डॉ. राजकुमार को रिम्स के निदेशक के पद से हटाने के लिए पत्र जारी किया गया था। राज्य सरकार के इस आदेश को निदेशक ने हाईकोर्ट में



चुनौती देते हुए इसे नेचुरल जस्टिस के नियमों का उल्लंघन बताया था। उनकी याचिका पर 29 अप्रैल को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रौशन की अदालत ने निदेशक के पद से हटाने के आदेश को स्थगित कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र के जरिए अपना पक्ष रखने के लिए कहा था।

### निदेशक पद से क्यों हटाए गये थे डॉ. राजकुमार

स्वास्थ्य मंत्री सह रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष डॉ. इरफान अंसारी ने रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को तत्काल प्रभाव से निदेशक पद से हटाने से जुड़ा पत्र जारी कर दिया था। उन्होंने प्रशासनिक अक्षमता का हवाला देते हुए पद से हटाने का आदेश जारी किया था। उनकी दलील थी कि निदेशक के पद पर रहने के बावजूद उन्होंने कैबिनेट, शासी परिषद और विभाग के स्तर पर लोकहित में लिए गए निर्णय और निर्देशों का पालन नहीं किया था। ऐसे में रिम्स अधिनियम, 2002 द्वारा निर्धारित उद्देश्यों को पूर्ण करने में डॉ. राजकुमार की सेवा संतोषजनक नहीं पायी गई इसलिए रिम्स नियमावली 2002 के नियम-9 (vi) का हवाला देकर लोकहित में डॉ. राजकुमार को तीन महीने का वेतन और भत्ता देते हुए तत्काल प्रभाव से निदेशक के पद से हटा दिया गया था। इस निर्णय पर मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त होने की बात भी कही गई थी।

# फर्जी एडीएम गिरफ्तार

**बेतिया (नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी चंपारण के रामनगर पुलिस ने फर्जी एडीएम को हिरासत में लिया है जो खुद को लखीमपुर खीरी का अपर जिला मजिस्ट्रेट बता रहा था। पुलिस से उसने गांव जाने के लिए एस्कॉर्ट भी मांगी थी। इसके बाद पुलिस को उसपर शक हुआ और पकड़ लिया। उसे हिरासत मेंलेकर पूछताछ की जा रही है। युवक की पहचान हरीनगर शुगर मिल कॉलोनी निवासी जय शंकर झा के रूप में हुई है। इस सबंध में बताया गया कि मंगलवार को जय शंकर झा भारत सरकार और अपर कलेक्टर का बोर्ड लगी कार से एसडीपीओ कार्यालय पहुंचा और कहा कि वो एएसपी से मिलना चाहता था लेकिन वहां वे नहीं मिले। इसके बाद वह युवक रामनगर थाना पहुंच गया। थानाध्यक्ष ललन कुमार को उसने बताया कि मैं यूपी के लखीमपुर खीरी में एडीएम हूं। किसी गांव में जानेकी बात कहकर थानाध्यक्ष से पुलिस एस्कॉर्ट की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### भोजपुर में करंट लगने से युवक की मौत

■ पोल पर चढ़कर तार जोड़ रहा था, झटका लगते ही नीचे गिरा

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र में करंट लगने से युवक बुरी तरह से झुलस गया। आनन-फानन में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान पहाड़पुर निवासी हृदया राम के पुत्र धनजी राम(20) के तौर पर हुई है। पेशे से मजदूर था। मृतक के भाई मंजू राम ने बताया कि पोल पर चढ़कर बिजली का तार जोड़ रहा था। इस दौरान गलती से सप्लाई वाला तार पकड़ लिया। कुछ देर तक पोल पर ही सटा रहा। जिसके चलते हाथ और सीना झुलस गया। फिर पोल से सीधे नीचे आ गिरा। सिर में काफी चोट लगी थी। इलाज के दौरान सोमवार को अस्पताल में मौत हो गई। वहीं, अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि हाथ और सीना के पास जल गया था। सिर में काफी गंभीर चोट आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया था।

### पिकअप-ऑटो में टक्कर, दो बच्चों की मौत

■ जमुई में बारात से लौट रहे थे सभी ■ तीन घायलों को पटना किया गया रेफर

**जमुई, एजेंसी।** जमुई में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी बच्चे सोमवार की रात खैरा प्रखंड के सोनेल डहुआ गांव के बारात से लौट रहे थे। हादसा तब हुआ जब खैरा-सोनो मुख्य मार्ग पर हरदीमोह के पास आंधी के कारण गिरे पेड़ की वजह से ऑटो रुका था। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने ऑटो में टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान चंदन मांझी के बेटे ऋषि कुमार(10) और जोधन मांझी के बेटे गल्लू कुमार(10) के रूप में हुई है। वहीं गौतम मांझी (12), दीपक कुमार (11) और मोदी कुमार (12) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सभी बच्चे गांव के संतोष मांझी के बेटे चूटर मांझी की शादी में जमुई शहर के हरनाहा गांव गए थे। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायल बच्चों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। खैरा थानाध्यक्ष मिंटू कुमार सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। मृतक बच्चों के परिजनों का सदर अस्पताल में रो-रोकर बुरा हाल है।

### संदिग्ध हालत में महिला की मौत

■ हिरासत में पति :परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**पटना, एजेंसी।** पटना के बाढ़ अनुमंडल के उमानाथ में रूपा देवी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। रूपा देवी गोसाईंमठ मोहल्ला में रहती थी। वह मूल रूप से नालंदा जिले के जगतपुर गांव की रहने वाली थी। परिजनों का आरोप है कि रूपा देवी की गला दबाकर हत्या की गई। उनका कहना है कि मौत के बाद परिवार के सभी लोग एक शादी समारोह में चले गए। परिजनों को मौत की सूचना तक नहीं दी गई। जब वो मौके पर पहुंचे तो शव बेड पर पड़ा मिला। कमरे में न तो रस्सी मिली और न ही फांसी लगाने का कोई निशान। परिजनों के अनुसार, रूपा का पति शराब का अवैध व्यापार करता था। वह कई वर्षों से पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। रूपा ने इसकी शिकायत अपने परिवार से की थी। परिवार ने समझा-बुझाकर साथ रहने की सलाह दी। कुछ दिन पहले भी पति ने उसे हत्या की धमकी दी थी। दोनों के तीन बच्चे हैं। पति धनराज कुमार का कहना है कि वह घटना के समय घर के पास स्थित मंदिर में था। उसकी पत्नी से तीन दिनों से बातचीत नहीं हो रही थी। उसने घर में खाना भी नहीं खाया। सब इंस्पेक्टर रविरंजन सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। पति को हिरासत में लिया गया है। पड़ोसियों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच तीन दिनों से विवाद चल रहा था।

# मुर्शिदाबाद घटना से विष्णुनगरी में कम आ रहे बंगाल के पिंडदानी

**गया, एजेंसी।** गर्मी के मौसम में विष्णुपद इलाके की रौनक ठंडी पड़ी है। पिंडदानियों की संख्या बेहद कम हो जाने से विष्णुपद मंदिर से लेकर फल्गु के घाटों पर चहल-पहल नहीं है। खासकर बंगाली तीर्थयात्रियों के नहीं आने से ऐसी स्थिति बनी हुई है। पिछले माह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई घटना का असर गयाधाम में भी दिख रहा है। साथ ही इस वक्त सीजन यानी दक्षिण भारत के तीर्थयात्रियों के भी कम आने से विष्णुपद इलाके की रौनक फीकी पड़ी हुई है। विष्णुपद इलाके के दुकानदार, गयापाल से लेकर ब्राह्मणाों पर इसका असर है। प्रतिदिन करीब पांच हजार की जगह एक हजार से भी कम आ रहे पिंडदानी गयापाल छोटू बारिक और चंदन लाल गुर्दा ने बताया कि गर्मी के सीजन में दक्षिण भारत और बंगाल सहित देश के अन्य हिस्सों से पिंडदानी पितरों के लिए विष्णुनगरी आते हैं। इस वक्त औसतन एक दिन में करीब पांच हजार तीर्थयात्री आ जाते थे। लेकिन, इस वक्त इनकी संख्या दो हजार से भी कम हो गयी है। मुर्शिदाबाद घटना के बाद मुर्शिदाबाद, मालदा सहित अन्य इलाकों से पिंडदानियों की संख्या नहीं के बराबर है। दूसरी ओर इस वक्त के सीजन में दक्षिण भारत से आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या भी कम गयी है। चार हजार की जगह एक हजार भी नहीं है। गर्मी के सीजन यानी पितृपक्ष से पहले तक दक्षिण भारत के प्रदेशों से ही पिंडदानियों का आने की संभावना है। सालों भर पश्चिम बंगाल से आने वालों की संख्या प्रभावित रहेगी।

करीब 400 दुकानदारों का कारोबार प्रभावित विष्णुपद मंदिर के अलावा फल्गु के देवघाट, गजाधर व



संगत घाट पर सन्नाटा पसरा है। महत्वपूर्ण प्रेतशिला, अक्षयवट वेदी पर भी भीड़ नहीं है। विष्णुपद इलाके में छोटी-बड़ी करीब 400 दुकानें हैं। पिंडदानियों के नहीं आने से सभी की दुकानदारी प्रभावित है। चंदन गुर्दा व मुकेश मालाकार बताया कि सन्नाटा पसरा है। 80 फीसदी दुकानदारी प्रभावित है। विष्णुपद में इस वक्त भीड़ पिंडदानियों की नहीं शादी-विवाह करने वालों की है। जिले के ग्रामीण इलाकों से आकर विष्णुपद धाम में विवाह रचा रहे हैं। ये लोग खरीदारी नहीं करते। पितृपक्ष मेला तक इसी तरह की स्थिति रहने का अनुमान है।




## बांका में 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह:ई-रिक्शा से मंडप पर पहुंचे दूल्हे

**बांका, एजेंसी।** बांका के रजौन प्रखंड के सोहानी गांव में सोमवार की मध्य रात्रि को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कन्हैया मंडली और हरित रजौन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 11 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। समारोह में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, बांका विधायक राम नारायण मंडल, जदयू प्रदेश महासचिव सुभानंद मुकेश और डॉ. हर्षवर्धन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पुनसिया से बारात नाचते-गाते सोहानी गांव पहुंची। जहां दूल्हे ई-रिक्शा पर सवार होकर मंडप तक आए। 11 अलग-अलग मंडपों में पंडितों ने हिंदू रीति-रिवाज से विवाह संपन्न कराया। वरमाला और सात फेरों की रस्में पूरी की गईं। सभी शादियां दहेज मुक्त रहीं।यह आयोजन 2007 से प्रतिवर्ष किया जा रहा है। आयोजन स्थल को सजाया गया था।

### पूरी रात चला जागरण कार्यक्रम

मेहमानों के लिए कोल्ड ड्रिंक, नाश्ता, भोजन और पानी की व्यवस्था की गई थी। पूरी रात जागरण कार्यक्रम चला। महात्मा भोली बाबा के शिष्य और सामूहिक विवाह के संस्थापक कन्हैया सिंह, पर्यावरणवादी डॉ. रवि रंजन और सुमित कुमार उर्फ बब्बू ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में संस्था के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। विवाह करने वाले जोड़ों में गौरव कुमार-ममता कुमारी, राकेश कुमार सिंह-साखो कुमारी, सोनू कुमार-कल्पना कुमारी, सुखनंदन कुमार-जुली कुमारी, सूरज कुमार-नंदनी कुमारी, रावण राय-करुणा कुमारी, डब्लू राय-रंभा कुमारी, सज्जन दास-नंदनी कुमारी, सुरेंद्र दास-कंचन कुमारी, कुंदन कुमार दास-मनीषा कुमारी और जितेंद्र दास-सोनी कुमारी शामिल थे।



## ट्रक में से गायब हो गईं 500 से ज्यादा चीनी की बोरियां

**बिहारशरीफ, एजेंसी।** बिहार में अपराधियों ने चीनी लूटकांड को अंजाम दे दिया है। दरअसल राज्य के बिहारशरीफ जिले में दीपनगर थाना क्षेत्र के मामू-भगीना मोड़ के पास 26 अप्रैल को लावारिस हालत में ट्रक मिला था। बाद में जानकारी हुई कि ट्रक पर लदी 600 बोरा चीनी गायब थी। चालक भी गायब था। पुलिस ने इस लूटकांड का खुलासा कर लिया। 3 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी निशानदेही पर 55 बोरा चीनी बरामद की गयी है। सदर डीएसपी नुरुल हक ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि इसमें चालक की भी संलिप्तता थी। उन्होंने बताया कि बिचली खंदक मोहल्ला निवासी व्यवसायी सत्येन्द्र कुमार ने दीपनगर थाने में प्राथमिकी करायी थी। प्राथमिकी के अनुसार उन्होंने गोपालगंज से ट्रक पर 600 बोरा चीनी मंगवाया था। इसकी कीमत करीब 12 लाख 88 हजार रुपये थी। ट्रक 24 अप्रैल को गोपालगंज से रवाना हुआ था। 25 अप्रैल को चालक ने फतुहा पहुंचने की सूचना दी। इसके बाद से उसका मोबाइल बंद हो गया। अगली सुबह मामू-भगीना मोड़ के पास खाली ट्रक बरामद हुआ। प्राथमिकी के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। तीन मई को पटना से तीनों को पकड़ा गया। खाजेकला थाना क्षेत्र के दुल्ली घाट निवासी सत्यप्रकाश राय, आलमगंज थाना क्षेत्र के जल्ला रोड निवासी प्रदीप कुमार व गुलजारबाग, चैलीटांड निवासी राकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। राकेश पटना के गल्ला व्यवसायी गोलू कुमार का भाई है। उसी ने इसकी साजिश रची थी। पूछताछ में पता चला कि फतुहा से चीनी को अलग-अलग स्थानों पर भेज दिया गया था। अन्य बदमाशों को गिरफ्तार कर बाकी बची चीनी को भी बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# जदयू पब्लिक को राजद के 'जंगलराज' और नीतीश सरकार के 'सुशासन' का फर्क बताएगा

### नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव को ले अपने नेताओं के साथ बैठक की

**पटना, एजेंसी।** जदयू, पब्लिक को राजद के 'जंगलराज' और नीतीश सरकार के 'सुशासन' का फर्क बताएगा। पार्टी की समझ है कि सिर्फ यही काम ठीक से हो जाए, तो 'मिशन 2025 फिर से नीतीश' को साकार करने में मुश्किल नहीं होगी। सोमवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में हुई पार्टी के वरीय नेताओं की बैठक में इस काम को अभियान चलाकर पूरा करने की बात हुई। पार्टी तथा एनडीए के दूसरे घटक दल इसमें जुटे हैं। सामने दिख रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इसे और रफ्तार देने, और सघन करने पर खासी चर्चा हुई।



बैठक की राय रही कि बिहार की नई पीढ़ी 2005 के पहले के बिहार से बिल्कुल वाकिफ नहीं है। उसे नहीं मालूम है कि कितनी मशक्कत से बिहार को बदला गया है। उसे यह सब ठीक से बताया जाए। अति पिछड़ों, महिलाओं व युवाओं पर पार्टी का खास ध्यान रहेगा। जाति जनगणना बड़ा एजेंडा होगा। मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रमों को बहुत मुनासिब तरीके से अंजाम देने की बात कही। ध्यान रहे कि महिला, एससी-एसटी तथा शहरी आबादी के लिए सरकार संवाद कार्यक्रम चला रही है। मकसद, इस जमात के लोगों से उनकी समस्याएं पूछकर उसे निपटाना और योजनाएं बनाने में उनकी राय को तवज्जो देना है। मुख्यमंत्री आवास में हुई बैठक में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन', पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा आदि मौजूद थे।

जदयू नीतीश सरकार के बेहतर कार्यों को लेकर आम लोगों के बीच जाएगा। पार्टी के नेता सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों की जनता को बताएंगे कि 20 वर्ष में राज्य सरकार ने उनके कल्याण के साथ-साथ राज्य के विकास के लिए क्या-क्या कार्य किया है। नीतीश सरकार ने किस प्रकार सूबे की सूरत बदली। कैसे जीवन सहज बना और आम लोगों की विकास में हिस्सेदारी दिखी। खासकर महिलाओं के साथ-साथ वंचित वर्गों व अल्पसंख्यकों के लिए अबतक किये गये कार्यों की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक की। बैठक में पूरी मजबूती से चुनाव लड़ने और विरोधियों के हर वार का माकूल जवाब देने की रणनीति बनी। पार्टी के चुनिंदा दर्जनभर नेताओं की बैठक में पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार ने नेताओं से कहा कि बिहार चुनाव 2025 खूब बढ़िया से लड़ना है। लोगों को सरकार द्वारा किये गये कार्यों के बारे में समझाना है। 2005 के बाद विभिन्न क्षेत्रों में आए बदलाव की जानकारी देने का टास्क सौंपा गया। शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, बिजली समेत हर सेक्टर में हुए कार्यों को बताया जाएगा।

### पहली बार वोट डालने वाले पर फोकस

युवाओं और पहली बार वोट डालने वाले यूथ पर भी जदयू फोकस करेगा। उन्हें भी सूबे में आए बदलाव की जानकारी दी जाएगी। उन्हें जंगलराज के बारे में बताया जाएगा। नीतीश कुमार ने 2005 में सूबे में एनडीए की सरकार बनने के बाद किस प्रकार बड़े बदलाव की पहल की और कैसे बिहार को विकास की राह पर दौड़ाया। पार्टी मानती है कि ये मतदाता 20 वर्ष पहले के बिहार को अच्छे तरीके से नहीं जानते। पार्टी के वरीय नेता इसकी लगातार मॉनिटरिंग भी करेंगे।

## जिले के पांच सीओ, चार बीएओ का वेतन बंद

**भागलपुर, एजेंसी।** बीते 14 अप्रैल से चल रहे डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान में शिथिलता पर बड़ी कार्रवाई की गई है। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने सोमवार को समीक्षा के क्रम में पांच अंचलाधिकारी (सीओ) और चार प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीएओ) को कार्य में अभिरुचि नहीं लेने और सहयोग नहीं करने का प्रथम दृष्टया दोषी पाया है। इसके लिए इन नौ पदाधिकारियों का वेतन बंद करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई भी करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा भवन में हुई बैठक में डीएम ने डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत महादलित टोलो में आयोजित विकास शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की स्थिति जानी। बैठक में राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, किसानों का पंजीकरण सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं के लाभ प्राप्त करने को लेकर दिए गए आवेदन सहित 22 प्रकार की सेवाओं के लिए विकास शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा प्रखंड वार बारी-बारी से की गई। इसी क्रम में कहलगांव, शाहकुंड, बिहपुर और सबौर के प्रखंड कृषि पदाधिकारी को किसानों के पंजीकरण में कोई अभिरुचि नहीं लेने के लिए वेतन बंद करते हुए विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया।

# अनोन्जा को मिली केन्द्रीय गृह मंत्रालय की प्रतिष्ठित बीपीआरडी फेलोशिप

**गया, एजेंसी।** दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस (एसएलजी) की शोधार्थी अनोन्जा प्रियदर्शिनी को भारत सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से पोषित प्रतिष्ठित बीपीआरडी फैलोशिप के लिए चयन हुआ है।

यह फेलोशिप देशभर से केवल दो शोधार्थियों को प्रदान की गई जो गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरडी) द्वारा अपराध विज्ञान, पुलिस विज्ञान एवं संबंधित विषयों में डॉक्टोरल अनुसंधान के लिए प्रदान की जाती है। पीआरओ मो. मुदस्सीर आलम ने बताया कि प्रियदर्शिनी एसएलजी के विभागाध्यक्ष और डीन प्रो. अशोक कुमार के पर्यवेक्षण में शोध कर रही हैं। प्रियदर्शिनी के शोध का शीर्षक अपराध रोकथाम के भविष्य को नियंत्रित करनाः भारत में भविष्य कहनेवाला पुलिसिंग के कानूनी और न्यायशास्त्रीय आयाम है। उनका शोध प्रेडिक्टिव पुलिसिंग जैसे उभरते हुए तकनीकी साधनों के



न्यायसंगत उपयोग के लिए कानूनी ढांचे को विकसित करने की दिशा में केंद्रित है। यह फेलोशिप प्रियदर्शिनी के चल रहे शोध परियोजना के लिए सहायक सिद्ध होगी, जिससे उन्हें क्षेत्रीय अध्ययन, तुलनात्मक विश्लेषण तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठनों के साथ सहयोग का अवसर मिलेगा।

शोध के तहत प्रियदर्शिनी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल प्रेडिक्टिव पुलिसिंग मॉडलों का अध्ययन करेंगी, जिनमें स्कॉटलैंड यार्ड (यूके), एफबीआई (अमेरिका), इजराइल पुलिस, और सिंगापुर पुलिस बल जैसे संगठन शामिल हैं। ये संस्थान कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित अपराध पूर्वानुमान प्रणालियों का उपयोग करते हुए जवाबदेही एवं कानूनी संतुलन बनाए रखते हैं, जो भारतीय संदर्भ में अनुकरणीय हो सकते हैं। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने फेलोशिप प्राप्त होने पर अनोन्जा को विशेष समारोह में पुरस्कृत करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# गांजा पीने के विवाद में दोस्त की गला रेतकर हत्या

### सुपौल में मर्डर के बाद थाना पहुंचा हत्यारा, गिरफ्तार,परिजन बोले-दूध बेचकर घर लौट रहा था



**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैरो ब्रह्मपुर वार्ड नंबर 4 में सोमवार देर शाम एक गांजा पीने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपने ही दोस्त की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान बैरो ब्रह्मपुर निवासी कपिलेश्वर सिंह के बेटे हरेराम सिंह(58) के रूप में हुई है। वहीं, घटना के बाद हत्यारा दोस्त थाना पहुंचकर पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

### दूध बेचकर घर लौट रहा था

मृतक के भाई कैलाश सिंह ने बताया कि हरेराम सिंह रोज की तरह दूध बेचकर देर शाम घर लौट रहा था। इसी दौरान उसके दोस्त पंकज सिंह से गांजा पीने को लेकर किसी बात पर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पंकज सिंह ने पास में ही रखे धारदार हथियार से हरेराम का गला रेत दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी पंकज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक और आरोपी एक-दूसरे के घनिष्ठ मित्र थे और अक्सर साथ रहते थे। दोनों के घर भी आमने-सामने हैं, जिस कारण यह घटना स्थानीय लोगों के लिए और भी चौंकाने वाली रही।

### गला रेतकर की हत्या

सदर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि यह मामला गला रेतकर हत्या का है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी साक्ष्यों को खंगाल रही है और जरूरी कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया में जुटी हुई है।

## अरवल एसपी के खिलाफ किशनगंज में गिरफ्तारी वारंट जारी

**किशनगंज, एजेंसी।** बिहार मेंअरवल जिले के वर्तमान एसपी डॉ. इमानुल हक मेंगनू के खिलाफ किशनगंज में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। यह आदेश केस नंबर सी-113/2023 की सुनवाई के बाद किशनगंज सीजेएम कोर्ट की ओर से जारी किया गया है। वर्ष 2023 में किशनगंज जिले में एसपी रहने के दौरान अधिवक्ता से बदतमीजी, गालीगलौज आदि के आरोपों की शिकायत पर सुनवाई के बाद सीजेएम कोर्ट ने वारंट जारी करते हुए वर्तमान पुलिस अधीक्षक व सदर थानाध्यक्ष को तामिला का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार किशनगंज व्यवहार न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ता छविलाल सिंह ने किशनगंज के तत्कालीन एसपी डॉ मेंगनू के खिलाफ 10 फरवरी 2023 को सीजेएम कोर्ट में वाद दायर कर शिकायत की थी। जिस पर सुनवाई के बाद सीजेएम कोर्ट ने वर्तमान अरवल एसपी के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी किया है। परिवादी अधिवक्ता छविलाल सिंह द्वारा दायर वाद के अनुसार आठ फरवरी 2023 को तत्कालीन एसपी ने उन्हें अपने कार्यालय में बुलाया। यहां एसपी ने उनके साथ गालीगलौज और अभद्रता की। जिसके बाद नौ फरवरी 2023 को एसपी के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया था। आमसभा में बताया गया कि पहले भी मेंगनू द्वारा अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव, प्रियंका कुमारी आदि के साथ इस तरह का व्यव्हार किया गया है। किशनगंज के वर्तमान एसपी सागर कुमार ने कहा कि सीजेएम कोर्ट द्वारा तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के खिलाफ जारी गिरफ्तारी जमानतीय वारंट का तामिला कराने का निर्देश सदर थानाध्यक्ष को दिया है। वहीं अरवल जिले में तैनात किशनगंज के तत्कालीन एसपी डॉ. मेंगनू ने कहा कि घटना के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। मुझे वारंट जारी होने की जानकारी अबतक नहीं मिली है।

# फैक्ट्री से जहरीला धुआं निकलने के विरोध में लोगों ने निकाला जुलूस

## नासरीगंज को प्रदूषणमुक्त करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददात




**दानापुर।** नगर परिषद क्षेत्र के नासरीगंज में फैक्ट्री से जहरीले धुआं निकालने के विरोध में मंगलवार को मोहल्ले के लोगों ने जुलूस निकाल कर विरोध किया। लोगों ने नासरीगंज को प्रदूषण मुक्त करने की मांग राज्य सरकार से की। इसका नेतृत्व नीरज कुमार ने किया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि नासरीगंज मोहल्ले घनी आबादी वाला क्षेत्र है और हजारों लोग रहते हैं। कई विद्यालयों में हजारों बच्चे पढ़ते हैं। लेकिन कई फैक्ट्रियों से निकाल रहे धुआं वातावरण को प्रदूषित कर रहा है और स्कूली बच्चों समेत स्थानीय लोगों को बीमार कर रहा है। लोगों ने बताया कि 24 घंटे निकल रही जहरीले धुआं से इलाके के बच्चों व वृद्ध लोग को खांसी, अस्थमा, कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहें हैं। आवासीय क्षेत्र व ग्रीन जोन से जहरीले धुआं फैलाने वाली फैक्ट्री को बंद करने की मांग राज्य सरकार से किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्रदूषण के शर्तों को उल्लंघन करने के कारण इसका पॉल्यूशन सर्टिफिकेट रद्द करने की मांग की। लोगों ने बताया कि नगर परिषद प्रशासन ने नासरीगंज मुहल्ले में कचरा डपिंग यार्ड कर वातावरण को और प्रदूषित किया जा रहा है। लोगों को सांस लेना मुश्किल हो रहा है। मौके पर राजेश कुमार चौधरी, मारुति नंदन सोसाइटी, न्यू मिथिला कॉलोनी, अनिल कुमार, मनबोध यादव, शिवम यादव, प्रेमचंद कुमार सिन्हा, अरविन्द कुमार सिंह देवेंद्र भगत, सुबोध सिंह, ललन सिंह,अमन कुमार, किसलय कुमार, बीरेंद्र कुमार समेत आदि मौजूद थे।

# मेट्रो की निर्माणाधीन चहारदीवारी से टकराया ऑटो, चालक समेत चार जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददात


**दानापुर।** थाना क्षेत्र के सगुना पुलिस चौकी के पास मंगलवार को दोपहर में ऑटो का संतुलन खोने से निर्माणाधीन मेट्रो कॉरिडोर की चारदिवारी से टकराने से चालक समेत चार यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जख्मी सभी को सगुना मोड निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि पटना की ओर से तेज रफ्तार में यात्री सवार ऑटो चालक ने संतुलन खो दिया और सगुना मोड के पास निर्माणाधीन मैट्रो कॉरिडोर की चारदिवारी में जोरदार धक्का मारा दिया और ऑटो चारदिवारी के अंदर घुसा गया जिससे ऑटो चालक व यात्री जख्मी हो गये और ऑटो में फंस गये। जख्मी चालक ध्रुव कुमार, यात्री सोनम सिन्हा व निर्मला देवी समेत एक अन्य यात्री जख्मी हो गये थे। ऑटो के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही सगुना यातायात चेक पोस्ट के सब इंस्पेक्टर तनिश कुमार शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए तीन यात्रियों और चालक को किसी तरह स्थानीय लोगों के सहयोग से बाहर निकाला। जख्मी चालक व यात्रियों को इलाज के लिए सगुना मोड निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यातायात थानाध्यक्ष सुमन प्रसाद ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना क्षेत्र के घोराहुआं में बीते 1 मई को आपसी विवाद को लेकर हिंसक झड़प में तीन लोग गंभीर रूप में जख्मी हुए थे जो पीएमसीएच रेफर किए गए थे। उस मामले में वादी जितेंद्र कुमार ने चार लोगों पर हत्या का प्रयास का मामला थाने में केस दर्ज कराया था, इस मामले में फरार आरोपी को लहसुना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जहाँ लहसुना थाना कांड सं-337/2025, के तहत कुंदन कुमार पिता-सहदेव मिस्त्री सा0-घोरहुआ की गिरफ्तारी की गई है। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

एक नजर

# शोकसभा का आयोजन



**छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आज सारण जिला के जेपी सेनानी एवं लोक समिति के सदस्यों द्वारा जेपी सेनानी कार्यालय प्रभु नाथ नगर में पहलगाम में मारे गये पर्यटकों के मृतात्मा के शांति के लिये एक शौक सभा का आयोजन किया गया। सैकड़ों जेपी सेनानी एवं लोक समिति के सदस्यों ने आक्रोश पूर्ण विचार रखा। नागेश्वर सिंह, योगेन्द्र सिंह, तेज नारायणन सिंह, अरुण मिश्रा, भारत सिंह गामा राम, हरिनारायण सिंह, रामेश्वर सिंह, राधा मोहन प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, जनार्दन प्रसाद, तारकेश्वर तिवारी, बागेश्वर गिरी, जितेन्द्र राय, सत्येंद्र कुमार, शशि भूषण सिंह, सुधीश मांझी अन्य ने उपस्थिती दर्ज कर पाकिस्तान की भर्त्सना की। अंत में जेपी सेनानी एवं लोक समिति जिला अध्यक्ष सवालिया गिरी ने पुरजोर रूप से पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात कही। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा कर मृतात्मा को शान्ति एवं स्वर्ग के लिए प्रर्थना की। चार प्रस्ताव सर्व समिति से पास कर प्रधान मंत्री के पास भेजने की जिम्मेदारी जिला जेपी सेनानी अध्यक्ष सवालिया गिरी को सौपा गया। पटना से आए लोक समिति के प्रदेश महामंत्री शिवजी सिंह ने प्रस्ताव तैयार कर एवं अपना विचार रखा।

# ट्रांसफर के बावजूद पुराने स्थल पर ही जमे हैं पुलिस पदाधिकारी

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना एसएसपी द्वारा जिले के कई पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण किये जाने के बाद भी थाना में जमे हुए है. इसके बाद भी कई पुलिस अधिकारियों पुराने स्थान पर ही जमे हुए हैं। इसके बावजूद भी स्थानांतरित पुलिस अधिकारियों एसएसपी के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं और अपने पुराने स्थान पर जमे हुए हैं। एएसपी ने पिछले 14 अप्रैल को जिले के 402 एसआई व एएसआई का स्थानांतरण किया गया था। इसके बाद भी शाहपुर समेत कई थाने के पुलिस पदाधिकारियों स्थानांतरण के बाद भी अपने पदस्थापन स्थान पर योगदान नही किया गया है। इसको लेकर नगर में चर्च का विषय बना हुआ है।

# पत्थरबाजी कर पुलिस वाहन को क्षतिग्रस्त मामले में सात गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** छबिलापुर थानाक्षेत्र स्थित बाजार में सड़क हादसे में एक युवक की मौत को लेकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस वाहनों पर, भीड़ द्वारा की गई पत्थरबाजी से क्षतिग्रस्त वाहन मामले में पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया है। अज्ञात 50 हमलावरों के तलाश में पुलिस जुटी है। इस बाबत राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया, कि छबिलापुर पुलिस को सड़क हादसे में हुई एक युवक की मौत के बाद, जैसे हीं पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तो पाया गया कि छबिलापुर बाजार स्थित अंडवस मोड़ के पास शिव मंदिर के नजदीक लोगों की भीड़ इकट्ठा होकर सड़क जाम पर बैठे है। जैसे ही पुलिस वहां पहुंची तो भीड़ में शामिल लोग पुलिस अपने अपने हाथ मे ईट पत्थर लेकर पुलिस गाड़ी तरफ दौड़े। तथा पुलिस बल से हाथापाई और गाली गलौज करने लगे और पुलिस गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस बल का हथियार छीनने का भी प्रयास किया गया। सड़क किनारे लगी हुई सरकारी बोर्ड तथा अन्य समानो को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 में ड्यूटी जा रहे पुलिस पदाधिकारियों पर भी भीड़ द्वारा हमला किया गया। जिसमें उनकी गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हुई। उन्होंने कहा बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय चैकीदार की मदद से भीड़ में शामिल व्यक्तियों में से 14 व्यक्ति की पहचान की गयी। जिसमें 07 की गिरफ्तारी की गई। तथा अन्य 40-50 अज्ञात व्यक्तियों की पहचान नहीं हो सकी। अनुसंधान के क्रम मे त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त सुदामा कुमार उर्फ सुदामा यादव उम्र 25 वर्ष पिता स्व. फेंकू यादव, नीरज कुमार उर्फ नीरज यादव उम्र 19 वर्ष पिता विशू यादव उर्फ विष्णुदेव यादव, राजेश कुमार उर्फ राजेश यादव उम्र 27 वर्ष पिता उमेश यादव, नगीना यादव उम्र 30 वर्ष पिता कैलू यादव, पिंटू भारती उर्फ शैलेन्द्र कुमार भारती उम्र 38 वर्ष पिता जयराम भारती, धर्मेन्द्र कुमार उर्फ धनंजय कुमार उम्र 25 वर्ष पिता अरूण यादव, धीरेन्द्र कुमार उर्फ धीरेन्द्र प्रसाद उम्र 31 वर्ष पिता रामजी यादव सभी साकिन छबिलापुर थाना छबिलापुर जिला नालंदा को हिरासत में लिया गया है। अन्य के विरूद्ध छापामारी की जा रही है। 40- 50 अन्य अज्ञात को पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# जहानाबाद की सलोनी बनीं बिहार रग्बी टीम की शान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले की बेटी सलोनी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। जिले के परसबिगहा थाना क्षेत्र के घोषी गांव की सलोनी का चयन बिहार रग्बी टीम में हुआ है और वह 4 से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। सलोनी, आकाश रग्बी फुटबॉल क्लब मोहनपुर में कोच अविनाश कुमार के मार्गदर्शन में लगातार अभ्यास कर रही थीं। बचपन से ही खेलों के प्रति रुचि रखने वाली सलोनी की प्रतिभा को कोच अविनाश ने पहचाना और उनके माता-पिता से मिलकर उन्हें रग्बी में प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया। सलोनी का सफर जिला स्तर से शुरू होकर स्टेट और फिर नेशनल तक पहुंचा। वे पहले ही नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं और जहानाबाद जिले की पहली महिला रग्बी गोल्ड मेडलिस्ट बन चुकी हैं। अब वह बिहार की टीम में शामिल होकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लेंगी।

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया नेशनल हाईवे 22 पर पुनपुन थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव के समीप सोमवार की देर रात को दो बाईको की सीधी टक्कर में बाइक पर सवार एक की मौत जबकी तीन गंभीर रूप में जख्मी है। जिसका इलाज पीएमसीएच में चल रहा है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि मृतक गर्दनीबाग का रहने वाला है जबकि अन्य जो जख्मी है वह नालंदा जिला का रहने वाला है सभी का नाम पता की जानकारी ली जा रही है। घटना कैसे घटी है इसकी पूरी जानकारी ली जा रही है।

# हनुमान नगर में एक ही रात तीन घरों में चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा, 6 मई। नगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया हनुमान नगर में सोमवार की रात चोरी की तीन वारदातों ने इलाके में सनसनी फैला दी। चोरों ने एक ही रात में तीन अलग-अलग घरों को निशाना बनाकर नकदी, जेवरात, मोबाइल और अनाज तक चुरा लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। बताया जाता है कि लग्न का मौसम होने के कारण कई परिवार देर रात तक बाहर थे और देर से लौटे। सुबह जब लोग जगे तो घरों के भीतर की स्थिति देखकर उनके होश उड़ गए। कझिया निवासी अशोक सिंह के घर में चोर छत के रास्ते घुसे और घर में रखे मोबाइल फोन, सोने का मंगलसूत्र, चैन, मनी पर्स सहित कीमती सामान लेकर फरार हो गए। इसी घर के पास एक अन्य मकान में भी चोरों ने वारदात को अंजाम दिया, जहां एक बच्चे से मोबाइल फोन छीन लिया गया। तीसरे घर में चोरों ने घर के भीतर रखे तीन बोरी गेहूं तक उठाकर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन चोरों का कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि कई मकानों में ऐसे किरायेदार रह रहे हैं जिनकी कोई ठोस पहचान या दस्तावेज नहीं है।

# मृतक के आश्रित को ग्रामीण बैंक ने किया बीमा राशि का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** अस्थावां प्रखंड के चुलिहारी निवासी स्व. अनीता देवी के आश्रित जीतेन्द्र मिस्त्री को बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय बिहारशरीफ के अंतर्गत शाखा उगावां द्वारा रूपए दो लाख प्रदान किए गए। स्व. अनीता देवी बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा उगावां में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में पंजीकरण करायी थी। उनकी आकस्मिक मृत्यु होने के कारण उनके नामिती जीतेन्द्र मिस्त्री द्वारा दो लाख का दावा के लिए आवेदन दिया गया। परिणाम स्वरुप दो लाख रूपए उनके खाता में प्राप्त हुआ।

# पुलिस बल पर गोलीबारी मामले में दो और गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बीते दिनों पुलिस पर गोलीबारी करने के आरोप में पुलिस ने फिर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फरार चल रहे अन्य आरोपितों के घर पर पुलिस ने न्यायालय से निर्गत गिरफ्तारी वारंट का इश्तिहार चिपकाया। इस मामले में हिलसा 2 डीएसपी इसलामपुर गोपाल कृष्णा ने पत्रकारों को बताया कि बीते दिनों 29 अप्रैल को इसलामपुर थाना क्षेत्र के बरडीह गांव के पश्चिम खंधा मे कुछ अपराधियों द्वारा एकत्रित होकर शराब पीने की पुलिस को सूचना मिली थी। पुलिस द्वारा सूचना के आलोक में छापेमारी कर अपराधियों को गिरफ्तार करने गए पुलिस वालो पर अपराधियों ने गोलीबारी करना शुरू कर दिया।



जिसमें दो पुलिस पदाधिकारी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद नालन्दा पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के आदेश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठन किया गया। जिसमें पुलिस टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर इस घटना में शामिल दो अपराधियों को पुलिस ने जहानाबाद जिला के टेहटा थाना क्षेत्र धीरा बिगहा गांव से गिरफ्तार कर हिलसा न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार दोनों अपराधी इसलामपुर थाना क्षेत्र के रोहीणपर गांव निवासी महेंद्र यादव का पुत्र चंदन कुमार वही दूसरा इसी गांव का सत्येंद्र यादव का पुत्र किशु कुमार शामिल है। डीएसपी गोपाल कृष्णा ने बताया कि वही वही फरार चल रहे कई नामजद आरोपितों के घर पर पुलिस ने न्यायालय से निर्गत गिरफ्तारी वारंट का इश्तेहार चिपकाया गया है।

# भाकपा माले की बैठक

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले पटना जिला ग्रामीण कमेटी की दो दिवसीय बैठक 5-6 मई को पुनपुन प्रखंड के राजघाट नवादा में संपन्न हुई, जिसमें सांप्रदायिक फासीवादी हमले के खिलाफ भाकपा माले को मजबूत करो संकल्प के साथ बैठक की शुरुआत हुई। बैठकों में सबसे पहले पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में व भाकपा माले के वरिष्ठ नेता जनमत के पूर्व संपादक कामरेड अग्नि पुष्प व इस दौर में गुजर चुके तमाम लोगों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक चल पार्टी स्थापना दिवस अभियान की समीक्षा की गई। बुथ लेवल एजेंट प्रत्येक बूथ पर बहाल करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने जाने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का रिपोर्ट जारी करते हुए जनता के बीच सधन अभियान चलाने की चर्चा हुई, उसके साथ-साथ 10 मई को साझी शहादत साझी विरासत कार्यक्रम को सफल बनाने के एजेंडे पर चर्चा हुई। बैठक में फुलवारी विधायक गोपाल रविदास, कमलेश कुमार, जयप्रकाश पासवान, सतनारायण प्रसाद, माधुरी गुप्ता सुरेंद्र पासवान कृपा नारायण सिंह श्रीकांत दास महेश यादव, अकलू पासवान श्री भगवान पासवान निरंजन वर्मा, बिनेश चौधरी आदी शामिल रहे।

# आशीर्वाद ने लांच किया नया फ्रेश मसाला छाछ

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो )।** पूर्वी भारत का लोकप्रिय डेयरी ब्रांड आशीर्वाद, अब बिहार में अपने फ्रेश डेयरी प्रोडक्ट्स की रेंज को और भी मजबूत करते हुए मसाला छाछ 10 रुपये के किफायती दाम पर लेकर आया है। गर्मियों की शुरुआत मे यह नई पेशकश एकदम सही समय पर आई है, जो स्वाद और ताजगी का बढ़िया मेल पेश करती है। आशीर्वाद ने इस खास लॉन्च के साथ एक बार फिर दिखाया है कि वो अपने उपभोक्ताओं को बढ़िया क्वालिटी, किफायती दाम, भरोसा और अनोखा स्वाद देने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। आशीर्वाद मसाला छाछ खासतौर पर बिहारी स्वाद के लिए स्थानीय स्तर मे ही तैयार किया गया है, जिस से आपको मिले ताजगी भरा घर जैसा एहसास। छाछ में जीरा, काली मिर्च और काले नमक जैसे मसालों का स्वादिष्ट मिश्रण किया गया है, जो न केवल अपने विशिष्ट स्वाद, बल्कि पाचन संबंधी लाभों के लिए भी पसंद किए जाते हैं। चाहे इसे दोपहर के समय ठंडक पाने के लिए उपयोग करें, या भोजन के बाद ताजगी देने वाले पेय के रूप में, आशीर्वाद मसाला छाछ पारंपरिक स्वाद का एक संपूर्ण मिश्रण है, जो इसे गर्मियों के मौसम के लिए एक आदर्श साथी बनता है।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स की पहली पाली में हरियाणा व दूसरी पाली में कर्नाटक व महाराष्ट्र आगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कबड्डी प्रतियोगिता में पूल ए में अंडर 18 महिला कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने 36 अंक एवं छत्तीसगढ़ मेंटर की टीम ने 23 अंक प्राप्त किया। पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा के टीम ने 37 एवं आंध्रप्रदेश की टीम ने 28 अंक प्राप्त किए। पूल बी में अंडर 18 पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में बिहार ने 36 अंक एवं राजस्थान ने 56 अंक प्राप्त किया। महिला कबड्डी प्रतियोगिता में ने बिहार की टीम ने 23 अंक एवं तमिलनाडु 33 ने अंक प्राप्त किया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के बारे में खेलो इंडिया यूथ गेम्स भारत सरकार एवं राज्य सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसकी शुरुआत 14 अक्टूबर 2017 को हुई थी। इसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। 2025 का संस्करण सातवां है और इसमें 27 खेलों को शामिल किया गया है। पहली बार यह प्रतियोगिता बिहार में हो रही है। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दूसरी पाली में कबड्डी प्रतियोगिता में पूल ए में अंडर 18 महिला कबड्डी प्रतियोगिता में पंजाब की टीम ने 32 अंक एवं छत्तीसगढ़ मेंटर की टीम ने 21 अंक प्राप्त किया। पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में कर्नाटक के टीम ने 43 एवं छत्तीसगढ़ की टीम ने 39 अंक प्राप्त किए। पूल बी में अंडर 18 पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में गोवा ने 25 अंक एवं महाराष्ट्र ने 50 अंक प्राप्त किया। महिला कबड्डी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम ने 51 अंक एवं असम ने 21 अंक प्राप्त किया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के बारे में खेलो इंडिया यूथ गेम्स भारत सरकार एवं राज्य सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसकी शुरुआत 14 अक्टूबर 2017 को हुई थी। इसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। 2025 का संस्करण सातवां है और इसमें 27 खेलों को शामिल किया गया है। पहली बार यह प्रतियोगिता बिहार में हो रही है।



# बिक्रम सीओ को किया सम्मानित

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल में बीते फ़रवरी महीने में 75 से अधिक दिनों से लंबित करीब 1900 मामले लंबित थे, जो अब शून्य हो गया है। गौरतलब है कि बिक्रम में अब 75 से अधिक दिनों के एक भी मामले लंबित नहीं है जिसके लिए डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने अंचलाधिकारी स्वयंप्रभा को समाहरणालय स्थित सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# चार खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** कराटे के क्षेत्र में जिले को गर्व महसूस कराने वाली खबर सामने आई है। यूनिक शोतो कान कराटे एसोसिएशन इंडिया की टीम 5 मई की रात प्रतियोगिता से विजयी होने के बाद लौटकर जब जहानाबाद पहुंची, तो रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का भव्य स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में जिले के पांच प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से चार खिलाड़ियों - आस्था कुमारी कश्यप, गौरव कुमार वर्मा, आर्यन कुमार गुप्ता (बिलियन स्कूल, मखदुमपुर), और कुणाल सिंह आर्य (डीएवी स्कूल) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रेफरी की भूमिका निभा रहे अन्नू शक्ति सिंह और वेद प्रकाश रंजन को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही यूनिक शोतो कान कराटे एसोसिएशन इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक क्योशी अन्नू शक्ति सिंह को इंडिया ऑर्गनाइजेशन द्वारा नाना दान ( 7वीं डिग्री ) की उपाधि से नवाजा गया, जो एक बड़ी उपलब्धि है। क्योशी अन्नू शक्ति सिंह ने कहा कि खिलाड़ी निरंतर मेहनत कर रहे हैं, लेकिन अगर अभिभावकों का सहयोग पूरी तरह मिले तो ये बच्चे राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का नाम रोशन कर सकते हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले भर में खुशी की लहर है, और लोग लगातार उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।





## पूर्व रेलवे

### नीलामी आमंत्रण सूचना

**सं.: सीओएम/सीएटीजी/एमएफवी/एचडब्ल्यूएच/2025, दिनांक: 02.05.2025.** मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 4वीं मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा स्टेशन पर मोबाइल फूड वैन के 05 वर्षों के लिए आवंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए ई-नीलामी पट्टा मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर जाएं। नीलामी का विवरण:- **नीलामी सूची क्रम.: एमएफवी-एचडब्ल्यूएच-2025-1; अनुक्रम सं.; लॉट सं./श्रेणी; विवरण और समापन तिथि/समय** क्रमानुसार:- **एए/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एसटीजीईन-17-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं-स्थिर सामान्य); 05 वर्षों के लिए मोबाइल फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (स्थान-हावड़ा स्टेशन, पीएफ 15 के पास मेट्रो सबवे के पीछे); 19.05.2025 को 12:30 बजे; **एए/2;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एसटीजीईन-18-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं-स्थिर सामान्य); 05 वर्षों के लिए मोबाइल फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (स्थान-हावड़ा स्टेशन, स्नैप-ई पार्किंग के पास); 19.05.2025 को 12:40 बजे; **एए/3;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एसटीजीईन-19-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं-स्थिर सामान्य); मोबाइल का निर्माण, संचालन और रखरखाव। 05 वर्षों के लिए फूड वैन (स्थान-हावड़ा स्टेशन, राष्ट्रीय ध्वज वाले पार्क के पास); 19.05.2025 को 12:50 बजे; **दर इकाई:** सभी अनुक्रम संख्याओं के लिए वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क; **न्यूनतम वृद्धि (%):** सभी अनुक्रम संख्याओं के लिए 0.2; ईएमडी: सभी अनुक्रम संख्याओं के लिए 10%; **आवश्यक टर्नओवर:** सभी अनुक्रम संख्याओं के लिए 0.

(HWH-68/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## वॉक-इन-इंटरव्यू का निरसन

**विज्ञापन सं. एसईआर/पी-एडीए/डब्ल्यूईएलएफ/रेलवे स्कूल/कंट्रैक्चुअल स्टॉफ/25-26, दिनांक 28.03.2025**

आद्रा मंडल में अनुबंध के आधार पर 26 संख्यक (पीजीटी-05, टीएफटी-17 एवं पीआरटी-04 संख्यक) शिक्षकों की नियुक्ति हेतु दिनांक 16.04.2025, 17.04.2025 एवं 22.04.2025 को निर्धारित पूर्व प्रकाशित वॉक-इन-इंटरव्यू कुछ अपरिहार्य कारणवश अगली सूचना दी जाने तक **निरस्त** कर दी गई है।

(PR-124/C) वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, आद्रा

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

## एटीवीएम समन्वयकों की नियुक्ति

**सूचना सं.: सी206/यूटीएस/एटीवीएम/फैसिलिटेटर/1/25, दिनांक: 05.05.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा आद्रा मंडल के तहत विभिन्न स्थानों पर एटीवीएम समन्वयकों को आमंत्रित किया जाता है। **कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल के तहत **08 (आठ) स्थानों (आद्रा, बर्नपुर, पुरुलिया, बोकारो, बाँकुड़ा, बिष्णुपुर, चंद्रकोना रोड एवं गड़बेता)** में एटीवीएम के प्रसार तथा एटीवीएम की विशेषताओं के बारे में यात्रियों को अवगत कराने हेतु 02 (दो) वर्षों की अवधि के लिए एटीवीएम समन्वयकों की नियुक्ति। सभी विवरण **www.ser.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति वेबसाइट से प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.05.2025 को अपराह्न 1.00 बजे।

(PR-123) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

Page 3_16.12.2018 PAGE-04.qxd 06-05-2025 21:40 Page 1



# पटना सहित छह शहरों में मॉक ड्रिल आज

## पुलिस वाहन से भी बजेगा सायरन

## प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपेक्षा की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में युद्ध की स्थिति को देखते हुए तैयारी शुरू कर दी गई है। गृह मंत्रालय ने मॉक ड्रिल के लिए देश के शहरों की सूची जारी कर दी है। इसमें बिहार के छह हैं।

युद्ध की तैयारी को लेकर मंगलवार को पटना के जिलाधिकारी डा. चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी अवकाश कुमार ने समाहरणालय में मीडिया को संबोधित किया। गृह मंत्रालय के अनुसार बिहार के पूर्णिया, बेगूसराय, बरौनी और पटना में बुधवार को मॉक ड्रिल कराई जाएगी।

पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि गृह मंत्रालय के निर्देश पर पटना शहर में 80 स्थानों पर बुधवार शाम सायरन बजाया जाएगा। शाम 7 बजे से 7.10 बजे तक 80 जगहों पर सायरन बजेगा। इस दौरान पूरी तरह ब्लैक आउट रहेगा।

मॉक ड्रिल के दौरान बिजली काट दी जाएगी। घरों की लाइट भी बंद रहेगी। डीएम और एसएसपी ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान लोगों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें युद्ध को लेकर तैयारी कर लेनी है। अगर परिस्थिति बनी तो हम कैसे रहेंगे, ये पता करना है।

जिलाधिकारी ने बताया कि चार स्थानों पर स्थायी और अन्य जगह पुलिस के वाहन से सायरन बजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सायरन बजाने के लिए फायर ब्रिगेड की भी मदद ली जाएगी। इस दौरान पूरी तरह से ब्लैक आउट रहेगा। शहर में कहीं बिजली नहीं रहेगी।

जिलाधिकारी डा. चंद्रशेखर सिंह ने अपील की कि अगर किसी सूरत में लोगों को घर में लाइट जलानी है, तो पर्दे लगाए रहें, ताकि बाहर रोशनी नहीं जाए। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल को लेकर किसी को घबराने की जरूरत नहीं है।

# अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** जिले के दो अलग-अलग जगहों पर मंगलवार को हुए सड़क हादसे में दो व्यक्ति की मौत हो गई है। पहली घटना नोखा थाना क्षेत्र से सामने आई है, जहां आरा-सासाराम पथ पर सत्तरबीगहवा के समीप एक चलती ऑटो से गिरकर घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान नोखा थाना क्षेत्र के तराड़ गांव निवासी 55 वर्षीय रामप्रवेश राम के रूप में हुई है।बताया जाता है कि मृतक ऑटो पर सवार होकर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए चेनारी जा रहे थे। तभी आरा-सासाराम पथ पर सत्तरबीगहवा के समीप वे अचानक ऑटो से नीचे गिर गये। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें नोखा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया और ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। दूसरी घटना भी नोखा थाना क्षेत्र में ही घटित हुई। घटना के संदर्भ में मृतक के छोटे भाई ने बताया कि नोखा निवासी उनके भाई सुरेंद्र राय मंगलवार को ट्रैक्टर पर सवार होकर ईंट लाने के लिए सासाराम जा रहे थे। तभी आरा-सासाराम पथ पर पेनार गांव के समीप एक बेकाबू कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे 42 वर्षीय सुरेंद्र राय ट्रैक्टर से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना में कार सवार व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिनका फिलहाल इलाज चल रहा है और घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची नोखा थाने की पुलिस ने दोनों वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।नोखा थाना क्षेत्र में हुए दोनों सड़क हादसों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव का सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# जिले के 24 में 18 प्रखंडों में बीईओ का पद रिक्त

## 3378 विद्यालयों में सात लाख बच्चे हैं नामांकित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** जिले के 24 प्रखंड में 3378 प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय है। जहां करीब सात लाख छात्र -छात्रा नामांकित हैं। जिन्हें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए विद्यार्थियों के संख्या के अनुसार शिक्षक नियुक्त है।

सभी विद्यालय का प्रशासन, निरीक्षण एवं पर्यवेक्षक करना होता है। इसकी जिम्मेदारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सौंपी गई है। लेकिन बीईओ का पद रिक्त रहने के कारण स्कूल की निगरानी नहीं होती। जिसका जबरदस्त प्रभाव बच्चों के पठन-पाठन पर पड़ रहा है। ऐसी ही स्थिति उत्पन्न है जिले के 24 में 18 प्रखंड में, जहां बीईओ का पद काफी दिनों से रिक्त है। वहीं चार प्रखंड भगवान भरोसे चल रहा है।

जिला मुख्यालय से करीब 90 किमी की दूरी पर स्थित डुमरिया, इमामगंज, बांके बाजार, आमस, शेरघाटी, डोभी, गुरूआ, परैया, टनकुप्पा, कोंच, खिजरसराय, बेलागंज, बोधगया,चंदौती प्रखंड में बीईओ की कुर्सी खाली हो गई। जिसका स्थाई निदान करने की पहल शिक्षा विभाग द्वारा नहीं किया गया।

केवल अतिरिक्त प्रभार देकर किसी तरह कोरम पूरा किया जा रहा है। डीईओ कार्यालय में कार्यरत कई डीपीओ को बीईओ के अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। लेकिन दूरी के वजह नियमित विद्यालय का जायजा लेने नहीं जाते। जिसके कारण विद्यालय संबंधित कार्य को लेकर शिक्षकों को जिला मुख्यालय आना पड़ता है। जो उन्हें काफी महंगा पड़ता है।

डीईओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मोहड़ा, बथानी, मानपुर एवं अतरी में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की कुर्सी काफी दिन से खाली है। जिसपर किसी अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार नहीं सौंपा गया है। बीईओ के अभाव में उक्त प्रखंड के शिक्षकों को काफी परेशानी उठाने पड़ते हैं।

विद्यालय से संबंधित किसी कार्य को कराने के लिए डीईओ कार्यालय ही जाना पड़ता है। यहां के शिक्षकों ने बीईओ के रिक्त पद को भरने के लिए काफी दिन से शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से कह रहे हैं। लेकिन निराकरण करने की पहल नहीं की जा रही है।

बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन गोपगुट के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार का कहना है कि बीईओ का पद रिक्त रहने से शिक्षकों को काफी परेशानी हो रही है। शैक्षिक गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं का मूल्यांकन नहीं हो रहा है। शिक्षा प्रणाली में सुधार करने के लिए शिक्षकों के साथ बीईओ का समन्वय नहीं हो रहा है। जिसका प्रभाव शिक्षा पर जबरदस्त पड़ रहा है।

# मेयर के पति पर रंगदारी की प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** मोतिहारी नगर निगम की मेयर प्रीति गुप्ता के पति देवा गुप्ता समेत 15 लोगों के खिलाफ नगर थाने में सोमवार को संगठित अपराध, धोखाधड़ी व रंगदारी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के साथ पुलिस कार्रवाई तेज हो गई है।

मामले में आरोपित लोगों की खोज में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने मेयर पति देवा गुप्ता समेत सभी 15 आरोपितों की खोज में एक साथ बारह स्थानों पर छापामारी की है।

छापामारी के दौरान कहीं से किसी आपत्तिजनक वस्तु, दस्तावेज की जब्ती या किसी के पकड़े जाने की सूचना नहीं है।

बताया गया है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद तत्काल पुलिस की टीम ने सोमवार की शाम देवा गुप्ता के आवास, मेयर प्रीति गुप्ता के आवासीय कार्यालय, गांधीनगर रमना के अलावा शहर के प्रधान पथ स्थित अलग-अलग ठिकानों को खंगाला। इनमें कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल हैं। वैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पुलिस की नजर है, जिनके संचालक देवा के कनेक्शन के लोग हैं।

शहरी क्षेत्र के अलावा मुफस्सिल थानाक्षेत्र के पतौरा, ढाका व अरेराज अनुमंडल के गोविंदगंज व संग्रानपुर स्थित देवा व उसके साथियों के संभावित ठिकानों को पुलिस ने खंगाला है।

छापामारी का नेतृत्व सदर-वन के अपर पुलिस अधीक्षक शिवम धाकड़ कर रहे हैं। सभी स्थानों के लिए अलग-अलग पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में टीम बनाई गई है। सभी टीमों द्वारा देर रात तक छापेमारी की जा रही थी। पुलिस की टीम स्थानीय स्तर पर कार्रवाई करने के साथ ही दिल्ली में रह रहे देवा के साथियों के ठिकानों को खंगालने के लिए जाने की तैयारी में है।

बताते हैं कि प्राथमिकी में वर्णित तथ्यों के आधार पर पुलिस सबूत तलाश रही है। पुलिस की टीम को पुलिस अधीक्षक ने बिंदुवार निर्देश दिए हैं।

# आरा से चलने वाली कामाख्या एक्सप्रेस सहित तीन ट्रेनों की बढ़ेगी रफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत आरा जंक्शन से स्पेशल के तौर पर चलाई जा रही 03319/20 आरा राजेंद्र नगर कामाख्या कैपिटल एक्सप्रेस, 03347/48 आरा पटना कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस तथा 03303/04 आरा दानापुर जयनगर इंटरसिटी की रफ्तार अब बढ़ने जा रही है।

वर्तमान में यह सभी स्पेशल गाड़िया होने की वजह से पटना, दानापुर-आरा सेक्शन के बीच इनकी अधिकतम स्पीड 110 किलोमीटर प्रतिघंटे निर्धारित की गई थी।

इन सभी ट्रेनों का परिचालन एलएचबी रैक के साथ किया जाता है, जो 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने में सक्षम है।

फिलहाल यह ट्रेन आरा से चलने वाली स्पेशल अक्सर डाउन में लेट-लतीफी का शिकार हो जाती है, लेकिन अधिकतक स्पीड अब 130 किलोमीटर प्रति घंटा हो जाने से काफी हद तक समय से परिचालन करने में मदद मिलेगी। पटना-डीडीयू सेक्शन पर चलने वाले दो जोड़ी नियमति ट्रेनों की भी रफ़्तार अब 110 से बढ़ाकर 130 कर दी गई है, जिनमें 12741/42 वास्को डी गामा पटना साप्ताहिक एक्सप्रेस और 17609/10 पटना पूर्णा एक्सप्रेस शामिल है।

ये दोनों ट्रेनें लंबी दूरी की है। अब रफ्तार बढ़ने से इनके परिचालन और समय पालन में काफी सुधार तो होगा ही, आने वाली नई समय-सारणी में यात्रा समय में भी बचत होगी। दानापुर मंडल के एडीआरएम ऑपरेशन आधार राज ने बताया कि दानापुर मंडल में 11 जोड़ी से अधिक ट्रेनों की रफ्तार 110 से बढ़ाकर 130 कर दी गई है, जिससे समय पालन और परिचालन दक्षता में काफी सुधार देखने को मिलेगा।

वहीं, दानापुर मंडल के द्वारा कई जगहों पर ट्रैक रिन्यूअल का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत टीएसआर और पीएसआर जैसे अवरोधों को धीरे-धीरे हटाया जा रहा है।

इसका सीधा असर आने वाले समय में और अधिक ट्रेनों की अधिकतम स्पीड में बढ़ोतरी के रूप में देखने को मिलेगा।

## सड़क किनारे से अज्ञात शव बरामद

**पूर्णिया।** पूर्णिया के मरंगा में सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव को देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। शव करीब 29 साल के युवक की है। घटना के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पूर्णिया जीएमसीएच भेजा है। जहां शव की पहचान के लिए 72 घंटे के लिए पोस्टमॉर्टम हाउस में सुरक्षित रखा जाएगा। शव मरंगा थाना क्षेत्र के हरदा के मुढ़ी मील के पास सड़क किनारे मिला है।

घटना की जानकारी देते हुए स्थानियों ने बताया कि मुख्य मार्ग से होकर गुजरते हुए उनकी नजर सड़क किनारे पड़े एक शव पर पड़ी। उसके शरीर पर चोट के निशान थे और कमीज फटा हुआ था। जैसे किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी हो। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद स्थानियों ने पुलिस को कॉल कर घटना की सूचना दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पूर्णिया ले आई।

# 25 दिनों से लापता मासूम का सुराग नहीं

## परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, अनहोनी की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र के खजुरा पंचायत के सरैया गांव से एक मासूम बच्चा एक महीने पहले चोरी हो गया था, लेकिन अब तक पुलिस को उसका कोई सुराग नहीं मिला है। बच्चे के माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है। मां अपने बेटे को पाने के लिए बहुत परेशान है और बार-बार बेहोश हो जा रही है। बताया गया है कि 13 अप्रैल को सरैया गांव के विक्की यादव का 18 महीने का बेटा आर्यन यादव कर्मनाशा बाजार से अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया था। तब से अब तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है।

मासूम बच्चे की मां ने दुर्गावती थाने में आवेदन देकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। मां का कहना है कि उसका बच्चा लगभग एक महीने पहले चोरी हुआ, लेकिन अब तक पुलिस उसे नहीं ढूंढ पाई है। वह डर और गम में इधर-उधर भटक रही है, लेकिन पुलिस इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही। मां ने रोते हुए कहा, अगर मुझे कुछ हो गया तो इसकी ज़िम्मेदार पुलिस होगी।

इस मामले में खजुरा पंचायत के मुखिया संजय मल्होत्रा भी नाराज दिखे। उन्होंने बताया कि बच्चे की मां उनसे मदद मांगने आई थी। उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा, यह बहुत दुख की बात है कि एक महीने हो गया, लेकिन मासूम चिराग (आर्यन यादव) का अब तक कोई सुराग नहीं है। पुलिस इस मामले में लापरवाह दिख रही है। अगर जल्द ही बच्चे को बरामद नहीं किया गया, तो मैं थाने का घेराव करूंगा और जबरदस्त आंदोलन करूंगा।

# दो चिकित्सकों सहित थानाध्यक्ष पर लगा जुर्माना

## झूठा साक्ष्य पेश करना पड़ा भारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** एसडीजेएम कोर्ट शेरघाटी में मंगलवार को डुमरिया थाना कांड संख्या 26/14 के मामले में धर्मेंद्र कुमार की चिकित्सा जांच की झूठी रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने के मामले में दो डॉक्टर और थानाध्यक्ष पर जुमार्ना लगाया।

कोर्ट ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांके बाजार के डॉक्टर अवधेश कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल की डॉक्टर अर्चना कुमारी एवं मैगरा थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष सौरभ कुमार के विरुद्ध 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

कोर्ट ने ट्रेजरी ऑफिसर को निर्देशित किया है कि तीनों व्यक्तियों के वेतन से जुमार्ने की कुल राशि 30 हजार रुपये वसूल करके बंदी धर्मेंद्र कुमार के खाते में जमा करवाएं। इस मामले को लेकर एसडीजेएम कोर्ट शेरघाटी में बंदी के पत्नी के बयान पर मिसलेनियस केस. 1/25 खोला गया था।

विदित हो कि 29 जनवरी 25 को डुमरिया थाना कांड संख्या 26/14 में धर्मेंद्र कुमार को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। बंदी के चेहरे पर मारपीट और सूजन के चिन्ह पाए गए थे। तत्पश्चात कोर्ट ने उसकी मेडिकल जांच के लिए अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी भेजा। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अर्चना कुमारी ने उसे इंजेक्शन लगाया। इसके बाद अपने रिपोर्ट में उसे फिट बताया।

इससे पूर्व बांके बाजार के चिकित्सक डॉ. अरविंद कुमार ने बगैर पीड़ित को देखे उसे फिट होने का सर्टिफिकेट दे दिया। तत्पश्चात पीड़ित को जेल भेजा गया। जहां जेल में तैनात चिकित्सक डॉ. रघुनंदन कुमार ने उसकी स्वास्थ्य जांच की।

जांच में उसके चेहरे, पीठ, गर्दन आदि पर चोट के निशान होने की बात बताई। तत्पश्चात उसे एक्स-रे के लिए शेरघाटी अस्पताल भेजा और उसका इलाज शुरू किया। इधर, कोर्ट ने कहा है की पीड़ित के द्वारा कोर्ट के समक्ष आवेदन देकर बताया गया है कि मैगरा थानेदार के द्वारा 28 जनवरी 2025 को उसे गिरफ्तार करने के बाद जगह-जगह पर ले जाकर उसे साथ लात, घूसे, फैट से मारपीट की गई।

## कड़ी सुरक्षा में रखे गये राजद विधायक

*नवबिहार टाइम्स संवाददाता*

***पटना।** जेल में बंद राजद विधायक रीतलाल यादव से मिलना आसान नहीं होगा। कड़े पहरे में रखे गए विधायक से मिलने के लिए मुलाकातियों को उनसे अपने संबंध उजागर करने होंगे।*

*साथ ही एक सप्ताह पहले रजिस्ट्रेशन कराने पर मिलने की बारी आएगी। बिल्डर से रंगदारी मांगने के आरोप में बंदी पटना के बेऊर जेल से भागलपुर की विशेष केंद्रीय कारा में शिफ्ट किए गए राजद विधायक रीतलाल यादव से मुलाकात के लिए जेल प्रशासन ने सख्त नियम बनाए हैं। विशेष केंद्रीय कारा प्रशासन, भागलपुर के अनुसार विधायक रीतलाल यादव से जेल में मुलाकात करने आने वालों को उनसे अपने रिश्ते बताने होंगे।*

*मुलाकातियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के बाद आधार कार्ड का सत्यापन भी कराना होगा। फिर एक सप्ताह बाद उनकी मुलाकात हो सकेगी। मुलाकात करने जेल पहुंचने वालों को सख्त सुरक्षा तलाशी से भी गुजरना होगा। रीतलाल संग सभी मुलाकात सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई जाएगी। इधर, जेल अधीक्षक राजीव कुमार झा ने कहा कि सुरक्षा कारणों से कई कदम उठाए गए हैं। वे इस संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि यहां की सुरक्षा बेहद सख्त है। सभी बंदियों के मुलाकातियों को मुलाकाती नियम की सख्ती से गुजरना ही होगा।*

## मंदिर से मूर्तियां चोरी, लोगों में रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सीवान।** जिले में जीरादेई थाना क्षेत्र के सुरवाल गांव में सोमवार रात राम जानकी मंदिर से 300 साल पुरानी अष्टधातु की दो मूर्तियां चोरी हो गईं। चोरों ने रात के अंधेरे में मंदिर के दरवाजे का ताला तोड़कर भगवान राम और माता सीता की अष्टधातु से निर्मित मूर्तियों को चुरा लिया। मंगलवार सुबह जब मंदिर के पुजारी पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो मूर्तियों के गायब होने की जानकारी हुई। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

घटना की सूचना मिलते ही जीरादेई थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी सोनी कुमारी ने बताया कि मंदिर से दो प्राचीन मूर्तियां चोरी हुई हैं, जो धातु की हैं। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि मूर्तियां किस धातु की हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश में छानबीन शुरू कर दी है। मौके से कुछ साक्ष्य जुटाए गए हैं, जिनके आधार पर जांच आगे बढ़ रही है।

# 48 घंटे में अस्पतालकर्मी की हत्या का उद्भेदन

## तीन गिरफ्तार, बथान से पिस्टल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जक्कनपुर थाने की पुलिस ने 48 घंटे में अस्पतालकर्मी अमित कुमार हत्याकांड का उद्भेदन करने के साथ साजिशकर्ता एवं शूटरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान कुंदन कुमार सिंह उर्फ सन्नी (23), शेख सहाबुद्दीन अली उर्फ बाबुल (24) और मणिकांत कुमार उर्फ मणि (22) के रूप में हुई है। सन्नी सारण जिले के सोनपुर थानांतर्गत बैजलपुर का निवासी है, जबकि बाबुल और मणि वैशाली जिले के नगर थाना क्षेत्र के तंगौल के रहने वाले हैं। सन्नी, अमित का फुफेरा साला है।

वह अमित और चांदनी की शादी से नाखुश था। इसी कारण उसने दो अन्य दोस्तों को लगभग दो लाख रुपये की सुपारी देकर हत्या करवाई थी।

वारदात में प्रयुक्त पिस्टल, चार कारतूस, तीन मोबाइल और बाइक बरामद हुए हैं। अब तक चांदनी की संलिप्तता उजागर नहीं हुई है।

इसकी जानकारी सोमवार को एसएसपी अवकाश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बेहतर अनुसंधान के लिए जक्कनपुर थानेदार रितुराज सिंह और प्रशिक्षु दारोगा अविनाश कुमार को पुरस्कृत किया जाएगा।

दो मई को अमित के घर से निकलते ही मणि और बाबुल बाइक से उनका पीछा कर रहे थे। बाबुल बाइक चला रहा था और मणि पीछे बैठा था।

रास्ते में दोनों शूटरों से सन्नी ने मुलाकात की थी और उन्हें हथियार सौंपा था। मणि और सन्नी की पुरानी दोस्ती थी। रुपयों के लालच में मणि ने बाबुल को अपने साथ मिलाया था। मणि पर वैशाली के नगर थाने में मारपीट और रंगदारी के दो मामले दर्ज हैं। वहीं, बाबुल डकैती के एक मामले में महुआ थाने से जेल जा चुका है।


पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से मामले का खुलासा करने में सफलता मिली। एसएसपी ने बताया कि घर से घटनास्थल तक के फुटेज खंगाले गए, जिससे मालूम हुआ कि बाइक सवार शूटर घटना वाले दिन अमित का पीछा कर रहे थे।

रास्ते में उन्होंने सन्नी से मुलाकात की थी। बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर रविवार की रात सन्नी को सोनपुर से हिरासत में लिया गया। उसने मणि और बाबुल के नाम बताए, जिसके बाद इन दोनों को वैशाली जिले से पकड़ा गया।

सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने रविवार की रात और सोमवार की सुबह मृतक की पत्नी चांदनी से गहनता से पूछताछ की, फिर उसे फुलवारीशरीफ स्थित ससुराल लाकर छोड़ दिया गया। वह शादी के बाद भी सन्नी से बातें करती थी। हालांकि, अमित की हत्या में संलिप्तता के बाबत साक्ष्य नहीं मिल सका।

# बेगूसराय के मजदूर ठेकेदार की उप्र में मौत

## परिजनों में मायूसी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार के एक मजदूर की उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस खबर के बाद बेगूसराय के नावकोठी थाना क्षेत्र में उनके घर में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान रजाकपुर गांव के रहने वाले जगदीश राय के बेटे अविनाश राय (35 साल) के रूप में हुई है। अविनाश, जगदीश राय के दूसरे बेटे थे।

बताया जा रहा है कि अविनाश पिछले 8 साल से बाराबंकी के एक राइस मिल में काम कर रहा था। वहां वह मजदूरों की सप्लाई का काम करता था और सभी मजदूरों का प्रमुख भी था। मंगलवार को जब उसका शव रजाकपुर गांव लाया गया तो पूरे गांव में मातम छा गया।

मिली जानकारी के अनुसार, वह अपने परिवार के साथ बाराबंकी में ही रहता था। रविवार की शाम वह किसी काम से बाइक से शहर गया था। तभी पीछे से एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया और उसे गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिवार को सौंप दिया गया।

गांव के लोगों ने बताया कि अविनाश ही अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी मौत के बाद उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बड़ी संख्या में लोग उसके घर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

## थानों की बदलेगी सूरत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** बिहार के नवादा जिले में पुराने पुलिस थानों के भवनों की सूरत बदलेगी। इन पुराने भवनों की जगह पर आधुनिक सुविधाओं के साथ बहुमंजिला इमारत बनाई जाएगी।

इन थानों में अलग से वर्क स्टेशन के साथ ही गवाहों से पूछताछ, अनुसंधान और रिकार्ड रखने को अलग-अलग कमरे होंगे।

पुलिसकर्मियों के रहने की के लिए आवास की भी सुविधा होगी। जिले में यातायात थाना नवादा, धमौल थाना, सीतामढ़ी थाना और रूपौ थाना में जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त माडल भवनों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

गृह विभाग के आरक्षी शाखा से प्राप्त पत्र के माध्यम से इन भवनों के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है।

धन राशि भी मुहैया कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यातायात थाना का भवन चार मंजिला होगा जबकि धमौल, सीतामढ़ी और रूपौ थानों के भवन तीन मंजिला बनाए जाएंगे।

# उपभोक्ताओं का सिरदर्द बना सोलर सिस्टम

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत घरों लगा है सोलर पैनल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में बिजली के लिए घर के छत पर लगाए गए सोलर पैनल सिकंदरपुर के डॉक्टर शेखर गुप्ता के लिए सिर दर्द बन गया है।

सोलर पैनल से बिजली जेनरेट नहीं हो रहा है। इसकी शिकायत उन्होंने विभाग के अधिकारियों से की है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इसके लिए उन्हें विभाग का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत घरों सोलर पैनल लगाया था। जिसके लगाने के लिए सब्सिडी देती है। डाक्टर ने बिजली विभाग के माध्यम से वेंडर से दो-ढाई साल पहले चार किलोवाट के चार सोलर सिस्टम अपने घर के छत पर लगवाया।

लेकिन कुछ समय सामान्य रूप से काम करने के बाद सोलर सिस्टम काम करना बंद कर दिया। बिजली विभाग ने 21 महीने का एकमुश्त 37 हजार से अधिक का बिल उपभोक्ता को भेज दिया है।

बिल देखकर उपभोक्ता बिजल विभाग और वेंडर से संपर्क साधना शुरू कर दिया।

लेकिन लगातार संपर्क करने के बाद ना तो सोलर एजेंसी बंद पड़े सोलर सिस्टम को चालू करने आगे आ सकी है और ना ही बिजली विभाग समाधान का रास्ता तलाश रहा है। निराश उपभोक्ता ने समय से विपत्र जमा करा तो दिया है।

डाक्टर शेखर गुप्ता ने बताया कि सोलर एजेंसी से संपर्क करने के बाद वे लगातार टालमटोल कर रहे हैं। समय मिलने पर जाकर देखने की बात कह कर टाल देते रहे हैं। संबंधित एजेंसी को पांच वर्षों तक सोलर सिस्टम की देखरेख किया जाना है।

उन्होंने कहा कि सोलर सिस्टम लगाने के बाद वे एक बार भी इसकी देखरेख के लिए नहीं पहुंचे हैं। मामले की जानकारी कार्यपालक अभियंता से समस्या के समाधान की मांग की गई है।

जिसपर उनकी ओर से आवश्यक कार्रवाई का भरोसा मिला है। इस संबंध में मोजाहिदपुर सर्किल के सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि सोलर सिस्टम का एग्रमीमेंट उपभोक्ता और वेंडर के बीच उनकी खुद की पहल से होती है। बिजली विभाग सिर्फ नेट मीटर का एग्रीमेंट करता है।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार ने जीते दो सिल्वर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार के साइक्लिंग मुकाबलों के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। हर्षिता ने 500 मीटर टाइम ट्रायल और 7.5 किमी स्क्रैच रेस में दबदबे के साथ जीत हासिल की। हर्षिता जूनियर ट्रैक एशियन साइक्लिंग चैंपियनशिप में चार पदक जीत चुकी हैं। वह टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप में जगह बनाई थी। अब उन्होंने 500 मीटर टाइम ट्रायल में 38.631 सेकंड का समय निकालकर महाराष्ट्र की आकांक्षा म्हात्रे और तमिलनाडु की एस थबीथा को पीछे छोड़ दिया है। हर्षिता ने 7.5 किमी स्क्रैच रेस में 11:50.973 के समय के साथ बिहार की सुहानी कुमारी को पछाड़ते हुए पहला स्वर्ण पदक जीता। सुहानी ने 11:51.558 में रजत और म्हात्रे ने 11:51.649 में कांस्य पदक जीता। हर्षिता ने पदक वितरण के बाद कहा, मैं अपने चचेरे भाई आदित्य जाखड़ के साथ स्वर्ण जीतकर खुश हूं। मेजबान बिहार ने सुहानी कुमारी की 7.5 किमी स्क्रैच रेस में रजत और टीम स्प्रिंट में दूसरा रजत जीतकर पदक खाता खोला। टीम में अमृता कुमारी, शालिनी कुमारी और सुहानी शामिल थीं। इस मौके पर सुहानी ने कहा, पहले दिन बिहार के लिए दो पदक जीतना मेरे लिए गर्व की बात है। मुझे खुशी है कि मैंने हमारे खाते की शुरूआत की। हमारी जीत सभी को प्रेरित करे। हमने अच्छी ट्रेनिंग की और प्रतियोगी बहुत अच्छे हैं। उनके साथ खेलना नया अनुभव है। टाइम ट्रायल (1000): आदित्य जाखड़ (राजस्थान) 1:06.675; साहिब प्रताप सिंह सरकारिया (राजस्थान) 1:08.644; 3. जी साई चरण यादव (तेलंगाना) 1:09.056 स्क्रैच रेस सिद्धेश सरजेराव घोरफड़े 13:26.584; महावीर सारण 13:26.601; थौनाओजम ज्ञानंता सिंह (मणिपुर) 13:27.933 टीम स्प्रिंट (3 लैप): फाइनल: झारखंड (अर्जुन कुमार, निखिल लोहरा, बिकाश उरांव) 48.868 ने मणिपुर (कोंथौजम लांचेनबा सिंह, थौनाओजम ज्ञानंता सिंह, हुईड्रोम सूरज सिंह) 50.156 को हराया।

# बिहार में आतंकी हमले की आशंका

## पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के लिए जारी किया हाई अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पहलगाम में हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में जारी तनाव के बीच बिहार पुलिस ने सभी जिलों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है। एडीजी (कानून-व्यवस्था) कुंदन कृष्णन ने नेपाल से सटे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर विशेष निगरानी रखने और चेकिंग बढ़ाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी जिलों के एसपी को पत्र भेजकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने का निर्देश दिया है। इंटरनेशनल चेक पोस्ट और सीमावर्ती इलाकों में चेकिंग बढ़ाने को कहा गया है। अलर्ट में आईएसआई की संदिग्ध गतिविधियों को लेकर भी चेतावनी दी गई है। पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि आतंकी संगठन देश की आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं, खासकर राजनीतिक और धार्मिक व्यक्तियों को निशाना बनाकर। इसलिए भीड़-भाड़ वाले इलाकों, धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, मॉल, होटलों और एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी जाए। महाबोधि मंदिर (गया), पटना हनुमान मंदिर, पटना जंक्शन, पटना-गया-दरभंगा एयरपोर्ट, एनटीपीसी बाढ़, बरौनी रिफाइनरी, इंडियन ऑयल टर्मिनल सिपारा, गुरु गोविंद सिंह गुरुद्वारा जैसे स्थानों की सुरक्षा बढ़ाने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है। इसके लिए पटना के विधान सभा, विधान परिषद, सचिवालय और हाई कोर्ट जैसे संस्थानों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। साथ ही सभी बड़े होटल, स्कूल, हॉस्पिटल, ऑटो स्टैंड और रेस्तरां में भी सतर्कता बरतने को कहा गया है। पुलिस को सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म्स पर भी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं, खासकर उन वीडियो और कमेंट्स पर जो पहलगाम हमले से जुड़े हो सकते हैं। अलर्ट में विशेष रूप से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की बात कही गई है और जनता से अपील की गई है कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। इंटरनेशनल बॉर्डर पर आवाजाही करने वालों की पहचान की जा रही है। वाहनों की तलाशी ली जा रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ हो रही है। भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे रेलवे स्टेशन, मॉल, होटल, बस स्टैंड, धार्मिक स्थल और स्कूलों के आसपास गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस ड्रोन और सीसीटीवी की मदद से निगरानी कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि आतंकवादी संगठन किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

# एनडीए के शासनकाल में बिहार को मिला विकास, समृद्धि और सम्मान : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि एनडीए के 20 वर्षों के शासनकाल में बिहार जहां विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ा वहीं आम बिहारियों में संवृद्धि आई व उन्हें देश के अन्य राज्यों में सम्मान मिलना शुरू हुआ। 2005 के पहले बिहारियों को देश के दूसरे प्रदेशों में अपनी पहचान छुपानी पड़ती थी। अपराध, अपहरण उधोग,भ्रष्टाचार, लूट-खसोट, ट्रेन व रोड डकैतियों तथा नरसंहारों के अंतहीन सिलसिलों की वजह से पूरे देश मे बिहार की छवि काफी खराब थी। श्री सुमन ने कहा कि यह वह दौर था जब लोग अपने घरों से निकलने में डरते थे। स्कूल गए बच्चों की सकुशल वापसी के लिए माएं दुआएं व मनौतियां मांगती थीं। शाम होने के पहले लोग सुरक्षित अपने घर लौट आते थे। देर रात पटना जंक्शन पर उतरने वाले यात्री सुबह होने तक स्टेशन पर रूकते थे। उन्होंने कहा कि 2005 में बिहार में जब बदलाव हुआ, एनडीए की सरकार बनी तो कानून का राज स्थापित किया गया। स्पीडी ट्रायल के जरिए अगले 3 साल में 76 हजार से ज्यादा आपराधिक मामलों में सजा सुनाई गई। अपराधियों पर नकेल कसा गया। फिरौती के लिए राजनीतिक संरक्षण में चलने वाले अपहरण उधोग पर अंकुश लगा। इससे लोगों में कानून के राज के प्रति भरोसा बढ़ा। सुशासन व न्याय के साथ विकास से बिहार की छवि बदली और आम बिहारियों को अपने बिहारिपन पर गर्व का अहसास होने लगा।

# छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम बघेल 10 मई को आयेंगे पटना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पार्टी के बड़े नेता एक-एक कर बिहार का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में अब छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 10 मई को पटना आ रहे हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बघेल यहां सैदपुर स्थित पटेल छात्रावास जायेंगे और छात्रों से बातचीत करेंगे। उनका यह दौरा पूरी तरह से कुर्मी समाज को साधने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती देने के मकसद से जुड़ा बताया जा रहा है। दरअसल, बिहार में करीब 4 फीसदी कुर्मी मतदाता हैं। इसीलिए कांग्रेस अब उन्हें साधने की मुहिम में जुट गई है। बघेल पटना में कुर्मी समाज के लोगों के साथ भी बैठक करेंगे और राहुल गांधी के विचारों को उनके सामने रखेंगे। उल्लेखनीय है कि कुर्मी मतदाताओं पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दबदबा है। ऐसे में माना जा रहा है कि बघेल युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा और राहुल गांधी की नीतियों से जोड़ने की कोशिश करेंगे। इसके बाद बघेल पटना में कुर्मी समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ एक बड़ी बैठक करेंगे जहां वे राहुल गांधी के विचार, योजनाएं और कांग्रेस की रणनीति को समाज के बीच रखेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार यह बैठक आगामी चुनावों के लिए कुर्मी मतदाताओं को कांग्रेस के पाले में लाने की एक अहम कड़ी मानी जा रही है। बिहार के युवाओं में कुर्मी समाज का बड़ा हिस्सा है। ऐसे में कांग्रेस उनकी नब्ज टटोलना चाहती है।

# राज्य के तीन जिलों में वज्रपात से पांच लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त की

## मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** वज्रपात से पटना जिले में 03, गया में 01 और अरवल में 01 व्यक्ति की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने आज ही मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

# मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी पटना में मंगलवार को बीपीएससी शिक्षक अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। बीपीएससी टीआरई-3 के अभ्यर्थी सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर रहे थे। दरअसल मुख्यमंत्री आवास वीवीआईपी इलाका है और यहां किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन प्रतिबंधित है। ऐसे में वहां प्रदर्शन करने पर पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी। बताया जाता है कि सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग को लेकर टीआरई-3 के अभ्यर्थी मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे थे। शिक्षक अभ्यर्थियों के हाथों में पोस्टर-बैनर पर लिखा था, 'बीपीएससी टीआरई-3 सप्लीमेंट्री नहीं तो वोट नहीं', 'युवाओं का हक मारने वालों को वोट नहीं', सप्लीमेंट्री या फांसी दो। मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री आवास के गेट नंबर पांच के पास जाकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने उनको वहां से हटने की चेतावनी दी थी, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की बात नहीं सुनी। पुलिस के रोकने के बावजूद अभ्यर्थी प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे, तभी पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया और छात्र-छात्राओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। लाठीचार्ज के बाद शिक्षक अभ्यर्थियों को पुलिस ने मौके से हटा दिया। हालांकि अभ्यर्थियों की संख्या बहुत ज्यादा नहीं थी। वहीं, अभ्यर्थियों का कहना था कि पिछले चार महीने से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन न तो कोई देखने वाला है और न ही सुनने वाला ही कोई है। सरकार रिजल्ट देने के बदले लाठी बरसा रही है। इससे पहले अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री सुनील कुमार का पिछले दिनों घेराव किया था, तब शिक्षा मंत्री ने वहां से भागकर अभ्यर्थियों का पीछा छुड़ाया था। हालांकि उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया था कि सरकार को सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन अंतिम निर्णय बीपीएससी को ही लेना है। मंत्री के आश्वासन के बावजूद जब कई दिन बीत गए तो अभ्यर्थियों के धैर्य ने जवाब दे दिया और उन्होंने सीएम आवास का घेराव कर दिया। वहीं, महिला अभ्यर्थियों ने कहा कि हम सिर्फ एक मौका चाहते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमसे मिल लें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिला संवाद के लिए जाते हैं, लेकिन हम उनके घर आएं हैं तो वो हमसे नहीं मिल रहे हैं। एक अन्य महिला अभ्यर्थी ने अपनी मांगों के बारे में कहा कि बिहार में सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि बार-बार वैकेंसी आती हैं, लेकिन सीटें खाली रह जाती हैं। सरकार के पास सप्लीमेंट्री रिजल्ट है तो फिर आखिर इसे क्यों नहीं जारी किया जा रहा है? महिला अभ्यर्थियों ने कहा कि हम लोगों से कहा जा रहा है कि हम गर्दनीबाग जाएं, लेकिन वहां हमसे कोई मिलने नहीं आ रहा है। ऐसे में आखिर हम कहां जाएं? बीते 4 महीने से हमलोगों को कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। हालांकि शिक्षक अभ्यर्थियों के सीएम आवास तक पहुंचना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में बड़ी चूक माना जा रहा है। शिक्षक अभ्यर्थी गर्दनीबाग से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंच गए, लेकिन पुलिसकर्मियों को खबर तक नहीं हुई। इस दौरान सीएम नीतीश अपने आवास में ही मौजूद थे। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती हुई।

# बिहार सहित पूरे देश में गुर्दा रोग से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क डायलिसिस सेवाएं उपलब्ध : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** सोसाइटी ऑफ रीनल न्यूट्रीशन एंड मेटाबोलिज्म, पटना का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का भव्य आयोजन स्थानीय मौर्या होटल में किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया। उन्होंने हमारे प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच और प्रयासों को रेखांकित करते हुए भरपूर प्रशंसा किया जिनके कारण बिहार सहित पूरे देश में गुर्दा रोग से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क डायलिसिस सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ये सेवाएं अब सभी जिलों में उपलब्ध हैं और मरीजों के जीवन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सम्मेलन के आयोजक पद्मश्री डा. (प्रो.) हेमंत कुमार तथा आयोजन सचिव डॉ. प्रितपाल सिंह (अतिरिक्त प्रोफेसर, नेफ्रोलॉजी, आईजी .आई , एम. एस. ने सम्मेलन के औचित्य पर प्रकाश डाला। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. (प्रो.) अमरेश कृष्ण, विभागाध्यक्ष, एम्स, पटना तथा अध्यक्ष, वैज्ञानिक समिति के स्वागत भाषण से हुआ। सम्मेलन में आये अतिथियों तथा देश के कोने-कोने से आये प्रतिभागियों, प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

आज के प्रमुख व्याख्यानों में शामिल थे- इंटरमिटेंट फास्टिंग एंड इट्स इफेक्ट्स ऑन हेल्थ डॉ. दीपांकर भौमिक, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी, एम्स नई दिल्ली, गुर्दे की बीमारी से ग्रस्त रोगियों में मोटापे का प्रबंधन डॉ. अश्वनी गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट, सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली, तीव्र गुर्दा रोग में पोषण- डॉ. श्याम बंसल, निदेशक, नेफ्रोलॉजी, मेदांता, नई दिल्ली, गुर्दा रोग में पौध आधारित आहार की भूमिका- डॉ. प्रज्ञा पंत, सह-प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी, रिम्स रांची, गुर्दा रोग के लिए पोषण मूल्यांकन उपकरण- डॉ. अर्चना सिन्हा, वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ गुर्दा कार्य में सुधार के लिए योग और व्यायाम की भूमिका- डॉ. एडविन फर्नांडो, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी, स्टेनली मेडिकल कॉलेज, चेन्नई।

# भारत पाकिस्तान का पानी ही नहीं हवा भी रोकेगाः शाहनवाज हुसैन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर 'वॉटर स्ट्राइक' करते हुए सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इस पर जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने पाकिस्तान की वकालत करते हुए कहा कि पानी रोकना ठीक नहीं है। मदनी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि अभी तो सिर्फ पानी रोका है, भारत आगे पाकिस्तान की हवा भी रोकेगा। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मदनी के बयान की मैं निंदा करता हूं। यह बहुत ही आपत्तिजनक बयान है। पाकिस्तान खून-खराबा कर सकता है और हम उनका पानी भी नहीं रोक सकते? जमीयत उलेमा-ए-हिंद द्वारा दिए गए बयान से मुस्लिम समुदाय में भी गुस्सा है। पाकिस्तान ने जो हरकत की है, यह हमला सिर्फ भारत पर नहीं बल्कि, यहां के लोगों की रूह पर हमला था जिस तरह से धर्म पूछकर हमारे लोगों को मारा गया, आतंकवादियों का एक ही मकसद था कि भारत में रहने वाले हिन्दू-मुसलमानों को बांटा जाए, लेकिन देश एकसाथ खड़ा है और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाएगा। वहीं, मदनी कह रहे हैं कि अभी पाकिस्तान का पानी नहीं रोकना चाहिए। युद्ध नहीं होना चाहिए और अमन-चैन शांति बनी रहनी चाहिए। क्या उन्होंने कभी आतंकवादियों का विरोध किया? वहीं यूपी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के राफेल को मजाक बनाए जाने पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस देश के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहलगाम में धर्म पूछकर लोगों को मारा गया। पाकिस्तान ने धर्म के आधार पर बांटने की साजिश रची। कांग्रेस का दावा होता है कि वह सरकार के साथ हैं। लेकिन, इनके नेता कहते हैं कि युद्ध नहीं होना चाहिए। सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा जाता है। अजय राय राफ़ेल को खिलौना बता रहे हैं, हमारे राफ़ेल का मजाक तो पाकिस्तान उड़ाता है। कांग्रेस के नेता पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं।

# राजधानी पटना समेत बिहार के 6 जिलों में आज माकड्रिल

## शाम 7 बजे से 10 मिनट के लिए रहेगा ब्लैकआउट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पहलगाम हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनातनी को देखते हुए 7 मई को देशभर के 244 जिलों में मॉक ड्रिल की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को 7 मई को बड़े पैमाने पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के आयोजन का निर्देश दिया है। इस निर्देश के तहत राजधानी पटना समेत बिहार के छह जिलों में शाम 7 बजे से 10 मिनट के लिए ब्लैकआउट किया जाएगा। मॉक ड्रिल के समय सभी घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों की बत्तियां बंद रखी जाएंगी। तेज आवाज में सायरन बजाकर लोगों को सतर्क किया जाएगा। पटना में 80 जगह सायरन बजेंगे। सायरन सुनते ही नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। ड्रिल में हवाई हमले के संकेत पर लोगों को कैसे प्रतिक्रिया करनी है, इसकी जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह और पटना एसएसपी अवकाश कुमार ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी देते हुए लोगों से घबराने के बजाय सहयोग करने की अपील की है। राजधानी के सभी चौक चौराहों और प्रमुख स्थानों पर सायरन बजाए जाएंगे। लोगों को युद्ध के समय खुद को कैसे बचाया जाए इसकी जानकारी दी जाएगी।

# भाजपा प्रवासी बिहारियों से चुनाव में आकर वोट डालने की करेगी अपील

## 150 जिला प्रभारियों को दी गई जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य से बाहर रह रहे करीब तीन करोड़ प्रवासी बिहारियों को मतदान के लिए बिहार बुलाने की योजना पर काम कर रही है। इसी को लेकर मंगलवार को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत भाजपा के प्रदेश कार्यालय में एक अहम बैठक हुई। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग व दुष्यंत गौतम की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय मंत्री, प्रदेश के प्रवक्ता और पदाधिकारी शामिल थे। बैठक में यह तय हुआ कि देशभर के 150 जिलों में जिला प्रभारी जाकर प्रवासी बिहारियों से जुड़ेंगे। भाजपा प्रभारी प्रवासी बिहारियों को चुनाव में बिहार में आकर वोट डालने की अपील करेंगे। इसके साथ ही प्रभारी प्रवासी बिहारियों का डाटाबेस भी तैयार करेंगे। सामान्य प्रवासी बिहारी और बड़े कारोबारी और इन्फ्लूवेंसर को भी जोड़ने का निर्देश दिया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि बैठक में संगठन पर चर्चा हुई। इसके साथ ही एक भारत श्रेष्ठ भारत और आने वाले चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा हुई। विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए दिलीप जायसवाल ने कहा कि एनडीए गठबंधन की एकता देखकर विपक्ष डिप्रेशन में चला गया है। उनकी हालत तराजू पर मेंढक जैसी हो गई है। एक चढ़ेगा तो दूसरा भागेगा। खिसियाई बिल्ली खंभा नोचे की कहावत उन पर बिल्कुल सटीक बैठती है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हालिया बयानों पर जायसवाल ने कहा कि ममता बनर्जी अपना मानसिक संतुलन खो चुकी हैं। उन्हें अपने राजपाट की चिंता है, लेकिन हम देश की रक्षा को प्राथमिकता देते हैं। देश विरोधी गतिविधियों को कहीं भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 140 करोड़ देशवासी इस बात की चिंता करें कि देश सुरक्षित रहे। ममता बनर्जी को भी यही करना चाहिए।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की उच्चस्तरीय बैठक

## संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने पर बल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा यात्री सुविधा, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में पावर प्वाईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उपलब्धियों एवं किये जा रहे कार्यों से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेल परिचालन में संरक्षा नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन का निर्देश दिया और कहा कि संरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिये।

# कांग्रेस शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा करती है : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बीपीएससी 3.0 के सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे शिक्षक अभ्यर्थियों पर बर्बर लाठीचार्ज की कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कड़े शब्दों में निंदा की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने मांग की है कि 3.0 से संबंधित सभी रिक्त पदों का तुरंत पूरक परिणाम जारी किया जाए, अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज की न्यायिक जांच करवाई जाए और लाठीचार्ज के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आज एक बार फिर बिहार की भाजपा-जदयू सरकार ने साबित कर दिया कि वह युवाओं के भविष्य को लेकर कितनी असंवेदनशील है। 3.0 परीक्षा से जुड़े हजारों योग्य अभ्यर्थी आज मुख्यमंत्री से मिलने गए, लेकिन न्याय देने के बजाय, सरकार ने उन पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करवा दिया। महिला अभ्यार्थियों पर पुरुष पुलिस बल ने लाठीचार्ज किया, यह अत्यंत शर्मनाक, अमानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। कांग्रेस पार्टी इस घटना की कड़ी निंदा करती है। यह केवल छात्रों पर हमला नहीं है, बल्कि यह बिहार की उम्मीदों और भविष्य पर हमला है। राजेश कुमार ने आगे कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी छात्रों की मांग के साथ है और सरकार से मांग करती है की पूरक परिणाम तुरंत जारी किया जाए। बिहार की जनता सब देख रही है। भाजपा-जदयू सरकार की लाठी की चोट का जवाब, बिहार की जनता वोट की चोट से देगी। यह लड़ाई सिर्फ अभ्यर्थियों की नहीं, बल्कि हर उस युवा की है जो अपने सपनों को सरकारी तंत्र में खोता देख रहा है। कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ है और यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक न्याय नहीं मिल जाता।

अभ्यर्थियों के अनुसार, परीक्षा के दौरान कुल 87,774 पद पर बहाली निकाली गई थी, लेकिन परिणाम केवल 66,000 पदों के लिए घोषित किए गए।

# पटना में इ-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी के नये स्टोर का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार और झारखंड में तेजी से विस्तार कर रहा ई-मेडिक्स अब पटना में भी विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। इसी क्रम में ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी ने सोमवार को बेली रोड स्थित बिहार फार्मेसी कॉलेज मोड़ पर अपने नये स्टोर का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य है– किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं को आम जनता तक सुलभ बनाना। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि राम कुमार, सह-संयोजक, सीमा जागरण मंच (आरएसएस) ने कहा 'ई-मेडिक्स जैसी संस्थाएं स्वास्थ्य सेवा की दिशा में प्रशंसनीय कार्य कर रही हैं। समाज को समय पर प्रमाणिक दवा की उपलब्धता मिलना अत्यंत आवश्यक है।' इस अवसर पर विधायक वीरेंद्र पासवान (रोसड़ा), सेवानिवृत्त आईएएस दयानंदन प्रसाद, डॉ. सचिन (डीएनबी ऑर्थो), अभिनव सोनू, उदय उज्ज्वल और रंजन कुमार भी उपस्थित रहे। ई-मेडिक्स गोला रोड फ्रेंचाइजी के स्वामी विवेक ने कहा हमारी प्राथमिकता सेवा है। हम हर ग्राहक को समय पर उचित मूल्य पर उच्च गुणवत्ता की दवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कंपनी के सीओओ और सह-संस्थापक दानिश अशरफ ने कहा हम केवल दवा विक्रेता नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्राहक के स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार हैं। यह स्टोर हमारे सेवा क्षेत्र को विस्तार देगा। इस अवसर पर वकार सिद्दीकी (जीएम), सौरभ प्रकाश (मार्केटिंग मैनेजर) तथा शशांक, विशाल और अंशु कुमार जैसे टीम सदस्य भी मौजूद रहे।

# सही समय पर इलाज होने से बच सकती है जिंदगी : डॉ. सुदीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** वर्तमान समय में किडनी स्टोन और मूत्र रोग की बीमारी अधिकांश लोगों में नजर आने लगी है। बिहार में औसतन 70 प्रतिशत लोग बीमारी का जांच कराने से बचते हैं। अगर सही समय पर जांच और इलाज हो तो अधिकतर जिंदगियां बच सकती है। उक्त बातें संजीवनी लाइफ केयर हॉस्पिटल के वरिष्ठ यूरोलोजिस्ट डॉ. सुदीश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि अगर किडनी के रास्ते में रुकावट है, पेशाब उजला या ज्यादा आ रहा हो, पेट में दर्द हो रहा हो, भूख की कमी हो या पेशाब में खून आ रहा हो तो उसे मूत्र एवं किडनी स्टोन के लक्षण हैं जबकि रात को बार-बार पेशाब लगना, पेशाब रोक पाने में असमर्थ होना, पेशाब में रक्त एवं धात आना, पेशाब की धार में कमी होना आदि प्रोस्टेट के लक्षण हैं। डॉ. सुदीश ने कहा कि अगर इन सब लक्षणों को सही समय पर समझ कर उसका उपचार कराया जाए तो इसका इलाज संभव है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स पी.एम. इंजीनियर प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति चंद्रदीप पंडित जो एन.टी.पी.सी. बाढ़ में हेल्पर के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी- ममता देवी, पुत्री-चांदनी कुमारी, पुत्र- रिद्धि कुमार को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. चंद्रदीप पंडित की मृत्यु 29-07-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 454 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.13,620/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 1,22,580 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआई कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

## संपादकीय

# लापरवाही की आग से गई लोगों की जान, हर बार उठता है एक ही सवाल

मध्य कोलकाता स्थित एक होटल में लगी आग और जान-माल के नुकसान से फिर यही जाहिर हुआ है कि अग्नि सुरक्षा के उपायों को लेकर लापरवाही का आलम बना हुआ है। आग की लपटों में संवेदना भी दम तोड़ रही है। यह कोलकाता नगर निगम की विफलता ही मानी जाएगी कि थोक बाजार के भीड़भाड़ वाले इलाके में होटल चलाने की अनुमति दी गई। यह तस्वीर पूरे देश में दिखती है। ज्यादातर थोक मंडियों और बाजारों के आसपास नियम-कायदे ताक पर रख होटल खोलने की मंजूरी दे दी जाती है।बड़ा बाजार के जिस होटल में आग लगी, वहां अट्ठासी अतिथि ठहरे हुए थे। अगर दमकलकर्मियों ने सूझबूझ न दिखाई होती, तो ज्यादा लोगों की मौत होती। फिर भी, उसमें चौदह लोगों की मौत हो गई। इसकी जवाबदेही आखिर किसकी है। आज जब आग लगते ही लोगों को सतर्क करने और आग बुझाने की अत्याधुनिक तकनीकें उपलब्ध हैं, तो इन साधनों के बिना होटल का लाइसेंस कैसे मिल जाता है? हादसे के बाद जांच का आदेश समस्या का कोई हल नहीं है। चिंता इस बात की है कि ऐसी घटनाओं से कभी सबक नहीं लिया जाता।बड़ाबाजार भीड़भाड़ वाला सघन इलाका है। वहां अनियोजित और अवैध निर्माणों की वजह से समस्या और बढ़ गई है। जिस होटल में आग लगी वहां फलों की मंडी लगती है। हैरानी है कि ऐसे भीड़भाड़ वाले इलाके में अग्निशमन के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। होटल की भीषण आग पर काबू पाने में जो मुश्किलें पेश आईं, उससे जाहिर है कि वहां अग्नि सुरक्षा के मूलभूत इंतजाम नहीं थे। गर्मी के मौसम के मद्देनजर आग बुझाने के व्यावहारिक उपाय किए गए होते, तो होटल भट्ठी में तब्दील नहीं होता। पहले भी उस इलाके में आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी हैं।मगर, हैरत की बात है कि चाहे स्टीफन कोर्ट अग्निकांड हो या एएमआरआइ अस्पताल में लगी आग, उनसे कोई सबक नहीं लिया गया, जिनमें कई लोगों की मौत हो गई थी। कोलकाता के बीचों-बीच हुई इस घटना पर सवाल उठ रहे हैं, तो इसका जवाब सरकार को देना हो होगा। इससे बचा नहीं जा सकता।

# कबाड़ से जुगाड़ के नवाचार की सौन्दर्यमयी चमक

**'कबाड़ से जुगाड़' सिर्फ एक तरीका नहीं, बल्कि एक रचनात्मक दर्शन है जो संसाधनशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह अपसाइकल की गई रचनाओं और सरल समाधानों के माध्यम से अपरंपरागत सोच की शक्ति का प्रमाण है। 'कबाड़ से जुगाड़' का दर्शन बेकार वस्तुओं को उपयोगी बनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देता है। यह दर्शन हमें नए और रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है, जो मौजूदा समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं और इससे कचरे को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। यह आत्मनिर्भरता का भी दर्शन है, जो हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, यह दर्शन जटिल समस्याओं के लिए सरल और व्यावहारिक समाधान खोजने पर जोर देता है।**

(ललित गर्ग)

जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है।

'कबाड़ से जुगाड़' सिर्फ एक तरीका नहीं, बल्कि एक रचनात्मक दर्शन है जो संसाधनशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह अपसाइकल की गई रचनाओं और सरल समाधानों के माध्यम से अपरंपरागत सोच की शक्ति का प्रमाण है। 'कबाड़ से जुगाड़' का दर्शन बेकार वस्तुओं को उपयोगी बनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देता है। यह दर्शन हमें नए और रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है, जो मौजूदा समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं और इससे कचरे को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। यह आत्मनिर्भरता का भी दर्शन है, जो हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, यह दर्शन जटिल समस्याओं के लिए सरल और व्यावहारिक समाधान खोजने पर जोर देता है।

जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है। चंडीगढ़ का रॉक गार्डन, जुन्नारदेव जनपद पंचायत के बरेली पार गांव के ग्रामीणों का कबाड से बना स्वच्छता पार्क एवं मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं। कबाड़ से जुगाड़ बेकार की वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की एक प्रक्रिया है। कबाड़ से जुगाड़ ना केवल हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए बहुत सहायक है बल्कि यह अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान का भी एक सटीक उपाय है। इसके माध्यम से हम ऐसी अनुपयोगी वस्तुओं को फेंकने की जगह उनसे कुछ उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं। कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दिया जा सकता है, जो रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। हम भारतवासी वैसे भी जुगाडू होते हैं जो अपना काम बनाने के लिए हर जगह कुछ ना कुछ जुगाड़ कर लेते हैं। यदि हम अपनी रचनात्मकता कबाड़ से जुगाड़ में लगाएं तो दिनों दिन बढ़ते जा रहे कचरे के निपटान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इससे प्लास्टिक एवं ई-कचरे में निरंतर कमी आती जाएगी और पर्यावरण संरक्षण भी बढ़ेगा। संसाधनों पर वह भी बोझ कम पड़ेगा।

मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान अब राष्ट्रीय फलक तक चमका, एक सकारात्मक सोच एवं सृजन का अनूठा उदाहरण बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 93वें संस्करण में योगी आदित्यनाथ सरकार के इस प्रयास की काफी सराहना की। शहरों को संवारने के



प्रदेश सरकार के सपनों को साकार करते हुए मेरठ नगर निगम ने निष्प्रयोज्य वस्तुओं से कम लागत में ही शहर की आभा में चार चांद लगा दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह प्रयास पर्यावरण की सुरक्षा और शहर के सुंदरीकरण से जुड़ा है। निष्प्रयोज्य वस्तुएं स्क्रैप, पुराने टायर, कबाड़, खराब ड्रम से भी कम खर्चे में कैसे शहर को संवारा जा सकता है, मेरठ इसकी बानगी है। कम खर्चे में सावर्जनिक स्थलों का सुंदरीकरण कैसे हो, यह अभियान इसकी मिसाल है। खराब पड़ी चीजों का प्रयोग कर शहर को सजाया गया। गांधी आश्रम चौराहा, गढ़ रोड पर लोहे के स्क्रैप, पुराने पहियों से फाउंटेन निर्मित कराया गया। सर्किट हाउस चौराहे पर लाइट ट्री, पुराने बेकार ड्रमों से स्ट्रीट इंस्टलेशन, हाथ ठेली के बेकार पहियों से बैरिकेडिंग कर मिनी व्हील पार्क, जेसीबी के पुराने टायरों से डिस्प्ले वॉल, पार्कों में बैठने के लिए स्टूल मेज आदि की व्यवस्था की गई। मेरठ नगर निगम ने शहर को चमकाने के लिए अनोखे प्रयोग किए, जो काफी सफल रहे। दरअसल नगर निगम में बने गोदाम में पड़े कबाड़ की न तो उचित कीमत मिल रही थी और न ही इसका सही उपयोग एवं निपटान हो रहा था, पर योगी सरकार की पहल पर नगर आयुक्त अमित पाल शर्मा ने शहर को जगमगाने का निर्णय लिया। लाइटिंग वाला कृत्रिम पेड़ भी न सिर्फ लोगों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। इसकी आभा देख लोग निहाल और अचंभित हो रहे हैं।

कबाड़ से जुगाड़ का मतलब है बेकार पड़ी चीजों से कुछ उपयोगी या रचनात्मक बनाना, जैसे कि कचरे से सुंदर सजावटी वस्तुएं, या बेकार प्लास्टिक से जूते-चप्पल बनाना। ग्रामीणों ने कबाड़ से एक सुंदर स्वच्छता पार्क बनाया, जिसमें सजावटी वस्तुएं, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित कलाकृतियाँ शामिल हैं। बच्चों को सिखाने के लिए कबाड़ के सामान से खिलौने बनाए जा सकते हैं, जैसे कि टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, रबर बैंड नाव, टेबल लैंप, वाटर प्यूरीफायर आदि। बेकार लकड़ी, प्लास्टिक और अन्य सामग्रियों से फर्नीचर बनाया जा सकता है, जैसे कि टेबल, कुर्सी, और अलमारी। कबाड़ से कलाकृतियाँ बनाई जा सकती हैं, जैसे कि पेंटिंग, मूर्तिकला, और सजावटी वस्तुएं। पुराने कपड़ों से नए कपड़े या बैग बनाए जा सकते हैं। कबाड़ से खाद और अन्य उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जो खेती के लिए उपयोगी हो सकती हैं। जयपुर फुट, यह एक कृत्रिम अंग है जो कम लागत में बनाया जाता है और यह 'जुगाड़' मानसिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।

प्लास्टिक के कबाड़ को रिसाइकल करके उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जैसे कि प्लास्टिक दाना जो फुटवियर फैक्ट्रियों में इस्तेमाल होता है। कबाड़ से विभिन्न उपकरण बनाए जा सकते हैं, जैसे कि पानी फिल्टर, यांत्रिक उपकरण आदि। कबाड़ से सजावटी वस्तुएं बनाई जा सकती हैं, जैसे कि विंड चाइम, फोटो फ्रेम, फूलों के गमले, आदि। जो सामान घर में उपयोग ना हो तो वह कबाड़ में तब्दील हो जाता है। इसके बाद उसे ऐसे ही बाहर फेंक दिया जाता है। अगर यही कबाड़ आपकी सेहत बनाने का काम करने के साथ ही गांव और शहर की सुंदरता में चार चांद लगा दे तो यह अपने आपमें चर्चा एवं अनुकरणीय उदाहरण बन जाता है। कुछ ऐसा ही किया है आदिवासी ग्राम पंचायत बरेलीपार के लोगों ने, खेतों में उपयोग होने वाले औजारों सहित घर की खराब वस्तुओं का उपयोग कर ग्रामीणों ने ऐसा काम किया कि जो भी देखता है तो दंग रह जाता है। कबाड़ से ग्रामीणों ने स्वच्छता पार्क बनाने के साथ ही हेलीकॉप्टर तक बना दिया। कबाड़ के जुगाड़ से ग्रामीणों ने सुंदर पार्क का निर्माण किया तो लोगों की सेहत बनाने में भी कारगर साबित हो रहा है।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होनेवाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्पयूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं। इस ई-कचरे का निपटान बड़ी समस्या है। इसी क्रम में पूर्व दिल्ली सरकार ने घोषणा की थी कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा। 20 एकड़ में बनने वाले इस पार्क में बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल और पीसी से अनूठे एवं दर्शनीय चीजों को निर्मित किया जायेगा। इसी कड़ी में कानपुर में ई-वेस्ट प्रबंधन का एक बेहतरीन मॉडल सामने आया है। यहां जयपुर के एक कलाकार ने ई-वेस्ट से 10 फीट लंबी मूर्ति बनाई है। इसे बनाने में 250 डेस्कटॉप और 200 मदरबोर्ड, केबल और ऐसी अनेक खराब इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# युद्ध हुआ तो पश्चिमी और चीनी हथियारों की क्षमताओं की भी परख हो जायेगी

(नीरज कुमार दुबे)

पाकिस्तान लगातार भारत को परमाणु बम से हमले की धमकी दे रहा है लेकिन सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक अत्यधिक मजबूरी नहीं हो, तब तक कोई भी देश परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करता लेकिन इसका खतरा अवश्य बना रहता है।

भारत और पाकिस्तान के बीच मंडराते युद्ध के खतरे को लेकर कई पूर्व सैन्य अधिकारी और विशेषज्ञ अपनी अपनी तरह से चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं। दरअसल 2019 में पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय वायुसेना की एअर स्ट्राइक के बाद से दोनों देशों ने अपनी सैन्य क्षमता में काफी वृद्धि की है। इसलिए विशेषज्ञों को लग रहा है कि कोई सीमित संघर्ष भी व्यापक युद्ध में तब्दील हो सकता है। हम आपको याद दिला दें कि दोनों देश 1948, 1965 और 1971 में युद्ध लड़ चुके हैं। इसके अलावा कश्मीर को लेकर दोनों के बीच कई बार सैन्य और असैन्य टकराव भी हो चुके हैं। 1990 के दशक में दोनों देश परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र बन गए थे और तभी से दक्षिण एशिया दुनिया के सबसे खतरनाक क्षेत्रों में से एक माना जाता है।

पाकिस्तान लगातार भारत को परमाणु बम से हमले की धमकी दे रहा है लेकिन सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक अत्यधिक मजबूरी नहीं हो, तब तक कोई भी देश परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करता लेकिन इसका खतरा अवश्य बना रहता है। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि इस बार हमला संभवतः विमानों, मिसाइलों या ड्रोन के ज़रिये होगा, जिनमें भारत और पाकिस्तान की क्षमताएं काफी हद तक बराबर हैं। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि यदि संघर्ष लंबा चलता है तो यह भारत के हित में होगा क्योंकि संसाधन अधिक होने के कारण वह लंबी अवधि तक इनका उपयोग कर पायेगा। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि हर पक्ष सोच रहा है कि वे पिछली बार की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं लेकिन असल जंग में ही असली स्थिति पता चल सकेगी।

हम आपको बता दें कि भारत को 2019 में पुराने रूसी विमानों पर निर्भर रहना पड़ा था। मगर अब देश ने फ्रांस से 36 राफेल फाइटर जेट्स वायुसेना के बेड़े में शामिल किए हैं तथा नौसेना के लिए और भी विमानों का ऑर्डर दिया गया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 2022 से चीन के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमानों में से एक, छ्-10 प्राप्त किया है, जो राफेल का तुलनात्मक समकक्ष माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान की एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के पास कम से कम 20 छ्-10 विमान हैं। बताया जाता है कि ये विमान उन्नत क्षमताओं से लैस हैं। हम आपको बता दें कि राफेल में 'मेटेओर' एयर-टू-एयर मिसाइल लगी होती है, जो दृश्य सीमा से बाहर भी मार कर सकती है। इसी प्रकार जे-10 में इसी तरह की पीएल-15 मिसाइल लगी होने की बात मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से सामने आई है। हम आपको यह भी बता दें कि 2019 की लड़ाई में सामने आई हवाई सुरक्षा की खामियों को दूर करने के लिए भारत ने रूस की एस-400 मोबाइल एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल प्रणाली प्राप्त की है जबकि पाकिस्तान ने चीन से एचक्यू-9 प्रणाली हासिल की है जोकि रूस की एस-300 प्रणाली पर आधारित है।

विश्लेषकों का यह भी कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले किसी भी संघर्ष पर चीन का प्रभाव बना रहेगा, जो भारत का प्रतिद्वंद्वी और पाकिस्तान का करीबी सहयोगी और उसका सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता है। इसके अलावा, भले अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान दोनों से तनाव कम करने का आग्रह किया है, लेकिन वह दोनों देशों के बीच किसी भी संघर्ष को चीन की सैन्य क्षमता की जांच के रूप में देखना चाह रहा है। अमेरिका ऐसा इसलिए चाहता है क्योंकि चीनी विमान और उसकी पीएल-15 मिसाइल को अब तक युद्ध में नहीं परखा गया है। इसलिए भले युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ा जायेगा मगर असल में यह पश्चिमी और चीनी तकनीक के बीच मुकाबला हो सकता है। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि भारत के लिए एक चुनौती यह भी रहेगी कि वह कितने स्क्वाड्रन पाकिस्तान सीमा पर तैनात करे और कितने चीन सीमा पर, क्योंकि उसे ड्रैगन से भी खतरा है। हम आपको याद दिला दें कि भारत और चीन ने 1962 में युद्ध लड़ा था और 2022 में दोनों देशों की सेनाएं पूर्वी लद्दाख सीमा पर भिड़ी थीं।

विश्लेषकों का यह भी अनुमान है कि ड्रोन या ज़मीन से लॉन्च की गई मिसाइल से हमला होने की संभावना ज्यादा है क्योंकि इनमें पायलट के पकड़े जाने का खतरा नहीं होता। जहां तक दोनों देशों की मिसाइल और सैन्य ड्रोन क्षमता में ताजा वृद्धि की बात है तो आपको बता दें कि भारत ने इजराइल से लड़ाकू ड्रोन हेरोन मार्क 2 प्राप्त किया है और अमेरिका से प्रीडेटर ड्रोन खरीदने का ऑर्डर दिया है। दूसरी ओर पाकिस्तान ने तुर्की से बायरेक्टर टीबी 2 और अकिंजी ड्रोन हासिल किए हैं, जो रूस-यूक्रेन युद्ध में इस्तेमाल हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान ने शनिवार को 450 किमी की दूरी तक मारक क्षमता और सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। पाकिस्तान ने आज 'एक्स इंद्र' अभ्यास के तहत 120 किलोमीटर रेंज की सतह से सतह पर मार करने वाली 'फतह' सीरीज़ की मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण करने का भी दावा किया है। वहीं भारत की क्षमताओं में 300 किमी रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल और लंबी दूरी की अग्नि श्रृंखला की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल हैं।

बहरहाल, हम आपको याद दिला दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 की झड़प के बाद कहा था कि देश को उस समय राफेल की कमी खली थी। उन्होंने संकेत दिया था कि अगर फ्रांसीसी फाइटर होते तो नतीजा और अलग हो सकता था। इसलिए माना जा सकता है कि इस बार कमाल दिखाने का अवसर राफेल को दिया जा सकता है। कांग्रेस के नेता बार-बार राफेल पर सवाल उठाते हुए पूछ रहे हैं कि उस पर से नींबू मिर्ची कब हटेगी? माना जा रहा है कि राफेल की युद्धक क्षमता दिखा कर पाकिस्तान के साथ-साथ कांग्रेस को भी जवाब देने की तैयारी है। हम आपको याद दिला दें कि कांग्रेस ने 2019 के लोकसभा चुनावों में राफेल खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगा कर मोदी सरकार को घेरना चाहा था लेकिन उसमें उसे सफलता नहीं मिली थी।

**जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर किये गये हिन्दू नरसंहार के बाद जनमानस में उपजे आक्रोष और पाकिस्तान पर कार्यवाही की प्रतीक्षा कर रहा आम जनमानस तथा राजनैतिक दल उस समय हैरान रह गए जब केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का बड़ा निर्णय सुनाया। केंद्र सरकार का यह निर्णय आते ही देश का राजनैतिक विमर्श जातिगत जनगणना पर केन्द्रित हो गया। आमजन यद्यपि यह सोच रहा है कि इस समय जब हम आतंकवादियों के शवों की प्रतीक्षा कर रहे हैं उस समय प्रधानमंत्री जी को ये क्या सूझ पड़ी, किन्तु आश्वस्त है कि प्रधानमंत्री जी ने ऐसा किया है तो अवश्य इसके पीछे कुछ रणनीति होगी। उधर कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन इसे अपनी विजय बताकर प्रसन्नता व्यक्त कर रहा है।**

# ऐतिहासिक निर्णय है जातिगत जनगणना

(मृत्युंजय दीक्षित)

पत्रकार वार्ता में जातिगत जनगणना के निर्णय की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जातिगत जनगणना कराना समता, समरसता, सुशासन और सामाजिक न्याय के एक नये युग का आरंभ है। अब जातिगत जनगणना का मुद्दा पूरी तरह से बीजेपी के पाले में है।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर किये गये हिन्दू नरसंहार के बाद जनमानस में उपजे आक्रोष और पाकिस्तान पर कार्यवाही की प्रतीक्षा कर रहा आम जनमानस तथा राजनैतिक दल उस समय हैरान रह गए जब केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का बड़ा निर्णय सुनाया। केंद्र सरकार का यह निर्णय आते ही देश का राजनैतिक विमर्श जातिगत जनगणना पर केन्द्रित हो गया। आमजन यद्यपि यह सोच रहा है कि इस समय जब हम आतंकवादियों के शवों की प्रतीक्षा कर रहे हैं उस समय प्रधानमंत्री जी को ये क्या सूझ पड़ी, किन्तु आश्वस्त है कि प्रधानमंत्री जी ने ऐसा किया है तो अवश्य इसके पीछे कुछ रणनीति होगी। उधर कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन इसे अपनी विजय बताकर प्रसन्नता व्यक्त कर रहा है। कांग्रेस तो इतनी आतुर हो गई कि उसने सोशल मीडिया पर, सरकार उनकी, सिस्टम हमारा कैप्शन के साथ राहुल का प्रचार आरम्भ कर दिया, फिर उनको याद दिलाना पड़ा कि ये फिल्म में एक खलनायिका द्वारा कहे गए शब्द हैं जो आतंकवादियों के साथ है।

पहलगाम आतंकी हमले के पश्चात प्रधानमंत्री जी ने कड़ा रुख अपनाया है और कहा है, हम आतंकवादियों तथा उनके पीछे छुपे लोगों का धरती के अंत तक पीछा करेंगे और सजा देंगे। प्रधानमंत्री ने इस बार पाकिस्तान को कल्पना से अधिक दंड मिलने की बात भी कही है। संभव है, इस प्रक्रिया में समय लगे और लम्बे समय तक युद्ध की परिस्थितियां बनी रहें। उस समय में विपक्ष अपना राजनैतिक अस्तित्व बचाए रखने के लिए क्यादृक्या कर सकता है? स्वाभाविक रूप से जाती जनगणना जैसे मुद्दों को हवा देगा। भारत की अवश्यम्भावी विजय के उपरांत विपक्ष के पास क्या मुद्दा होगा? स्वाभाविक है वो पुनः अत्यंत आक्रामक रूप से जातिगत जनगणना के मुद्दे को उठाएगा यही कारण है कि केंद्र सरकार ने पहले ही जातिगत जनगणना का निर्णय लेकर उन वर्गों की चिंताओं को दूर कर दिया है जो मानती है कि जातिगत जनगणना उनके पक्ष में होगी और जिनको विश्वास में लेकर राहुल गाँधी तथा उनके मित्र देश और समाज का वातावरण बिगाड़ सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता के विचारों को आत्मसात करते हुए तथा संघ को अपने निर्णय में साथ लेकर केंद्र सरकार ने यह निर्णय लिया है।

कांग्रेस ने जातिगत जनगणना को एक राजनतिक हथियार के रूप में उपयोग करके 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के मिशन 400 को पूरा होने से रोक दिया यद्यपि उसके बाद हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में भाजपा के नए नारों एक रहेंगे नेक रहेंगे और बटेंगे तो कटेंगे ने परिस्थितियाँ पूरी तरह बदल दीं। वर्तमान में भारत -पाक के मध्य चल रहे तनाव के समय सरकार द्वारा लिया गया जातिगत जनगणना का निर्णय विपक्ष के लिए तनाव पैदा करने है भले ही इस समय वो इस फैसले को अपनी जीत मानकर जश्न मना रहा है। वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सहयोगियों व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ मिलकर विरोधी दलों के खतरनाक राजनीतिक एजेंडे पर पॉलटिकिल सर्जिकल स्ट्राइक कर दी है और एक बड़ा मुद्दा उनके हाथों से छीन लिया है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन और सदन के बाहर हमेशा यही कहते थे कि जब भी हमें मौका मिलेगा हम संसद से जातिगत जनगणना का प्रस्ताव पारित करवाकर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जी ने उनके इस कथन का पटाक्षेप कर दिया है और यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस जातिगत जनगणना पर केवल राजनीति ही करती रही है।

वर्ष 1931 में जब देश में अंग्रेजों की सरकार थी तब जातिगत जनगणना हुई थी, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में अधिकांश समय कांग्रेस की सरकारें ही रहीं किंतु कांग्रेस ने कभी भी जातिगत जनगणना करवाने का साहस नहीं किया अपितु पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह सरकार के गृहमंत्री पी चिदम्बरम तक ने सदन मे खड़े होकर 16 बिन्दुओं को आधार मानकर जातिगत जनगणना का कड़ा विरोध किया था और इसे देशहित के खिलाफ बताया था। यह एक कटु सत्य है किआज जिस कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी जातिगत जनगणना के नाम पर देश को अराजकता की आग में झोकने का प्रयास कर रहे हैं उस कांग्रेस ने जातिगत जनगणना का हमेशा विरोध किया और इसे लागू नहीं होने दिया।

पत्रकार वार्ता में जातिगत जनगणना के निर्णय की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जातिगत जनगणना कराना समता, समरसता, सुशासन और सामाजिक न्याय के एक नये युग का आरंभ है। अब जातिगत जनगणना का मुद्दा पूरी तरह से बीजेपी के पाले में है। भाजपा ने कभी भी जातिगत जनगणना का विरोध नहीं किया। स्मरणीय है कि जब बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतिश कुमार इंडी गठबंधन में शामिल थे और उन्होंने जातिगत जनगणना को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाई थी तब बीजेपी ने भी उस बैठक में भाग लिया था और जातिगत जनगणना का समर्थन किया था यद्यपि बीजेपी को विपक्ष के तौर तरीकों पर आपत्ति थी क्योंकि जनगणना मूलतः केंद सरकार का विषय है और इसमें राज्य सरकारों की कोई भूमिका नहीं है। अभी तक जिन राज्यों में यह जनगणना हुई है वह राजनीति से प्रेरित तथा सामाजिक तनाव बढ़ाने वाली रही है।

केंद्र सरकार की जातिगत जनगणना से पहली बार वास्तविक आंकड़े सामने आयेंगे। इस जनगणना के माध्यम से कई चीजे स्पष्ट हो सकेंगी जिसमें एक यह बड़ा मुददा भी है कि हर जाति के दंबग लोग ही आरक्षण का लाभ उठाते चले आ रहे हैं जबकि उन्हीं जातियों और समाज के अन्य लोग पिछड़ते ही चले जा रहे हैं, उन्हें आरक्षण व सरकार की अन्य सुविधाओं का प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिल पा रहा है अर्थात क्रीमिलेयर का भी वास्तविक वर्गीकरण हो सकेगा।

विपक्ष की जातिगत जनगणना केवल हिंदू समाज को जातियों में विभाजित करने की नीयत से थी जबकि मोदी सरकार अब संपूर्णता के आधार पर जातिगत जनगणना कराने जा रही हैं देश के इतिहास में पहली बार मुस्लिम समाज की जातियों की भी जनगणना होने जा रही है। इस जनगणना के माध्यम से धर्मांतरण करने वालों का आंकड़ा भी जुटाया जायेगा। धर्म परिवर्तन करने के कारण देश के कई हिस्सों की जनसंख्या और भौगोलिक संरचना में तेजी से बदलाव देखा गया है।ऐसे में सरकार के यह भी पता करने का इरादा है कि किन धर्मों और जाति विशेष के लोगों में धर्मांतरण हुआ और किस हिस्से में इसका प्रभाव अधिक है। जातिगत जनगणना का परिणाम सामने आने के बाद सामाजिक आर्थिक स्थिति का सटीक डेटा मिल सकेगा। वंचित समूहों के लिए नीतियां बनाने में मदद मिल सकेगी संसाधनों और अवसरो का समान वितरण हो सकेगा तथा सामाजिक असमानता को कम करने में मदद मिलने के साथ जाति व्यवस्था के कारण होने वाले भेदभाव की समस्या का भी समाधान हो सकेगा।

जातिगत जनगणना पर संघ का दृष्टिकोण भी स्पष्ट है कि यदि जातिगत जनगणना का उद्देश्य न्याय और कल्याण है तो समर्थन योग्य है और यदि उसका उद्देश्य राजनीति और समाज को बांटना है तो उसका सदैव विरोध है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस निर्णय का समर्थन किया है। संघ का विचार है कि जाति का अंत आांकड़ों से नहीं, आत्मीयता से होगा लेकिन आंकड़ो के बिना न तो नीति बनेगी न्याय मिलेगा। वैसे भी संघ का मूल कार्य सामाजिक समरसता ही है और वह आगामी समय में सामाजिक समरसता का एक महा अभियान चलाने वाला है। वर्तमान जातिगत जनगणना का स्वरूप संघ के दृष्टिकोण से मेल खाता है।

जातिगत जनगणना की बात सामने आने पर कई विचारक इसमें सनातनी गोत्र को भी जोड़े जाने की मांग कर रहे हैं क्योंकि हिन्दू समाज की रचना में गोत्र, किसी भी समाज के सनातन ऋषि परम्परा से जुड़ाव को स्थापित करता है। हिन्दू जीवन के सभी सोलह संस्कारों तथा पूजा एवं दान के संकल्प में गोत्र का नाम लिया जाना अनिवार्य होता है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गांधी मैदान स्थित हनुमान वाटिका परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने की। बैठक में एक से पांच जून तक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय हुआ। कार्यक्रम को लेकर रुपरेखा तैयार की गई और सदस्यों के बीच कार्यो का बटवारा भी किया गया। बैठक में कई लोग उपस्थित थे।

### छात्रों को नहीं मिली किताब

**गढ़वा/धुरकी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों को अबतक किताबें नहीं मिली हैं। छात्रों के बीच किताबों का वितरण नहीं होने से उनमें मायूसी है। उनकी पढ़ाई भी बाधित हो रही है। शैक्षणिक सत्र तीन महीने गुजरने के बाद भी छात्र नई किताबों का इंतजार कर रहे हैं। प्रखंड अंतर्गत आठ हाईस्कूल, 16 मध्य विद्यालय और 38 प्राथमिक विद्यालय हैं। उनमें करीब 10 हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

### बीडीओ ने किया आवास योजनाओं का निरीक्षण

**लोहरदगा/कैरो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोहरदगा कैरो प्रखण्ड बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने सोमवार को कैरो पंचायत में संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इसके अंतर्गत पीएम आवास, अबुआ आवास के अलावा मनरेगा के तहत बागवानी और कूप निर्माण का निरीक्षण किया गया। इसमें पीएम आवास के लाभुक गफूर अंसारी, बबलू राम, शनिचरवा महली, सनु परवीन, शिवजतन साहू, रीना देवी, बिंदेश्वर महली, अफरोज परवीन, सैमुन बीबी, रुस्तम खान, करमी देवी, उर्मिला देवी, मनमती देवी, यशोदा देवी के घर जाकर आवास निर्माण को देखा। मनरेगा योजना के तहत मुर्गी शेड के लाभुक मंसूर आलम, इम्तियाज अंसारी, इमरान खान के घर जाकर सरकार के द्वारा मानक आधार पर शेड निर्माण ससमय करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही योजनाओं से सबंधित कर्मियों को फटकार लगाते हुए समय से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया कि आवास निर्माण के लाभुक अगर कार्य ठीक से नहीं कर रहे हैं। तो उसका अगला किस्त रोक दिया जाए। मौके पर बीपीओ अरविंद कुमार, दिनेश कुमार, नंदा भगत, रामप्रसाद पाल, विपिन उरांव आदि मौजूद थे।

### रेडक्रॉस दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 8 को

**डालटनगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की पलामू जिला शाखा-डालटनगंज एवं पारस हॉस्पिटल रांची के संयुक्त तत्वावधान में पलामू क्लब में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 8 मई को किया गया है। शिविर में रक्तदान भी किया जायेगा। शिविर की शुरूआत पूर्वाहन 11 बजे से होगी और दोपहर तीन बजे तक इसका आयोजन होगा। रेडक्रॉस सोसाइटी पलामू के सचिव डा. सत्यजीत गुप्ता ने मंगलवार को थाना रोड स्थित रेडक्रॉस भवन में पत्रकारो को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में पारस हॉस्पिटल रांची के प्रसिद्ध ह्दय रोग विशेषज्ञ डा. कुमार अभिषेक आर्या, नस रोग विशेषज्ञ डा. अरूण कुमार एवं फिजिशियन अपनी सेवा देंगे। डालटनगंज के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. विजय कुमार सिंह एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. प्रसून कुमार व ह्दय रोग के डा. सचिदानंद भी अपनी सेवा देंगे। डा. गुप्ता ने रेडक्रॉस पलामू के सदस्यों एवं जिलेवासियों से इस स्वास्थ्य शिविर में आकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराने एवं चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की है।

### पर्यटन विकास कार्यों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कर्रा स्थित लतरातू डैम में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु किए जा रहे विकास कार्यो का आज संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में जिला पर्यटन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के पदाधिकारी शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान टिकट काउंटर, स्टाफ क्वार्टर, फूड कोर्ट, डाइनिंग एरिया, मड हाउस, कॉटेज, टॉयलेट, ओपन एयर स्टेज, सुरक्षा कार्यालय, बाउंड्री फेंसिंग समेत विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने कार्य प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि आगामी एक माह के भीतर सभी कार्य पूर्ण किए जाएं, ताकि लतरातू डैम का संचालन पर्यटकों के लिए शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। यह परियोजना न केवल क्षेत्र के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएगी।

### कुलपति ने किया पलामू इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी में हो रही परीक्षा का निरीक्षण

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह ने मंगलवार को चियांकी स्थिति पलामू इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी में हो रही परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा चियांकी स्थित पलामू इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी परीक्षा केंद्र में आयोजित बीएड द्वितीय वर्ष 2025 बैगलौग की परीक्षा का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होने परीक्षा केंद्र के सभी भवनों में जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने वीक्षकों से परीक्षा की पूरी कड़ाई से निगरानी करने को कहा। कुलपति ने पूरी विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संपन्न हो। मौके पर केंद्राधीक्षक डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

### चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार, भेजा जेल

**कोडरमा/मरकच्चो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय पुलिस ने सोमवार को चोरी के आरोप में तीन प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनमें धनबाद जिला के टुंडी निवासी उमेश मरांडी,बरवाअड्डा निवासी संजय किस्कू और टुंडी निवासी रंजीत बेसरा का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार उक्त तीनो आरोपियों ने थाना क्षेत्र के महुगाई पंचायत अंतर्गत बरवाडीह गांव के घर में शनिवार की रात चोरी करने के उद्देश्य से घुसे थे। इसी दौरान शौच के लिए निकले घर के लोगों ने चोरों को देख कर हल्ला करना शुरू कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने एक चोर उमेश मरांडी को मौके से ही पकड़ लिया। जबकि दो लोग भागने मे सफल रहे। पकड़े गए युवक को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए युवक से पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर संजय किस्कू और रंजीत बेसरा को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# साहिबगंज में सरेआम इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानदार को मारी गोली

## पुलिस तलाश रही हत्या की वजह



**साहिबगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के कॉलेज रोड पर चैती दुर्गा स्थान से पहले स्थित इलेक्ट्रोनिक्स दुकान में घुसकर अपराधियों ने दुकानदार संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू (35) को गोली मार दी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी अमित कुमार सिंह मौके पर पहुंच मामले की छानबीन की। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आसपास के लोगों ने बताया कि दो युवक ग्राहक के रूप में पैदल ही दुकान में घुसे और बिल्कुल पास से सटाकर संजीव के सीने में गोली दाग कर मौके से चलते बने। बताया जाता है कि एक अपराधी भगवा व दूसरा अपराधी काले रंग के गमछे से अपना चेहरा ढक रखा था। घटना के समय संजीव दुकान के काउंटर पर बैठक सामने खड़े दो ग्राहक को सिलिंग पंखा दिखा रहा था। इसी दौरान मुंह ढककर दो युवक आकर दुकान में पहले से खड़े दोनों ग्राहक के पास कुछ देर खड़ा रहा । संजीव को लगा होगा कि शायद कोई ग्राहक सामान लेने आया होगा। पहले से खड़े दो ग्राहकों को पंखा दिखाने के क्रम में ही काला गमछे से मुंह ढके युवक ने कमर से कट्टा निकाल कर पास से संजीव के सीने में गोली दाग दी। उधर,आसपास के लोगों ने आनन-फानन में दुकानदार को सदर अस्पताल ले आया। अस्पताल में ड्यूटी पर रहे डॉक्टर चंदन कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया । परिजनों के अनुसार पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। इस बीच में एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज पर पुलिस आगे की तफ्तीश कर रही है। घटना की वजह अभी बहुत स्पष्ट नहीं है। दोनों अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सुनियोजित तरीके से संजीव को मारी गोली,वजह साफ नहीं**

साहिबगंज। शहर के कॉलेज रोड पर चैती दुर्गा स्थान से पहले स्थित जीएस इलेक्ट्रोनिक्स दुकान में रविवार को सरेशाम दो अपराधियों ने घुसकर दुकानदार संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू की हत्या कर सनसनी फैला दी है। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया दोनों अपराधियों सुनियोजित ढंग से वारदात को अंजाम दिया है। हालांकि पुलिस के मुताबिक घटना की वजह क्या है यह अब तक साफ नहीं हो सका है। दोनों अपराधी कौन है और कहां से आया था पुलिस इसका पता लगाने के लिए दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक पूरी घटनासीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज को देखने से एक बात साफ पता चल रहा है कि दोनों अपराधकर्मी संजीव की हत्या के इरादे से ही दुकान में आया था। बिना कोई बात किए सीधे कमर से कट्टा निकाल कर पास से गोली मारने के बाद मौके से भाग निकला है। इधर,परिजनों के अनुसार संजीव का किसी के साथ कोई विवाद नहीं था। वह बेहद मिलनसार स्वभाव का युवक था। फिर कौन इस तरह की घटना को अंजाम दे सकता है। घटना से आसपास के दुकानदारों में भय का माहौल है। एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

**बाइक पर सवार होकर आए थे दोनों अपराधी**

पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वारदात को अंजाम देने के लिए दोनों अपराधकर्मी बाइक पर सवार होकर आए थे। समझा जा रहा है कि बाइक को संजीव की दुकान से थोड़ी दूर पहले खड़ा कर पैदल ही दुकान तक वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंचा था। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी बाइक से फरार हो गए। इधर,घटना की सूचना मिलते ही नगर व जिरवाबाड़ी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

**सीने में आर-पार हो गई थी गोली**

कॉलेज रोड स्थित जेएस इलेक्ट्रॉनिक दुकान घटनास्थल से सदर अस्पताल लाने के क्रम में ही संजीव कुमार गुप्ता ने दमतोड़ दिया था। अस्पताल के डॉक्टर के मुताबिक गोली संजीव के सीने में बाएं तरफ पास से गोली मारी गई थी। डॉक्टर ने बताया कि गोली सीने में आरपार हो गई थी। अत्यधिक रक्तस्राव हो जाना भी उसकी मौत की एक प्रमुख वजह माना जा रहा है।

**सीसीटीवी खंगाल रही है पुलिस**

अपराधियों के सुराग के लिए पुलिस संजीव के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। पुलिस को सीसीटीवी से दोनों अपराधियों के हुलिया का पता चल गया है। पुलिस अपराधियों के भागने के रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों के भी फुटेज को खंगाल रही है। इस मामले में हाल ही में जेल से छुटे एक अपराधी पर पुलिस को शक है। पुलिस फिलहाल उसकी कुंडली खंगाल रही है।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

अपने पीछे पत्नी के अलावा सात साल की पुत्री व चार साल का पुत्र छोड़ गया है। जानकार के मुताबिक मृतक संजीव कुमार उर्फ गुड्डू अपने पीछे सात साल की पुत्री व एक चार साल का पुत्र छोड़ गया। आसपास के लोगों के अनुसार मृतक मिलनसार युवक था। घर में कमाने वाले एक मात्र सदस्य संजीव ही था। संजीव घर का अकेला बेटा था। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा है।

**10 मिनट पहले संजीव पुत्री के लिए खरीदी थी दवा**

आसपास के लोगों ने बताया कि घटना से ठीक 10 मिनट पहले संजीव अपनी पुत्री के लिए पास के ही मेडिकल शॉप से कुछ दवा खरीदा था। वहां से संजीव सीधे अपनी दुकान आ गया। जैसे ही वह दुकान में बैठा , इसी बीच दो ग्राहक आ गया और पंखा दिखाने को कहा। इसबीच पीछे से चेहरा ढके दो अपराधी भी दुकान में आ धमके और कुछ देर बाद गोली मार दी।

# राज्य सरकार की स्मार्ट मीटर योजना व भूमि सर्वे जनविरोधी, भ्रष्टाचार का बोलबाला : अवध बिहारी चौधरी

## मांझी विधानसभा झेत्र में आयोजित राजद की सामाजिक न्याय परिचर्चा में गूंजा 65% आरक्षण का मुद्दा




**छपरा/मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजद द्वारा मांझी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दाउदपुर के बनवार गांव स्थित शिव वाटिका के सभागार में मंगलवार को सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय, आरक्षण, संगठन विस्तार व सरकार की नीतियों पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने कहा कि राजद ने वंचित तबकोंः दलित, महादलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा व अल्पसंख्यक समुदायों आदि की आवाज बुलंद करते हुए 65% आरक्षण की मांग को जोर-शोर से उठाया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के इस एजेंडे को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार की स्मार्ट मीटर योजना व भूमि सर्वे को जनविरोधी बताते हुए उसमें व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर किया। उन्होंने कहा कि राजद जनता के सामने एनडीए सरकार की विफलताओं को मजबूती से रख रही है। राजद नेता श्री चौधरी ने बताया कि राज्य के प्रत्येक बूथ पर दो-दो सक्रिय कार्यकताओं की नियुक्ति की योजना बनाई गई है, ताकि पार्टी की जमीनी पकड़ और मजबूत हो। साथ ही युवाओं और शहरी मतदाताओं से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और मोबाइल ऐप का व्यापक उपयोग किया जाएगा। विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी व मांझी विधानसभा क्षेत्र से राजद के प्रबल व संभावित प्रत्याशी सुधांशु रंजन पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक न्याय परिचर्चा पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता व संगठनात्मक सुदृढ़ता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राजद को सकारात्मक जनसमर्थन मिलने की पूरी संभावना है, बशर्ते पार्टी एकजुट और सतर्क बनी रहे। उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद ने हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह सहायता और वृद्धावस्था पेंशन को 1500 रुपए करने, गैस सिलेंडर पर 500 रुपए की सब्सिडी देने जैसे कई लोक कल्याणकारी घोषणाएं की हैं, जिनसे पार्टी को ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में मजबूती मिलेगी। परिचर्चा की अध्यक्षता मांझी प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू कुशवाहा फौजी ने की, मंच संचालन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मन्नान खान ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जलालपुर प्रखंड अध्यक्ष श्रीराम राय ने किया। सभा को संबोधित करने वालों में जिलाध्यक्ष सुनील राय, हथुआ विधायक राजेश सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक राजेन्द्र राम, पूर्व विधायक फराज फातमी, युवा राजद प्रदेश महासचिव शिवेंद्र कुमार तांती, राजू रुद्र यादव, कन्हैया यादव, मुल्तान खान, रास बिहारी शर्मा समेत कई प्रमुख नेता शामिल रहे।

**सामाजिक न्याय परिचर्चा पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता व संगठनात्मक सुदृढ़ता का प्रतीक : सुधांशु रंजन**

# श्रावणी मेला को ले तैयारी शुरू, मंत्री ने की बैठक

**देवघर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 11 जुलाई से शुरू हो रहे राजकीय श्रावणी मेले की तैयारी की समीक्षा को लेकर राज्य के पर्यटन सह नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू देवघर पहुंचे और स्थानीय सर्किट हाउस में देवघर और दुमका जिले के अधिकारियों के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में संथाल परगना के आयुक्त लालचंद डांडेल, देवघर, दुमका के डीसी, एसपी समेत अन्य विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

वही देवघर विधायक सुरेश पासवान सारठ विधायक चुना सिंह मौजूद थे इस दौरान मंत्री ने देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विभागवार किये जाने वाले कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए विभागों द्वारा तैयार कार्य योजना व प्रस्तावित बजट पर चर्चा करते हुए शेष बचे विभागों के अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से देवघर के डीसी विशाल ने मंत्री को विभाग बार हुई तैयारी की जानकारी पर्यटन मंत्री को दी। मंत्री ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु देश-विदेश बाबा बैद्यनाथधाम और बासुकीनाथधाम पहुचेंगे। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी या समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें। वहीं विभागों की बिन्दुवार समीक्षा के क्रम में मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अपने-अपने विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं यथा कांवरिया पथ महीन बालू बिछाव, विद्युत व्यवस्था, मेडिकल सुविधा, साफ-सफाई, आवासन, रुटलाइन में पंडाल निर्माण, पेयजल, शौचालय, स्नानगृह, साज-सज्जा कार्य आदि को और भी बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास करें, ताकि देवतुल्य श्रद्धालु बाबा नगरी से एक अच्छी अनुभूति लेकर जाएं।

# ब्लैक आउट अवधि में आमजन करें सहयोग : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव ने बुधवार 07 मई को आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान अपराह्न 06 से 07 बजे तक बीएस सिटी क्षेत्र एवं आइईएल प्लांट क्षेत्र में ब्लैक आउट होगा। इस दौरान *संपूर्ण ब्लैक आउट का अनुपालन करना है। उपायुक्त ने आमजनों से ब्लैक आउट अवधि में सहयोग करने का अपील किया है। उन्होंने घरों की बत्तियों, स्ट्रीट/गार्डन लाइट्स को बंद रखने, खिड़कियों - दरवाजों पर पर्दा डालने, इनवर्टर एवं जनरेटर आदि का इस्तेमाल नहीं करने, गाड़ियों की हेडलाइट्स को बंद रखने का अपील किया है।

**क्या होता है ब्लैक आउट**

किसी भी देश पर जब युद्ध का खतरा होता है या फिर हवाई हमले की संभावना बनी हुई होती है, तो उस स्थिति में दुश्मन द्वारा जमीन पर मौजूद रोशनी को निशाना बनाया जाता है। इस कड़ी में घरों में जलती हुई रोशनी, गाड़ियों की हेडलाइट्स व सड़कों पर जलती हुई बत्तियां भी दुश्मन के लिए निशाना साधने में मदद करती हैं।

**क्यों जरूरी है ब्लैक आउट**

ब्लैक आउट में जब पूरी जमीन पर पूरी तरह से अंधेरा होता है, तो इसमें हवाई क्षेत्र से दुश्मन को निशाना साधने में मुश्किल होगी। क्योंकि, पूरी तरह से अंधेरा होने की वजह से दुश्मन किसी भी चीज को निशाना नहीं बना सकता है। ऐसे में जान-माल का नुकसान अधिक होने की संभावना कम होती है।

### बीडीओ ने औचक निरीक्षण में पंचायत सहायकों की उपस्थिति जांच

**कोडरमा/डोमचांच/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड की जानपुर पंचायत का सोमवार को बीडीओ भोला पांडेय ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पंचायत सचिवालय की साफ-सफाई, पंचायत ज्ञान केंद्र, बायोमीट्रिक हाजिरी, पंचायत सहायकों की उपस्थिति, संचिकाओं और कैशबुक की जांच की गई। मनरेगा के तहत चल रही बिरसा हरित ग्राम योजना में लाभुकों को बागवानी के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बिरसा सिंचाई और कूप योजना के लाभुकों को भी योजना का लाभ लेने को कहा गया। कलीडीह, लेंबोइया गांव में रीता देवी,पति- बासो सिंह के आम बागवानी का निरीक्षण किया गया। इसी गांव में सुमन देवी और प्रदीप सिंह की जमीन पर हो रही आम बागवानी की भी जांच की गई। जानपुर की फुलेरवा खातून, पति- असगर अली के नए बागवानी कार्य का निरीक्षण कर जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया।

# सगालीम में शिव परिवार इकाई की संगोष्ठी 21 को



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पांकी, तरहसी व लेस्लीगंज प्रखंड के शिव शिष्य परिवार इकाई के कार्यकताओं की संगोष्ठी पांकी प्रखंड के सगालीम में आगामी 21 मई को आयोजित की गई है। इसकी जानकारी लेस्लीगंज शिव शिष्य परिवार ईकाई के प्रखंड अध्यक्ष भाई कमलदेव ने दी। उन्होंने बताया कि शिव शिष्य परिवार ईकाई के कार्यकताओं की संगोष्ठी शिव शिष्यता की आध्यात्मिक यात्रा सह पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजित की गई है। संगोष्ठी में शिव शिष्य परिवार इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई धनंजय शामिल होंगे। संगोष्ठी में भाई धनंजय पर्यावरण से जुड़ने व ग्रामीणों से पौधा लगवाने के बारे में कार्यकताओं को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि भाई धनंजय ने कहा है कि शिव व प्रकृति में अनोनाश्रय संबंध है। शिव के बिना प्रकृति अधूरा है। प्रकृति के बिना शिव अधूरे हैं। जो महेश्वर शिव से आत्मिक प्रेम करते हैं, वे निश्चित तौर पर प्रकृति से प्रेम करते होंगे। भाई धनंजय का मानना है कि प्रत्येक मानव एक पौधा स्वहित में जरूर लगाएं। साथ ही एक पौधा परहित में लगाएं। जिस भी धर्म को मानते व जिस भी जाति में जीते हैं, ऑक्सीजन सभी के लिए जरूरी है। यह ऑक्सीजन कहां से आएगा। प्रकृति से तो हम बहुत कुछ ले रहे हैं। लेकिन प्रश्न उठता है कि आखिर प्रकृति को हम क्या दे रहे हैं। सभी को पर्यावरण संरक्षण की चाहत रखनी चाहिए। वर्तमान काल खंड में पर्यावरण को संरक्षित करने से बड़ा कोई भी धर्म नहीं है। हम सभी जाति, धर्म, वर्ण व वर्ग से ऊपर उठकर पर्यावरण संरक्षण के जन अभियान में अपनी जन भागीदारी सुनिश्चित करें। भाई कमल देव ने सभी कार्यकताओं को 21 मैं को सगालीम पहुंचने का आह्वान किया है।

# पांडू में हिंदुस्तान हेल्थ केयर सेंटर का विश्रामपुर विधायक ने किया उद्घाटन




**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पांडू प्रखंड मुख्यालय में हिंदुस्तान हेल्थ केयर सेंटर का क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने उद्धघाटन किया। इस अवसर पर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान हेल्थ केयर सेंटर खुलने से क्षेत्र के लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। उन्होंने हेल्थ केयर सेंटर के संचालक शहंसाह खान को स्वास्थ्य सेवा के सभी नियमों का अनुपालन करते हुए लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवस्था से लोगो को स्वास्थ्य सुविधा का अत्यधिक लाभ मिलता है । कहा कि स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में बिकास भी होता है। कहा कि स्वास्थ्य केंद्र संचालकों को हमेशा इस बात का ख्याल रखकर कार्य करना चाहिए कि उनके द्वारा उनके पास आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मिले जिससे लोगो का विश्वास बढ़े। वही मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि गोविंद सिंह, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, सुरेंद्र सिंह, विक्रमादित्य पाण्डेय, ब्रजभूषण सिंह,राम प्रवेश साव, डा जे प्रसाद, संचालक शहंसाह खान, मोङ्क फिरोज खान सहित कई लोग मौजूद थे।

### जंगली जानवर के हमले में वृद्धा की मौत

**चतरा/प्रतापपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कोलमालहन गांव के जंगल में महुआ चुनने गई एक वृद्ध महिला को जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया जिसकी बाद में मौत हो गयी। जंगली जानवर जो महिला पर हमला किया उसे कोई भालु बता रहा है तो कोई शेर होने की बात कह रहे हैं। मृतक महिला कोलमालहन निवासी सहायक शिक्षक सुरेंद्र कुमार यादव की 65 वर्षीय माता चंद्रमणि देवी है। महुआ चुनने के दौरान सोमवार की सुबह में अचानक किसी जंगली जानवर ने उसपर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया जिससे उनकी मौत हो गई है। परिजनों के अनुसार, जब चंद्रमणि देवी काफी देर तक घर नहीं लौटीं तो उनकी खोजबीन शुरू की गई। खोज के दौरान जंगल में उनका शव खून से सना मिला। पास में जानवर के पंजों के निशान भी पाए गये, जिससे यह संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि किसी जंगली जानवर ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर भाग गया और बाद में उसकी मौत हो गई।

# उपायुक्त द्वारा जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण

## दस्तावेजों एवं कार्यों की गहन समीक्षा कर दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश



**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित जिला कोषागार कार्यालय का आज उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कोषागार पदाधिकारी श्री शिव कुमार सिंह सहित सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कार्यालय उपस्थिति पंजी की जांच कर सभी कर्मियों को अनिवार्य रूप से बॉयोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने लंबित एसी/डीसी बिल, सर्विस बुक, गार्ड फाइल, ऑडिट रिपोर्ट सहित अन्य दस्तावेजों की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना किसी कारण कोई भी बिल भुगतान लंबित न रखा जाए। लेखा, पेंशन, जीपीएफ कक्ष का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कर संबंधित रिपोर्ट को रजिस्टर में संधारित करने के निर्देश दिए। पेंशनधारियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने कोषागार से हो रहे पीपीओ पेंशन भुगतान की जानकारी ली एवं बैंक के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया। इस क्रम में उपायुक्त ने जिला वज्रगृह का भी निरीक्षण किया। वहां प्रतिनियुक्त सुरक्षा गार्ड को सतर्क रहने एवं आने-जाने वाले सभी पदाधिकारियों, कर्मियों तथा अन्य व्यक्तियों की जानकारी अनिवार्य रूप से रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। वज्रगृह में उपलब्ध दस्तावेजों एवं सामग्रियों का निरीक्षण कर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अंत में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य निष्पादन करने की सख्त हिदायत दी, ताकि कोई भी बिल या कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता श्री परमेश्वर मुण्डा एवं नजारत उप समाहर्ता श्रीमती कोमल कुमारी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एक दिन में 5.61 अरब डॉलर की कमाई...

## इस साल पहली बार प्रॉफिट में आए गौतम अडानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप के सभी शेयरों में सोमवार को भारी तेजी रही। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अडानी के प्रतिनिधियों ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात की। अमेरिका में अधिकारियों ने अडानी ग्रुप के कुछ अधिकारियों पर भारत में ग्रीन एनर्जी के ठेके हासिल करने के लिए रिश्वत देने और यह बात अमेरिकी निवेशकों से छिपाने का आरोप लगाया था। माना जा रहा है कि इन आरोपों को हटाने के सिलसिले में अडानी ग्रुप के प्रतिनिधि अमेरिकी अधिकारियों से मिले थे। इस खबर के आते ही अडानी ग्रुप के शेयरों में 10 प्रतिशत से अधिक उछाल आई। इस तेजी से ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में



5.61 अरब डॉलर यानी 4,73,26,91,37,000 बढ़ गई। सोमवार को वह सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपति रहे। इसके साथ ही इस साल पहली बार अडानी की नेटवर्थ पॉजिटिव में आई है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 82.2 अरब डॉलर पहुंच गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 3.49 अरब डॉलर की तेजी आई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें नंबर पर बने हुए हैं।

**मुकेश अंबानी की नेटवर्थ**– इस बीच दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में सोमवार को 4.97 अरब डॉलर की गिरावट आई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 101 अरब डॉलर की गिरावट आई है और यह 331 अरब डॉलर रह गई है। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स मार्क जकरबर्ग 212 अरब डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर आ गए हैं जबकि ऐमजॉन के को–फाउंडर जेफ बेजोस (209 अरब डॉलर) के साथ तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं।

## सोलर से जुड़ी एक और कंपनी वेलस्पन एनर्जी का आ रहा आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर एनर्जी सेक्टर में एक और कंपनी आईपीओ की तैयारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक वेलस्पन एनर्जी के को–फाउंडर विनीत मित्तल के अवाडा ग्रुप ने सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के 4,000–5,000 करोड़ रुपये के आईपीओ की तैयारी शुरू कर दी है। मनीकंट्रोल के



सूत्रों ने बताया कि समूह ने सोलर मॉड्यूल ब्रांच के आईपीओ के प्रबंधन के लिए कई निवेश बैंकों और कानूनी फर्मों से संपर्क किया है। सूत्रों की मानें तो आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल समूह की पूंजीगत व्यय योजनाओं को फंड देने के लिए किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य में 5 गीगावाट (त्नङ्ख) एकीकृत सौर मॉड्यूल और सेल विनिर्माण सुविधा स्थापित करना शामिल है।

# हर शेयर पर 2.15 डिविडेंड दे रहा जम्मू और कश्मीर बैंक

### निवेशकों में दांव लगाने की होड़




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू और कश्मीर बैंक ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में नेट प्रॉफिट पिछले साल की समान तिमाही के 640 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत घटकर 585 करोड़ रुपये रह गया। बैड लोन को कवर करने के लिए अधिक प्रावधान के कारण ऐसा हुआ। तिमाही के लिए बैंक का प्रावधान-पूर्व परिचालन लाभ 664 करोड़ रुपये के मुकाबले 20.5 प्रतिशत बढ़कर 800 करोड़ रुपये हो गया। संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार के बावजूद खराब और संदिग्ध लोन को कवर करने के लिए प्रावधान 58 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले साल की समान अवधि में प्रावधान 47.4 करोड़ रुपये था। पिछले वित्त वर्ष के अंत में इसका ग्रॉस एनपीए रेश्यो 3.37 प्रतिशत तक गिर गया, जबकि एक साल पहले यह 4.08 प्रतिशत था। पूरे वित्त वर्ष के लिए नेट प्रॉफिट 2083 करोड़ रुपये रहा, जो बैंक के लिए अब तक का सबसे अधिक है। वार्षिक नेट प्रॉफिट में पिछले वित्त वर्ष के 1767 करोड़ रुपये से 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें अन्य आय में 38 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1137 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसकी शुद्ध ब्याज आय 11 प्रतिशत बढ़कर 5794 करोड़ रुपये हो गई।

### डिविडेंड की सिफारिश

जम्मू और कश्मीर बैंक बोर्ड ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 1 रुपये फेस वैल्यू के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 2.15 रुपये का डिविडेंड देने की सिफारिश की, जो 215 प्रतिशत डिविडेंड के बराबर है।

### शेयर का हाल

बीते शुक्रवार को जम्मू और कश्मीर बैंक के शेयर की बात करें तो 2.41 प्रतिशत बढ़कर 96.41 रुपये पर पहुंच गई है। यह शेयर ट्रेडिंग के दौरान 97.40 रुपये पर पहुंच गई। 7 अप्रैल 2025 को शेयर 82.01 रुपये पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है।

### शेयर बाजार का हाल

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार में तूफानी तेजी थी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 294.85 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 80,796.84 अंक पर बंद हुआ। यह चार महीनों से अधिक समय का इसका उच्चतम बंद स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 114.45 अंक यानी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 24,461.15 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी के लिए भी यह वर्ष 2025 का अब तक का सबसे ऊंचा बंद स्तर है।


## वित्त मंत्री सीतारमण की एडीबी प्रमुख मसातो कांडा के साथ बैठक, इन मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार इटली के मिलान में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की। यह मुलाकात एडीबी की 58वीं वार्षिक बैठक के दौरान हुई। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। एडीबी प्रमुख मसातो कांडा के साथ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण। - फोटो = एक्स/एएनआई वित्त मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वित्त मंत्री सीतारमण ने इस बात को दोहराया कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाले आर्थिक विकास पर फोकस कर रहा है और अधिक से अधिक व्यापार करने में आसानी के लिए लगातार दिवालिया कानून (आईबीसी), कॉर्पोरेट कर की दर में कमी और जीएसटी क्रियान्वयन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्ससाहन (पीएलआई), राष्ट्रीय ढांचागत पाइपलाइन (एनआईपी), गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और स्टार्ट अप इंडिया जैसी पहलों के जरिए अनुकूल नीति और पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है। सीतारमण ने इस बात पर जोर देकर कहा कि भारत एडीबी के लिए नए और नवाचारपूर्ण वित्तीय उत्पादों व मॉडल को अपनाने का एक बेहतर अवसर प्रदान करता है। (एडीबी प्रमुख) कांडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के तहत भारत की विकास प्राथमिकताओं को लेकर एडीबी के पूर्ण समर्थन की बात कही।




### माइक्रोसॉफ्ट, ऐपल, एनवीडिया...

# ट्रंप के एक ऐलान से दुनिया की टॉप वैल्यूएबल कंपनियों की लग गई लॉटरी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका समेत दुनियाभर की शेयर मार्केट में पिछले कुछ समय से बहार है। कई कंपनियों के शेयर में तेजी आई हुई है। दुनिया की 5 सबसे मूल्यवान कंपनियों की बात करें तो इनके शेयर पिछले एक महीने में रॉकेट हो गए हैं। इनमें माइक्रोसॉफ्ट, ऐपल, एनवीडिया, अमेजन और एल्फाबेट हैं। यह पांचों अमेरिका की कंपनी हैं। इसने शेयर में पिछले एक महीने में 20 फीसदी से ज्यादा तक का उछाल आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ के कारण दुनियाभर में ट्रेड वॉर छिड़ गया था। दुनियाभर की शेयर मार्केट धड़ाम हो गई थी। इससे अमेरिका भी नहीं बच पाया था। वहीं अमेरिका और चीन के बीच ज्यादा से ज्यादा टैरिफ लगाने की होड़ मच गई थी। इससे इन मूल्यवान कंपनियों के शेयर धड़ाम हो गए थे। हालांकि अब स्थिति में कुछ नरमी दिखाई दे रही है।

### टैरिफ के बाद बुरा हाल

डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल जनवरी में राष्ट्रपति का पदभार संभाला था। इसके बाद उन्होंने भारत और चीन समेत दुनियाभर के कई देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। इससे ट्रेड वॉर छिड़ गया और कई देशों की शेयर मार्केट धड़ाम हो गई। इससे अमेरिका भी नहीं बचा था। इसके बाद इन कंपनियों के शेयर भी बुरी तरह गिर गए थे। बात अगर 6 महीने की करें तो इन पांचों कंपनियों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। 6 महीने का रिटर्न देखें तो माइक्रोसॉफ्ट को छोड़ सभी कंपनियां नुकसान में हैं। इन 6 महीने में

### कितनी आई तेजी

पिछले एक महीने में इन मूल्यवान कंपनियों के शेयर 8 से लेकर 21 फीसदी तक उछल गए हैं। सबसे ज्यादा तेजी माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के शेयर में आई है। इस कारण यह कंपनी हाल ही में दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। इसने ऐपल को पीछे छोड़ यह नंबर हासिल किया। माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के शेयर में तेजी कंपनी की क्लाउड सर्विस और एआई की बढ़ती मांग के कारण आई है। वैसे कंपनियों में तेजी का प्रमुख कारण ट्रंप का एक ऐलान भी है। ट्रंप ने फिलहाल टैरिफ को 90 दिनों के लिए टाल दिया है। इससे दुनियाभर में ट्रेड वॉर अभी थम गया है। ये 90 दिन का समय जुलाई में पूरा होगा। इसके बाद ट्रंप क्या फैसला लेंगे, आगे की स्थिति तभी साफ होगी।

## गोल्ड ने मारी बाजी, होम और पर्सनल लोन रह गए पीछे, जानें दूसरे सेगमेंट पर क्यों भारी पड़ रहा सोना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बढ़ती कीमतों के साथ ही लोन लेने के मामले में भी सोने ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वित्त वर्ष 2025 में ये सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ने वाला कंज्यूमर क्रेडिट सेगमेंट बन गया है। इसने घर, गाड़ी के लोन, क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन तक को पीछे छोड़ दिया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, इस साल बैंकों का सोने की जूलरी के बदले दिया गया लोन 2.09 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह एक साल पहले 1.03 लाख करोड़ रुपये करीब दोगुना है।



**गोल्ड लोन में तेजी की क्या है कारण**– बैंकर्स और लोन फाइनेंस से जुड़े लोगों का कहना है कि कीमतों में बढ़ोतरी और पर्सनल लोन जैसे अनसिक्योर्ड लोन पर कार्रवाई के चलते सोने के लोन की डिमांड में तेजी आई है। मई 2024 में सेंट्रल बैंक के निर्देश के बाद कुछ बैंकों ने एग्रीकल्चर लोन को सोने के लोन में बदल दिया।

**क्या कहते हैं आंकड़े**– रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च 2020 में कुल रिटेल क्रेडिट में बैंकों के सोने के लोन का हिस्सा 1.2 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2025 में 3.5 प्रतिशत हो गया। नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों में भी इसी तरह की वृद्धि देखी गई है। मार्च 2020 और मार्च 2025 के बीच सोने की कीमतों में सालाना 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इन पांच सालों में सोने की कीमतों में कुल 122 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2020 में सोने के लोन का पोर्टफोलियो 33,257 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2025 में 208,735 करोड़ रुपये हो गया।

# यश बैंक को मिलेगा नया मालिक, आरबीआई की मंजूरी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यस बैंक को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। जापान की बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज प्रदान करने वाली कंपनी सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने यस बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए मंजूरी दे दी है। इस पूरे प्रकरण की जानकारी रखने वाले व्यक्तियों से लाइव मिंट को यह जानकारी मिली है। रिपोर्ट के अनुसार इस डील की वैल्यू 1.7 बिलियन डॉलर हो सकती है। यस बैंक के शेयर आज 19.24 रुपये पर खुले है। कंपनी के शेयर 9.17 मिनट पर 9.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 19.44 रुपये के लेवल पर पहुंच गए थे।

**जापानी बैंक के पास क्या हैं विकल्प**– सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन या तो यस बैंक का कम से कम 26 प्रतिशत खरीदे और शेयर स्वैप के जरिए मर्जर करे। या फिर जापान का बैंक 26 प्रतिशत हिस्सा खरीदे और ओपन ऑफर लॉन्च करे। बता दें, मौजूदा समय में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अन्य बैंकों की यस बैंक में कुल हिस्सेदारी 33 प्रतिशत है।

**'एसबीआई और अन्य बैंकिंग शेयरहोल्डर्स हिस्सेदारी बेचने पर सहमत'**– मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्ति के अनुसार, आरबीआई ने यस बैंक में बड़ा हिस्सा खरीदने और संचालन करने की अनुमति सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन को दे दी है। यह तब हुआ जब एसबीआई और अन्य बैंक, यस बैंक की अपनी हिस्सेदारी को सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन को बेचने पर सहमत हुए। मार्केट प्राइस पर सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन यस बैंक में 51 प्रतिशत




हिस्सा हासिल करेगा। रिपोर्ट के अनुसार जापानी बैंक शुरुआत में कैश के जरिए कुछ हिस्सा खरीद सकता है।

### दो राउंड में शेयरों को बेच सकते हैं बैंक

रिपोर्ट के अनुसार एसबीआई के अलावा एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक अपने कुछ हिस्से को पहले राउंड में सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन को बेचेंगे। बाकि बचा हिस्सा दूसरे राउंड में बेचा जाएगा। एसएमबीससी ने जेपी मॉर्गन और जे सागर एसोसिएट्स को इस डील के लिए लीगर एडवाइजर नियुक्त किया जाएगा। हालांकि, जापानी बैंक ने इस पूरे मसले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

# 4000 रुपये तक जा सकता है महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में जबरदस्त तेजी आ सकती है। मार्केट एक्सपर्ट्स ने महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर खरीदने की सलाह दी है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ऑटोमोबाइल कंपनी के शेयर 4000 रुपये तक चढ़ सकते हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर मंगलवार 6 मई को 3159 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। मार्च 2025 तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू 24.5 पर्सेंट बढ़कर 31,353 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, कंपनी का मुनाफा 2,437 करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर कंपनी का नेट प्रॉफिट 19.6 पर्सेंट बढ़ा है।

**जेफरीज ने दिया है 4000 रुपये का टारगेट**– ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस जेफरीज ने महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों पर बाय रेटिंग बनाए रखी है। ब्रोकरेज हाउस ने ऑटोमोबाइल कंपनी के शेयरों के लिए 4000 रुपये का टारगेट दिया है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने भी महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। घरेलू ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों के लिए 3500 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। एमके ग्लोबल ने कंपनी के शेयरों पर ऐड (स्नस्र) रेटिंग बनाए रखी है।

**41 में से 39 एक्सपर्ट्स ने दी है बाय रेटिंग**– ऑटोमोबाइल कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा का कवरेज करने वाले 41 एनालिस्ट्स में से 39 ने कंपनी के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। वहीं, 2 एनालिस्ट्स ने कंपनी के शेयरों को होल्ड रेटिंग दी है। किसी भी एक्सपर्ट्स ने महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों को बेचने की सलाह नहीं दी है। यह बात सीएनबीसी-टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है। पिछले एक महीने में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में 26 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। वहीं, पिछले एक साल में कंपनी के शेयर 42 पर्सेंट उछल गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 3276.30 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 2159.10 रुपये है।

## जेनसोल, ब्लूस्मार्ट के खिलाफ जांच के आदेश, 1124.90 से 69.74 पर आया शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने जेनसोल इंजीनियरिंग, ब्लूस्मार्ट और इससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ जांच का आदेश दिया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या इन कंपनियों ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस के नियमों का उल्लंघन किया है। विवादों में घिरा यह स्टॉक अपने 52 हफ्ते के हाई 1124.90 रुपये से निचेल स्तर 69.74 रुपये पर आ गया है। जेनसोल के शेयर अपने निवेशकों को कंगाल कर चुके हैं। ईटी के जानकारी वाले सूत्रों के मुताबिक, कंपनी अधिनियम की धारा 210 के तहत जांच पिछले हफ्ते शुरू की गई है। यह धारा कंपनी के कामकाज की जांच से संबंधित है। जांच रिपोर्ट तीन महीने के भीतर सरकार को सौंपी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि अगर जांच में धोखाधड़ी के गंभीर आरोप सामने आते हैं, तो यह मामला सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस को सौंपा जा सकता है।

**जग्गी ब्रदर्स पर प्रतिबंध**– जेनसोल इंजीनियरिंग ने अभी तक इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अप्रैल में सेबी ने जेनसोल के प्रमोटर भाइयों अनमोल और पुनीत जग्गी पर पूंजी बाजार से प्रतिबंध लगा दिया था, क्योंकि उन पर फंड का गलत इस्तेमाल और दस्तावेजों में हेराफेरी के आरोप लगे थे।

# स्विगी के शेयर को खरीदने की लूट

### लिस्टिंग के बाद किसी एक दिन की सबसे बड़ी तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन फूड डिलीवर करने वाली कंपनी स्विगी के शेयर में सोमवार को तूफानी तेजी थी। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यह शेयर 305.35 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 14 प्रतिशत उछाल के साथ 356.70 रुपये पर पहुंच गया। लिस्टिंग के बाद से यह शेयर की किसी एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त है। इस उछाल के बावजूद 2025 में अब तक शेयर में 36 प्रतिशत की गिरावट आई है। शेयर अब भी अपने आईपीओ प्राइस 390 से नीचे है।




**स्विगी की बोल्ट सर्विस का विस्तार**– बीते शुक्रवार को स्विगी ने कहा कि उसकी 10 मिनट में खाना पहुंचान वाली सर्विस बोल्ट अब देश के 500 से अधिक शहरों में उपलब्ध है। इस सर्विस को पिछले साल अक्टूबर में शुरू किया गया था। इस समय स्विगी के हर 10 खाना पहुंचने वाले ऑर्डर में कम से कम एक बोल्ट सर्विस का होता है। स्विगी बोल्ट सर्विस का विस्तार ऐसे समय में कर रही है, जब उसकी प्रतिद्वंद्वी इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) ने जोमैटो क्विक पेशकश को बंद करने का फैसला किया है। स्विगी फूड मार्केटप्लेस के सीईओ रोहित कपूर ने कहा-बोल्ट आज लोगों की जीवनशैली के हिसाब से सही है। आपको भूख लगी है, आपको तुरंत कुछ चाहिए और आप समझौता नहीं करना चाहते। हमने बोल्ट को उसी पल के लिए बनाया है। बता दें कि बोल्ट सर्विस के तहत ग्राहकों के दो किलोमीटर के दायरे में मौजूद रेस्तरां और जल्दी तैयार होने वाले व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

**खत्म हो रही लॉक-इन अवधि**– नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वांटिटेटिव रिसर्च के अनुसार स्विगी की छह महीने या उससे अधिक की लॉक-इन अवधि मंगलवार, 13 मई को समाप्त हो रही है। इससे कंपनी के 189.75 करोड़ शेयर ट्रेड के लिए फ्री हो जाएंगे। स्विगी पर कवरेज करने वाले 20 विश्लेषकों में से 12 ने खरीदें रेटिंग दी है। वहीं, पांच ने बेचें रेटिंग दी है जबकि तीन ने होल्ड की सिफारिश की है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 06-05-2025 21:38 Page 1



### झारखंड बनेगा रोजगार का हब

# विदेशी कंपनी ने 320 मिलियन यूरो के निवेश का दिया प्रस्ताव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। झारखंड में विदेशी निवेश को लेकर राज्य सरकार द्वारा की गई पहल के तहत झारखंड को स्पेन में 320 मिलियन यूरो के विदेशी निवेश का प्रस्ताव मिला है। दो कंपनियों का यह प्रस्ताव 19 से 27 अप्रैल तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यूरोपीय देश स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर गए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को मिला।

झारखंड सरकार के इस कदम से प्रदेश रोजगार का हब बनेगा और साथ ही दूसरे राज्य में नौकरी के लिए जाने वाले युवाओं को अपने प्रदेश में ही नौकरी मिल जाएगी।

इसके तहत बैटरी निर्माण के क्षेत्र में कार्य करनेवाला स्पेन के टेस्ला ग्रुप ने रोमानिया गीगा फैक्ट्री परियोजना की तर्ज पर झारखंड में भी बैटरी भंडारण उत्पादों के निर्माण से संबंधित परियोजना स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। निश्शुल्क जमीन तथा बिजली उपलब्ध कराने की शर्त पर इस कंपनी ने इसपर 150 मिलियन यूरो के निवेश में रुचि दिखाई।

## टेस्ला ग्रुप के चेयरमैन ने दिया प्रजेंटेशन

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दोनों देशों की यात्रा में गए प्रतिनिधिमंडल में सम्मिलित उद्योग सचिव अरवा राजकमल एवं अन्य अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए वहां विदेशी निवेश को लेकर विभिन्न कंपनियों के साथ हुई बातचीत तथा राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी साझा की।

सचिव ने बताया कि इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट पर कार्य करनेवाली स्पेन की ही कंपनी फिरा डे बार्सिलोना ने 120 से 170 मिलियन यूरो के निवेश से झारखंड में मेगा सम्मेलन व व्यापार प्रदर्शनी केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव दिया है। अधिकारियों के अनुसार, जहां दो कंपनियों ने विदेशी निवेश को लेकर झारखंड सरकार को लेटर आफ इंटेंट दिया है, वहीं सात अन्य कंपनियों के साथ भी व्यापक चर्चा हुई है। उनसे अभी बातचीत जारी है।उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान टेस्ला ग्रुप एस के चेयरमैन दुसान लिचाड्र्स ने ग्रुप की रोमानिया गीगा फैक्ट्री परियोजना के बारे में प्रजेंटेशन दिया, जिसके तर्ज पर झारखंड में परियोजना स्थापित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ बार्सिलोना में भारतीय मूल के व्यापारिक समूहों एवं सीईओ के साथ सकारात्मक बातचीत हुई। उद्योग सचिव ने बताया कि भारतीय मूल के लोगों ने यूरोपीय देशों में झारखंड की विजिबिलिटी नहीं होने



की चर्चा करते हुए इसे बढ़ाने के लिए लगातार इस तरह के विजिट और रोड शो आयोजित करने पर जोर दिया।वार्सिलोना में एक इन्वेस्टर मीट भी हुई, जिसमें वन टू वन मीटिंग कर खेल से संबंधित मार्केटिंग एंड ब्रांडिंग, आइईएसई बिजनेस स्कूल में उद्यमिता संकाय, पर्यावरण स्थिरता सहित कई विषयों पर चर्चा की गई।

निवेशकों ने झारखंड में एक बेहतरीन स्टार्टअप पॉलिसी बनाने में भी रुचि व्यक्त की। उद्योग सचिव ने कहा कि कहा कि किसी भी देश के निवेशकों को झारखंड में निवेश को लेकर आमंत्रित करने के लिए विजीबिलिटी बहुत जरूरी है और यह यात्रा स्पेन और स्वीडन में झारखंड की विजीबिलिटी के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण था। लगभग नौ वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कोई झारखंड से सरकारी प्रतिनिधिमंडल विदेशी दौरे पर गया। इस यात्रा से विदेशों में झारखंड की उपस्थिति दर्ज होगी और झारखंड की ब्रांड वैल्यू में सुधार होगा। संवाददाता सम्मेलन में उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, खान आयुक्त राहुल कुमार सिन्हा, जिडको के एमडी वरुण रंजन अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

बार्सिलोना के आरसीडी एस्पेनयोल फुटबाल क्लब ने झारखंड में खेल के विकास के लिए झारखंड सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन का प्रस्ताव दिया। यह क्लब मुख्य रूप से झारखंड के फुटबाल प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेगा। झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने यूरोप के सबसे बड़े निमार्णाधीन स्टेडियम एफसी बार्सिलोना स्टेडियम और संग्रहालय का भी दौरा किया।

प्रतिनिधिमंडल ने एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष एलेना फोर्ट के साथ झारखंड में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने, प्रशिक्षण और खेल सुधार में साझेदारी पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के डी गावा संग्रहालय का भी दौरा किया, जहां एक पुराने खनन स्थल को एक जियोलाजिकल म्यूजियम में बदल दिया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने झारखंड के चाईबासा में भी इसी तरह के पुराने खनन स्थलों को जियोलाजिकल म्यूजियम में बदलने और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए जियोलाजिकल म्यूजियम विकसित करने की संभावना व्यक्त की। इसपर झारखंड सरकार स्पेन के सहयोग से काम करेगी।

**मेगा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए वोल्वो को आमंत्रण–** मुख्यमंत्री ने झारखंड में खनन कार्यों में भारी ट्रकों की बढ़ती मांग को देखते हुए झारखंड में एक मेगा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए वोल्वो को आमंत्रित किया। उन्होंने आदित्यपुर आटो क्लस्टर में पहले से मौजूद आपूर्ति श्रृंखला की उपस्थिति पर जोर दिया।

उद्योग सचिव ने बताया कि स्वीडन के गोथेनबर्ग में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने वोल्वो ट्रक संयंत्र का दौरा किया। इस दौरान कंपनी ने कर्नाटक में अपनी उपस्थिति और फरवरी माह में कर्नाटक सरकार के साथ हुए समझौते की जानकार दी।

**उद्योग विभाग में यूरोपिय कंपनियों के लिए बनेगा स्पेशल डेस्क–** उद्योग सचिव ने कहा कि स्पेन एवं स्वीडन के विभिन्न उद्यमियों से राज्य सरकार ने झारखंड में निवेश की सुगम सुविधा के लिए यूरोपीय कंपनियों के लिए एक समर्पित डेस्क स्थापित करने का भरोसा दिलाया है। एक अलग से नोडल पदाधिकारी भी नियुक्त किया जाएगा।

तमिलनाडु और तेलंगाना में बुनियादी ढांचे व सड़क निर्माण पर काम करनेवाली कंपनी एबर्टिस के साथ झारखंड में सड़क निर्माण में टिकाऊ सामग्री के उपयोग, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर सड़क डिजाइन में नवाचारों और कंपनी झारखंड की कैसे मदद कर सकती है, इसपर विस्तार से चर्चा हुई। कंपनी ने झारखंड में सड़क बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक निजी भागीदारी में काम करने की इच्छा व्यक्त की।

# नव प्रशिक्षित अधिकारियों को मिले नियुक्ति पत्र

## युवाओं को प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव सोमवार को नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। रांची के नेपाल हाउस स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मंत्री कार्यक्रम में उपस्थित 12 नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को अपने हाथों नियुक्ति पत्र वितरण किया। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से 13 प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कार्यक्रम के दौरान आज एक उपस्थित नहीं हो सके थे।

नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर मंत्री ने सभी नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ उन्हें शुभकामना देते हुए कहा कि सभी अब सरकार के अभिन्न अंग हो गए हैं। सभी अधिकारियों पर युवाओं का बेहतर भविष्य गढ़ने का जिम्मा है। युवाओं को अच्छी शिक्षा व प्रशिक्षण देकर कौशल विकास की दिशा में दक्ष बनाएं, ताकि उन्हें रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी इमानदारी व निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव



जितेंद्र कुमार सिंह, नियोजन एवं प्रशिक्षण के निदेशक संजीव कुमार बेसरा, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अपर सचिव नागेंद्र पासवान, उपनिदेशक प्रशिक्षण देवेंद्र प्रसाद, उपनिदेशक नियोजन निशिकांत मिश्रा, मंत्री के पीएस पारितोष तिवारी एवं अमित कुमार बेसरा, सहायक निदेशक प्रशिक्षण अंजू अग्रवाल, नियोजन पदाधिकारी निदेशालय पंकज कुमार गिरी आदि उपस्थित रहे।

## 17 मई तक प्रभावित रहेंगी कई ट्रेनें



**जमशेदपुर**। चक्रधरपुर मंडल के सीनी-कांड्रा सेक्शन में रेल विकास का काम होगा। रेल प्रशासन द्वारा जारी आदेश के तहत छह से 17 मई तक प्रतिदिन चार घंटे का टीआरटी ब्लक लेकर रेल लाइन को दुरुस्त करने का काम किया जाएगा।इसमें टीआरटी मशीन रेल लाइन में लगे पुराने कंक्रीट के स्लीपर को बदलने व गिट्टी की पैकिंग करने का काम करेगी ताकि ट्रेनों की गति को बढ़ाई जा सके।

ऐसे में चक्रधरपुर मंडल से गुजरने वाली आठ ट्रेनों का परिचालन अलग-अलग तारीखों में रद रहेगी। वहीं हावड़ा-चक्रधरपुर-आद्रा एक्सप्रेस को शार्ट टर्मिनेट किया गया है, यह ट्रेन 06, 09, 13 व 16 मई को हावड़ा से आद्रा तक ही चलेगी, चक्रधरपुर नहीं जाएगी।

# मौसम विज्ञान केंद्र ने जारी किया यलो अलर्ट

## विभाग ने की लोगों से सावधानी बरतने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड की राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में दिनभर आंशिक बादल छाए रहे, जिससे तापमान में गिरावट के साथ साथ बिजली गिरने को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। लोग बेवजह घर से बाहर निकलने से परहेज करें।

मौसम विभाग द्वारा जारी पूवार्नुमान में बताया गया है कि राज्य के दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां के अलावा उत्तर पूर्वी हिस्से देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह और साहिबगंज के साथ साथ निकटवर्ती मध्य भाग में तेज आंधी बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी के कई हिस्सों में मेघगर्जन के साथ साथ 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के बहने की संभावना है। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।



मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने कहा कि इन जिलों के लोगों को सतर्क करते हुए कहा कि मौसम खराब होने पर बिना कारण घर से बाहर न निकलें, क्योंकि बिजली गिरने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि 7, 8 और 9 मई को आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा।

झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में कई स्थानों पर मेघगर्जन और बिजली गिरने की घटनाओं के साथ हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हुई जबकि कहीं कहीं ओलावृष्टि भी हुई। सबसे अधिक वर्षा 23.8 मिमी गुमला के जरी में हुई।

# निकाय चुनाव को ले आरक्षण रिपोर्ट की तैयारी हुई शुरू

### ओबीसी को आरक्षण देकर ही होगा चुनाव




***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

***रांची***। *झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर ट्रिपल टेस्ट के रूप में विभिन्न जिलों में हुए ओबीसी सर्वेक्षण को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कराई जाएगी।*

*इसकी जिम्मेदारी झारखंड में निबंधित सरकारी या अर्द्धसरकारी विश्वविद्यालय या किसी अनुसंधान संस्थान को दी जाएगी। झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने संस्था के चयन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।*

*इसकी जिम्मेदारी उस संस्था को ही दी जाएगी जिसे सरकारी स्तर पर किसी क्षेत्र में अध्ययन करने का पांच वर्ष का अनुभव है।*

*आयोग ने सभी जिलों में उपायुक्तों के माध्यम से कराए गए ओबीसी सर्वेक्षण के आंकड़ा मिलने के बाद यह निर्णय लिया है।*

*निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर पात्रता तय करने के लिए इसकी समीक्षा कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।*

*आयोग के अनुसार, यह रिपोर्ट मध्य प्रदेश प्रदेश में हुए ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट के आधार पर आयोग की देखरेख में तैयार की जाएगी। इसे लेकर चयनित संस्था को वहां की रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी।*

*बताते चलें कि राज्य सरकार ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की पात्रता तय करने की जिम्मेदारी कार्मिक विभाग के अधीन कार्यरत झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को सौंपी है।*

*आयोग के निर्देश पर सभी जिलों में ओबीसी का सर्वे कराया गया। अब इस सर्वे के आधार पर तय होगा कि निकाय चुनाव में ओबीसी को कितना प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। राज्य में निकाय चुनाव काफी पहले से लंबित है।*

*राज्य सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में ओबीसी को आरक्षण देकर ही निकाय चुनाव कराने की बात कही है।*

*इधर, झारखंड हाई कोर्ट ने निकाय चुनाव कराने के लिए राज्य सरकार को चार माह का समय दिया था जो 16 मई को समाप्त हो रहा है।*

*हालांकि राज्य सरकार ने कहा है कि अदालत से चुनाव के लिए और समय देने का अनुरोध किया जाएगा।*

## हाई कोर्ट में रिम्स को ले हुई सुनवाई

**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की पीठ में राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के निदेशक पद से डॉ. राजकुमार को हटाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से उन्हें पद से हटाने के आदेश को वापस लेने की बात कही गई है। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि सरकार अपना आदेश वापस लेने के लिए तैयार है।

इस प्रक्रिया में समय लगेगा। इसके बाद अदालत ने डॉ. राजकुमार की याचिका को निष्पादित कर दिया। अदालत ने कहा कि जब तक सरकार की ओर से हटाने का आदेश वापस नहीं लिया जाता है, तब तक प्रार्थी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## रैली में शामिल हुए कांग्रेस अध्यक्ष

**रांची**। झारखंड में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शामिल हुए।

संविधान बचाओ रैली में भाग लेने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात किया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन मौजूद रहीं। पहलगाम के मुद्दे सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। झारखंड सरकार में सतारूढ़ दल कांग्रेस पार्टी के द्वारा राजधानी रांची में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

दरअसल, कांग्रेस पार्टी द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राजधानी रांची में भी संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने जमकर भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। वहीं, कार्यक्रम के बाद राजधानी रांची के एक होटल में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उन्होंने मुलाकात किया।

# झारखंड और बिहार के आदिवासी नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

### रोहतासगढ़ किला के संरक्षण और विकास की मांग

**नवबिहार टाइम्ससंवाददाता**

**रांची**। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के नेतृत्व में झारखंड और बिहार के आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने रोहतास जिले में स्थित ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किला के संरक्षण और विकास की मांग की।

सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि रोहतासगढ़ किला आदिवासी समाज की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक धरोहर है। यह केवल एक किला नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश की आदिवासी संस्कृति को बचाने और संवारने के लिए प्रतिबद्ध है।

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, पाहन संघ के अध्यक्ष गंगू पाहन, विमल उरांव, चंद्रभूषण उरांव, रणजीत खलको, श्याम नारायण उरांव, मोती उरांव, उपेन्द्र उरांव, सुमित उरांव, रूपासी गाड़ी, सन्नी टोप्पो, वीरेंद्र उरांव, अरविंद तिर्की और आदिवासी छात्रसंघ सहित मुखिया संघ, पंचायत समिति सदस्य और राँची के रातू प्रखंड के प्रमुख भी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से उपमुख्यमंत्री से रोहतासगढ़ किले के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इनमें प्रमुख रूप से किले तक पहुंचने के लिए सड़क और परिवहन की सुविधा, किले की मरम्मत, साफ-सफाई और सुरक्षा की व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा पर्यटकों के लिए सूचना



केंद्र, डिजिटल गाइड सिस्टम, दर्शनीय बोर्ड और आदिवासी संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए संग्रहालय या सांस्कृतिक भवन की स्थापना की मांग की गई। साथ ही, उन्होंने रोहतासगढ़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, वहां गेस्ट हाउस, बिजली, शुद्ध पेयजल, सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था और स्थानीय युवाओं को पर्यटन से जोड़ते हुए उन्हें प्रशिक्षण और रोजगार देने की बात कही।

# ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की हो रही फजीहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर**। चक्रधरपुर रेल मंडल में ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की हालत खराब है। चक्रधरपुर रेल मंडल के टाटानगर, झारसुगुड़ा में प्रवेश करते ही वंदे भारत, राजधानी सहित एक्सप्रेस ट्रेनें दो से तीन घंटे तक औसतन लेट हो रही हैं।

पहले पैसेंजर मेमू ट्रेन की चक्रधरपुर रेल मंडल में लेट होना आम बात थी। लेकिन अब तेजस राजधानी से लेकर वंदे भारत ट्रेनें भी लेट हो रही है। चक्रधरपुर रेल मंडल में एक घंटे का सफर तीन में पूरा करने को यात्री मजबूर हैं।

किस्मत खराब हो तो यह ट्रेन पांच घंटे तक यात्री को थका सकती है। शनिवार को तेजस राजधानी एक्सप्रेस ढाई घंटे तक चक्रधरपुर रेल मंडल में लेट हो गयी थी। वहीं, वंदे भारत एक्सप्रेस डेढ़ घंटे तक लेट हो गयी थी। दक्षिण बिहार एक्सप्रेस, उत्कल एक्सप्रेस, कुर्ला एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस, इस्पात एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें रोजाना चक्रधरपुर रेल मंडल में आकर घंटो लेट हो रही हैं।

ट्रेनों के लेट चलने से ट्रेन के अन्दर बैठे यात्रियों की हालत खराब हो रही है। वहीं, स्टेशन में ट्रेनों का इंतजार करते रेल यात्री भी परेशान हो रहे है।

ट्रेन से सफर करने वाले कामकाजी लोगों का रोजगार भी छूट रहा है तो वहीं, छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही



है। यात्रा का प्लान ही खटाई में पड़ जा रहा है।

बता दें की कुछ दिन पहले डीआरएम ने ट्रेनों की लेट लतीफी को दूर करने की बात कही थी। लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। चक्रधरपुर रेल मंडल में मालगाड़ियों के परिचालन का भारी दबाव है।

वहीं, रेल यात्रियों का आरोप है की यात्री ट्रेनों को रोक कर मालगाड़ियों को पास देने का काम चक्रधरपुर रेल मंडल में हो रहा है। जिसकी वजह से ट्रेन लेट हो रही है। मेमू पैसेंजर ट्रेन तो इतनी लेट चल रही है कि इसकी सुनवाई तक कोई करने वाला नहीं है।

वहीं, एक्सप्रेस ट्रेन के यात्री रेलवे को एक्स पर ट्वीट कर रहे हैं, उसके बाद भी उनकी समस्या का हल नहीं निकल रहा है। आए दिन रेल अधिकारियों के एक्स हैंडल ट्रेन की लेट लतीफी की शिकायत से भर रहे हैं, लेकिन ट्रेन लेट होने का प्रचलन बंद नहीं हो रहा है।

## अधिग्रहित जमीन की हो रही खरीद-बिक्री

**हजारीबाग**। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची और चाकुलिया हवाई अड्डा के लिए संयुक्त बिहार में 3020 एकड़ जमीन का अधिग्रहण हुआ था। इसमें से अभी 1345 एकड़ जमीन पर कब्जा है। रांची में एयरपोर्ट की करीब 399 एकड़ और चाकुलिया में 986 एकड़ जमीन कब्जे में है। कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री भी हो रही है और कब्जे के बाद उसपर बस्तियां बस गई हैं।

एक समस्या यह भी है कि रांची एयरपोर्ट की 399 एकड़ कब्जे वाली जमीन का फिलहाल लोकेशन नहीं मिल रहा है। लैंड सर्वे में पता चला है कि एयरपोर्ट की जमीन पर ही हवाई नगर का बड़ा हिस्सा बस गया है। इसके बाद हवाई नगर के जमीन की पड़ताल शुरू हो गई है। अरगोड़ा और नामकोम अंचल कार्यालय से हवाई नगर जमीन से संबंधित रिपोर्ट मांगी गई है।

हवाई नगर में रहने वाले लोगों से सत्यापन के लिए दस्तावेज मांगने की तैयारी चल रही है। एयरपोर्ट जमीन से संबंधित कई नई जानकारियां डिफेंस स्टेट् कार्यालय, एयरपोर्ट आथरिटी आफ इंडिया और जिला प्रशासन के लैंड सर्वे में सामने आई है।

# बैठक में अबुआ आवास योजना पर लिये गये कई निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज**। झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने संताल परगना प्रमंडल के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति, समस्याओं और समाधान की दिशा में कई अहम निर्णय लिए गए।

मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को समय पर यातायात सुविधा मिल सके। उन्होंने नई सड़कों के लिए डीपीआर तैयार करने को भी कहा, ताकि राज्य सरकार से शीघ्र स्वीकृति प्राप्त की जा सके।

मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं की समीक्षा के क्रम में मंत्री ने विशेष रूप से मिट्टी मोरंग सड़क योजना को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन में सुधार हो सके। वहीं, मनरेगा कार्यों की बकाया राशि के भुगतान को लेकर भी उन्होंने पदाधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और संबंधित विभागों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

मंत्री ने अबुआ आवास योजना की भी समीक्षा के क्रम में 2023-24 एवं 2024-25 की योजनाओं के तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्तों के लंबित भुगतानों को शीघ्र लाभुकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहराया कि इस योजना में किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित न रखा जाए और आवास आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। पंचायत भवनों की कार्यप्रणाली पर भी विशेष ध्यान दिया गया। मंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पंचायत सचिव समय पर पंचायत भवन खोलें और उसे पूरी तरह से संचालित करें, जिससे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

मंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि समूह आधारित आजीविका योजनाओं की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा की जाए, ताकि ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

## रबादा आईपीएल में वापसी के लिए तैयार, जीटी के निदेशक बोले- सभी प्रक्रियाओं का पालन' किया गया




**मुंबई (एजेंसी)।** गुजरात टाइटन्स के कागिसो रबादा एक महीने के निलंबन के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी के लिए तैयार हैं और फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज के मनोरंजन के लिए प्रतिबंधित दवा के उपयोग से संबंधित सभी प्रक्रियाओं का 'अक्षरशः पालन' किया जा रहा है। इस साल जनवरी में एसए20 टूर्नामेंट में एमआई केपटाउन के लिए खेलते समय मनोरंजन के लिए इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित दवा के उपयोग के लिए रबादा को एक महीने के लिए निलंबित किया गया था। उन्हें एक अप्रैल को परीक्षण में विफल होने के बारे में सूचित किया गया था और दो दिन बाद टाइटन्स ने घोषणा की कि रबादा 'व्यक्तिगत कारणों' से स्वदेश लौट गए हैं। दक्षिण अफ्रीका ड्रगरहित खेल संस्थान (एसएआईडीएस) ने सोमवार को कहा कि रबादा ने 'मादक पदार्थ दुरुपयोग उपचार कार्यक्रम' पूरा कर लिया है जिससे वह आईपीएल में भाग लेने के लिए उपलब्ध हो गए हैं। सोलंकी ने वानखेड़े स्टेडियम में टाइटन्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान कहा, 'जहां तक कल के मैच का सवाल है, तथ्य यह है कि पिछले एक महीने में लिए गए सभी निर्णयों और जो कुछ भी हुआ है उसे देखते हुए, वह अब उपलब्ध है।उन्होंने कहा, 'कागिसो ने फैसले में त्रुटि पर खेद व्यक्त किया है लेकिन वह अपने पसंदीदा खेल को फिर से खेलने के लिए बहुत उत्सुक है। वह इससे सबक लेगा और हम उसे अभ्यास में वापस लाने के लिए उत्सुक हैं। सोलंकी ने कहा कि इस मामले में संबंधित पक्षों द्वारा सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था क्योंकि 29 वर्षीय रबादा ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से पहले गुजरात टाइटन्स के साथ ट्रेनिंग की। उन्होंने कहा, 'जहां तक प्रक्रिया और प्रोटोकॉल का सवाल है, इस मामले में शामिल सभी लोगों, कागिसो से लेकर उनके प्रतिनिधियों तक, सभी ने इस मामले में जरूरी चीजों का अक्षरशः पालन किया है।

## विश्व कप में भारत की जीत की जश्न के बाद खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मिली सेपक टकरॉ को जगह




**पटना (एजेंसी)।** सेपक टकरॉ को स्थानीय दर्शकों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने इसे पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) में मेडल स्पोर्ट्स के रूप में शामिल करने के फैसले पूरी तरह उचित ठहराया है।हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेपक टकरॉ महासंघ विश्व कप में भारतीय पुरुष रेगु टीम द्वारा ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने और 2018 जकार्ता एशियाई खेलों तथा 2022 हांगझोउ एशियाई खेलों में पदक जीतने के बाद से इस खेल को एक नए दृष्टिकोण से देखा जाने लगा है।पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और केआईवाईजी बिहार 2025 के प्रतियोगिता प्रबंधक डॉ. करुणेश कुमार ने इसे भारत में इस खेल के लिए एक मील का पत्थर बताया कि इसका दीर्घकालिक प्रभाव होगा। उन्होंने बिहार राज्य खेल संघ और राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की।उन्होंने कहा, सेपक टकरॉ को मेडल स्पोर्ट्स के रूप में शामिल करना एक ऐतिहासिक क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेलों को बढ़ावा देने की दृष्टि ने खेलो इंडिया गेम्स को एक अलग पहचान दी है। इस ब्रांड के साथ जुड़ाव इस खेल को जमीनी स्तर पर और लोकप्रिय बनाएगा।उन्होंने आगे कहा, हम पहले ही राष्ट्रीय खेलों और खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं, और अब यह कदम खेल की लोकप्रियता को और बढ़ाएगा।

# आज कोलकाता बनाम चेन्नई मैच में धोनी के रंग में रंग सकता है ईडन गार्डन्स

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में ईडन गार्डन्स महेंद्र सिंह धोनी की पीली जर्सी के रंग में रंग सकता है जो संभवतः इस ऐतिहासिक मैदान पर आखिरी बार खेलेंगे। पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है लेकिन धोनी का जलवा अभी पहले की तरह बरकरार है और केवल उनकी उपस्थिति से ही नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान पीले रंग में रंग सकता है।

कोलकाता ऐसा शहर है जिससे धोनी के करीब भी संबंध रहे हैं। उनके ससुराल पक्ष के लोग इसी शहर में रहते हैं और उन्होंने जूनियर क्रिकेट में अपना अधिकतर समय इसी शहर में बिताया है। ऐसे में बुधवार का दिन इस 43 वर्षीय खिलाड़ी और उनके प्रशंसकों के लिए भावनात्मक हो सकता है। ईडन गार्डन्स धोनी की कई उपलब्धियों का गवाह भी रहा है जिनमें प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहला शतक और टेस्ट क्रिकेट में दो शतक भी शामिल हैं। उन्होंने यहां क्लब क्रिकेट भी खेला है, जिसमें शामबाजार क्लब



के लिए यादगार पी सेन ट्रॉफी फाइनल भी शामिल है।

धोनी का प्रदर्शन अब पहले की तरह आकर्षक नहीं रहा है लेकिन उनके चाहने वालों का उनके साथ भावनात्मक लगाव है और इसलिए वे बड़ी संख्या में यहां पहुंच सकते हैं। चेन्नई की टीम पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से दो रन से हार गई थी। धोनी ने इस मैच में आठ गेंद पर 12 रन बनाए लेकिन वह अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर आउट हो गए जिससे चेन्नई की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई थी। धोनी ने मैच के बाद हार की जिम्मेदारी ली थी।

चेन्नई की टीम के लिए अब खोने के लिए कुछ भी नहीं है और वह इस मैच में अधिक स्वच्छंद होकर खेलेगी लेकिन कोलकाता के लिए यह मैच करो या मरो जैसा है क्योंकि उसे प्लेऑफ की अपनी उम्मीद बरकरार रखने के लिए बाकी बचे तीनों मैच में जीत हासिल करनी होगी। कोलकाता के अभी 11 अंक हैं और अगले तीनों मैच में जीतने पर उसके 17 अंक हो जाएंगे। यहां पहुंचने पर भी उसकी प्लेऑफ में सीट पक्की हो जाएगी कहा नहीं जा सकता क्योंकि अन्य टीमों के परिणाम पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा और ऐसे में नेट रन रेट पर भी मामला अटक सकता है।

चेन्नई के बाद कोलकाता को सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर मैच खेलने हैं लेकिन फिलहाल वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली एक रन की जीत की लय को कायम रखना चाहेगा। उस मैच में आंद्रे रसेल की फॉर्म में वापसी महत्वपूर्ण थी और अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली कोलकाता की टीम को वेंकटेश अय्यर से भी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो इस सत्र में अभी तक रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं।

# विराट ने खुश रहने के लिए कप्तानी छोड़ी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** लगभग एक दशक तक भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का नेतृत्व करने और उनकी बल्लेबाजी पर रखी जा रही कड़ी निगरानी के बाद विराट कोहली ने सोचा कि अब बहुत हो गया और उन्होंने जिंदगी में खुश रहने के लिए आखिर में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। कोहली ने 2021 में विश्व कप के बाद टी20 कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्होंने आरसीबी की कप्तानी भी छोड़ दी। इसके एक साल बाद, दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद उन्होंने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी।

कोहली ने कहा कि वह अपने करियर में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गए थे जहां लगातार ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो गया था। कोहली ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज' पॉडकास्ट में कहा, 'एक समय ऐसा आया जबकि यह मेरे लिए बहुत मुश्किल हो गया था क्योंकि मेरे करियर में काफी कुछ घटित हो रहा था। मैं सात आठ साल से भारत की कप्तानी कर रहा था। मैंने 9 साल तक आरसीबी की कप्तानी की। मैं जो भी मैच खेलता उसमें बल्लेबाजी में मुझसे काफी उम्मीद की जाती थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात का एहसास ही नहीं था कि मैं ध्यान केंद्रित करने के लिए संघर्ष कर रहा हूं। अगर कप्तानी में ऐसा नहीं होता तो बल्लेबाजी में ऐसा हो रहा था। मैं हर समय इसके बारे में सोचता था। यह मेरे लिए काफी मुश्किल हो गया था और आखिर में यह मुझ पर बहुत अधिक हावी हो गया था। कोहली ने 2022 में क्रिकेट से एक महीने का ब्रेक लिया था और उस दौरान बल्ला नहीं छुआ था। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में एक समय ऐसा भी आया था जबकि वह सार्वजनिक जीवन में खुश रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इस स्टार बल्लेबाज ने कहा, 'इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ दी क्योंकि मुझे लगा अगर मुझे इस खेल में बने रहना है तो उसके लिए मेरा खुश रहना जरूरी है।

उन्होंने कहा, 'मुझे अपने जीवन में एक ऐसी जगह की जरूरत थी जहां मैं सहज होकर रह सकूं और अपना क्रिकेट खेल सकूं, बिना किसी आलोचना के, बिना यह देखे कि आप इस सत्र में क्या करने जा रहे हैं और आगे क्या होने वाला है। भारत को अंडर-19 विश्व कप में खिताबी जीत दिलाने से किसी को सीनियर टीम में सहज प्रवेश की गारंटी नहीं मिलती है और कोहली ने कहा कि यह उनका दृढ़ संकल्प और तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और कोच गैरी कर्स्टन का

**यह मेरे लिए बहुत मुश्किल हो गया था**



समर्थन था, जिसने उन्हें टीम में नंबर तीन बल्लेबाजी स्थान सुरक्षित करने में मदद की।

कोहली ने कहा, 'मैं अपनी क्षमता को लेकर बहुत यथार्थवादी था क्योंकि मैंने कई अन्य लोगों को खेलते हुए देखा था। मुझे ऐसा नहीं लगा कि मेरा खेल कहीं भी उनके करीब था। मेरे पास केवल दृढ़ संकल्प था। अगर मैं अपनी टीम को जीत दिलाना चाहता था, तो मैं कुछ भी करने को तैयार था। उन्होंने कहा, 'यही कारण था कि मुझे शुरुआत में भारत के लिए खेलने का मौका मिला। गैरी (कर्स्टन) और एमएस (धोनी) ने मुझे यह स्पष्ट कर दिया कि तीसरे नंबर पर मेरी जगह पक्की है। कोहली ने कहा कि इन दोनों ने उन्हें अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा, 'इन दोनों ने मुझसे कहा आप मैदान पर जो भी करते हैं, आपकी ऊर्जा, आपकी प्रतिबद्धता, वह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि आप अपना स्वाभाविक खेल खेलें। कोहली ने कहा, 'मुझे कभी पूर्ण मैच विजेता के रूप में नहीं देखा गया जो कहीं से भी खेल का रुख बदल सकता है। लेकिन मेरे पास यह बात थी कि मैं हार नहीं मानने वाला हूं। इसी बात का उन्होंने समर्थन किया।

### मेरी पूर्व दक्षिण अफीकी ने शॉर्ट बॉल की समस्याओं से निपटने में की मदद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने खुलासा किया कि कैसे पूर्व दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर-बल्लेबाज मार्क बाउचर ने फ्रैंचाइजी के साथ अपने शुरुआती दिनों में उन पर 'सबसे बड़ा प्रभाव' डाला और शॉर्ट बॉल खेलने में उनकी कठिनाइयों को दूर करने में उनकी मदद की। विराट ने फ्रैंचाइजी के यूट्यूब चैनल पर जारी आरसीबी पॉडकास्ट के नए एपिसोड में इस बात की जानकारी दी। बाउचर के बारे में बोलते हुए विराट ने कहा कि वह इस मानसिकता के साथ आए थे कि वह भारतीय खिलाड़ियों की मदद करने जा रहे हैं और उनमें थोड़ी क्षमता देखी। उन्होंने यह भी कहा कि बाउचर ने उनसे कहा था कि अगर वह सभी प्रारूपों में भारत के लिए नहीं खेलते हैं तो वह खुद को 'नुकसान' पहुंचाएंगे। कोहली ने कहा, इसलिए उन्होंने पता लगाया कि मेरी कमजोरियां क्या हो सकती हैं। अगर मैं अगले स्तर पर जाना चाहता हूं, तो मुझे उनसे कुछ पूछे बिना यही करना होगा। और उन्होंने कहा, ठीक है मैंने तुम्हें यह, वह और अन्य खेलते हुए देखा है। हमें इस कुछ और चीजों पर काम करने की जरूरत है। मैंने कहा, ठीक है। तो वह मुझे नेट्स पर ले गए।आरसीबी ने धमाकेदार बल्लेबाज ने कहा, उन्होंने (बाउचर) कहा, तुम्हें शॉर्ट बॉल पर काम करने की जरूरत है। अगर तुम गेंद को खींच नहीं सकते तो कोई भी तुम्हें अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में मौका नहीं देगा। और मुझे याद है कि हम चेन्नई या कोलकाता में एक मैच खेल रहे थे, जहां उन्होंने मुझसे कहा था कि जब मैं चार साल बाद भारत में कमेंट्री करने आऊंगा, तो अगर मैं तुम्हें भारत के लिए खेलते हुए नहीं देखूंगा, तो तुम खुद के साथ अन्याय करोगे। उन्होंने कहा कि बाउचर के साथ उनकी बातचीत ने उन्हें चौंका दिया और उन्हें बेहतर होते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, उन शुरुआती सालों में उनका मुझ पर बहुत बड़ा प्रभाव था। मैं अपनी क्षमताओं को लेकर बहुत यथार्थवादी था। क्योंकि मैंने बहुत से अन्य लोगों को खेलते देखा था। और मुझे ऐसा नहीं लगता था कि मेरा खेल उनके खेल के कहीं करीब है।

## आईपीएल 2025 में नहीं चला हैदराबाद का आक्रामक दृष्टिकोण

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद का बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैया इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले दो सत्र में चर्चा का विषय रहा था लेकिन इस बार उसका यह दृष्टिकोण नहीं चल पाया और टीम के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने इसके लिए घरेलू परिस्थितियां अनुकूल नहीं होने को जिम्मेदार ठहराया।

सनराइजर्स ने पिछले साल लगातार 200 से अधिक का स्कोर बनाया था, लेकिन इस बार उसके प्रमुख बल्लेबाज ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, इशान किशन और हेनरिक क्लासेन नहीं चल पाए और उसकी टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। विटोरी ने सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद कहा, 'मैंने निश्चित रूप से हर मैच के बाद यह नहीं कहा कि मैं आक्रामक रुख का समर्थन कर रहा हूं। मैंने कहा कि हम परिस्थितियों का आकलन कर रहे हैं और मुझे लगता है कि इस साल परिस्थितियां वैसी नहीं थीं जैसी हमने उम्मीद की थी।उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि अगर आप पिछले साल को देखें, तो यहां कई बड़े स्कोर वाले मैच खेले गए थे लेकिन इस बार पिच थोड़ी अलग थी। उन पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। इसलिए हमने केवल परिस्थितियों के अनुसार खेलने को लेकर बात की थी।




# अधिकांश खिलाड़ी दोहरी भूमिका निभा रहे

**रोहित का इस्तेमाल इंपैक्ट प्लेयर के मुख्य कोच जयवर्धने बोले**

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने सोमवार को कहा कि रोहित शर्मा को 'इम्पैक्ट सब्स्टिट्यूट' के रूप में इस्तेमाल करने का फैसला पहले से तय नहीं था और ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि टीम को ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत महसूस हुई जो गेंदबाजी के साथ क्षेत्ररक्षण में बेहतरीन हो। जयवर्धने ने बताया कि रोहित चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के विजयी अभियान के दौरान मामूली रूप से चोटिल हुए थे और टीम उनकी चोट को बढ़ने नहीं देना चाहती है। उन्होंने कहा, 'ऐसा सत्र की शुरुआत में नहीं था। जाहिर है रो (रोहित) कुछ मैचों के दौरान मैदान पर उतरे थे।

श्रीलंका के इस पूर्व कप्तान ने मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र के दौरान कहा, 'आप अगर टीम की संरचना को देखें, तो अधिकांश खिलाड़ी दोहरी भूमिका निभा रहे हैं। उनमें से कुछ ऐसे गेंदबाज है जिसकी जरूरत बाउंड्री के पास क्षेत्ररक्षण के लिए होती है। आपको क्षेत्ररक्षण के लिए भी तेज दौड़ने वाले खिलाड़ियों की जरूरत होती है। रोहित चैंपियंस ट्रॉफी से मामूली तौर पर चोटिल थे, इसलिए हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि हम उन पर ज्यादा दबाव न डालें। हम ऐसा करने में कामयाब रहे। हमारे लिए उनकी बल्लेबाजी सबसे महत्वपूर्ण चीज है।

जयवर्धने ने कहा कि रोहित ने मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह टीम के लिए 'अहम' योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 'आपने देखा होगा कि वह हमेशा डगआउट में मौजूद रहते हैं। वह टाइम आउट के दौरान मैदान में जाकर खिलाड़ियों से बातचीत करते हैं। वह टीम में काफी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। जयवर्धने ने स्वीकार किया कि रोहित और रयान रिकेल्टन की सलामी जोड़ी के रूप में सफलता से टीम को फायदा हुआ है।

उन्होंने कहा, 'सलामी जोड़ी किसी भी टीम की पारी को स्थापित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमारे पास जिस तरह की बल्लेबाजी लाइनअप है उस में हम अच्छी शुरुआत मिलने पर शानदार तरीके से आगे बढ़ सकते हैं।


# दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पैट कमिंस की शानदार गेंदबाजी, बनाए दो बड़े रिकॉर्ड

**हैदराबाद (तेलंगाना) (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने सोमवार को आईपीएल 2025 के 55वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करो या मरो वाले मैच में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। मैच की पहली गेंद पर कमिंस ने करुण नायर को गोल्डेन डक (पहली गेंद पर बिना किसी रन के आउट) किया। कमिंस के आईपीएल मैच की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले हैदराबाद के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। इसी के साथ ही कमिंस आईपीएल पारी के पहले छह ओवर में तीन विकेट लेने वाले पहले कप्तान भी बन गए हैं।

कमिंस से पहले जगदीश सुचिता मैच की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने 2022 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज विराट कोहली को आउट किया था। भारत के 'स्विंग के राजकुमार' भुवनेश्वर कुमार ने 2023 में हैदराबाद में पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह को आउट किया। मौजूदा आईपीएल संस्करण में भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चेपक में चेन्नई सुपर किंग्स के युवा सलामी बल्लेबाज शेख रशीद को आउट किया और यह उपलब्धि हासिल करने वाले सनराइजर्स के तीसरे खिलाड़ी बने।

### आईपीएल पारी के 1-6 ओवर में 2 से अधिक विकेट लेने वाले कप्तान

3/12 - पैट कमिंस (एसआरएच) बनाम डीसी, हैदराबाद, 2025
2/10 - अक्षर पटेल (डीसी) बनाम आरसीबी, दिल्ली, 2025
2/13 - जहीर खान (डीसी) बनाम केकेआर, दिल्ली, 2017



2/13 - शॉन पोलक (मुंबई) बनाम केकेआर, कोलकाता, 2008
2/14 - जहीर खान (डीसी) बनाम आरपीएस, पुणे, 2017
2/18 - जहीर खान (डीसी) बनाम केकेआर दिल्ली, 2016
2/19 - जहीर खान (डीसी) बनाम आरपीएस, पुणे, 2017

पैट कमिंस आईपीएल पारी के पहले छह ओवर में तीन विकेट लेने वाले पहले कप्तान बन गए हैं। कमिंस ने करुण नायर को गेंद फेंकी जो गुड लेंथ क्षेत्र में थी। नायर के बल्ले का बाहरी किनारा लगा और गेंद विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों में चली गई जिससे नायर को गोल्डन डक के लिए डगआउट में लौटने पर मजबूर होना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने अपने दूसरे ओवर में दिल्ली को परेशान करने के लिए वापसी की और पहली गेंद पर फिर से स्ट्राइक किया। कमिंस ने आग उगली और दर्शकों ने इसका भरपूर आनंद लिया। उनका अगला शिकार इन-फॉर्म फाफ डु प्लेसिस 3(8) थे, जिन्होंने शॉर्ट-लेंथ डिलीवरी पर गेंद को विकेटकीपर के हाथों में दे मारा।

सनराइजर्स के घरेलू मैदान में कमिंस ने दिल्ली को परेशान करना जारी रखा जब अभिषेक पोरेल ने गेंद को उठाकर फ्लिक करने की कोशिश की। उनका प्रयास सफल नहीं हुई और गेंद सीधा हवा में गई था किशन के दस्तानों में जा गिरा और वे 8 (10) रन बनाकर पवेलियन लौट आए। कमिंस ने अपने चार ओवरों में 3/19 के शानदार आंकड़ों के साथ अपना स्पेल समाप्त किया। उनके उत्साही प्रदर्शन ने हैदराबाद की सफलता की नींव रखी और दिल्ली ने 133/7 के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। हालांकि बारिश के कारण हैदराबाद को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला और मैच रद्द हो गया।

## 10वीं कर्नलज शार्प-शूटर्स ओपन शूटिंग चैम्पियनशिप संपन्न

**जालन्धर (एजेंसी)।** मॉडल टाऊन के कर्नलज शार्पशूटर्स शूटिंग रेंज में 10वीं कर्नलज शार्पशूटर्स ओपन शूटिंग चैंम्पियनशिप (एयर राइफल/पिस्टल) करवाई गई जिसमें पंजाब, चंडीगढ़, नई दिल्ली के 150 से ज्यादा शूटर्स ने हिस्सा लिया।

शूटिंग चैंपियनिशप देखने बड़ी संख्या में प्रशंसक आए। प्रतिभागियों के पेरेंट्स ने अकादमी द्वारा दी गई व्यवस्था को सराहा। एयर राइफल श्रेणी में मनप्रीत कौर ने 198 (आई.एस.एस.एफ.) के उल्लेखनीय स्कोर के साथ प्रथम चैम्पियंस ऑफ चैम्पियंस का खिताब हासिल किया। उनके बाद हरजोत कौर ने 195 अंक के स्कोर दूसरा तो ऋषिता धवन ने 175 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। एयर पिस्टल श्रेणी में गगनदीप 218 के स्कोर के साथ चैम्पियंस ऑफ चैम्पियंस के रूप में उभरे। दिशांत ठाकुर ने 217 अंक के साथ दूसरा तो अमृतपाल सिंह ने 189 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कर्नल शार्प शूटर्स अकादमी की ओर से करवाई गई चैंपियनशिप में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

## संक्षिप्त समाचार

### अरविंद केजरीवाल ले रहे दिल्लीवालों से हार का बदला, प्रवेश वर्मा ने किया दावा



**नईदिल्ली , एजेंसी।** पंजाब और हरियाणा में जल विवाद के बीच दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने बड़ा दावा कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली में अपनी हार का बदला अब लोगों से ले रहे हैं। पंजाब में उनकी आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में कम पानी भेज रही है और अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लोगों को प्यासा मारने की साजिश रच रहे हैं। उहोंने कहा, आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता से नाराज है क्योंकि लोगों ने उन्हें हरा दिया और अब इसी का बदला वह लोगों को प्यासा मारकर ले रहे हैं। दिल्ली सरकार में पीडब्लूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा, दिल्ली में पिछले के हफ्ते से कम पानी आ रहा है। इसकी वजह है पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार जिसने अपनी हार का बदला लेने के लिए दिल्ली का पानी कम कर दिया। उन्होंने कहा, बीबीएमबी के भाकड़ा बोट से हरियाणा के लिए जो पानी रिलीज होता था, उन्होंने उसे कम किया। वहीं दिल्ली में रोज हरियाणा से जो पानी आता था वह 980 क्यूसेक था। लेकिन पिछले एक हफ्ते से यानी एक तारीख को हमारे पास 88 क्यूसेक पानी कम आया, 2 मई को 119 क्यूसेक, 3 मई को 71 क्यूसेक पानी, 4 मई को 55 क्यूसेक और 5 तारीख यानी कल 130 क्यूसेक पानी कम आया। इसका मतलब दिल्ली को 15 फीसदी पानी कम मिला। प्रवेश वर्मा ने कहा, पंजाब सरकार, और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लोगों से बदला लेना चाहते हैं। पंजाब सरकार अरविंद केजरीवाल के आदेश पर हरियाणा को पानी कम दे रही है और उसी के चलते दिल्ली को भी कम पानी मिल रहा है। ये अरविंद केजरीवाल की गुंडागर्दी और साजिश है। उन्होंने कहा, हम ये गंदी राजनीति चलने नहीं देंगे। उन्होंने कहा है कि दिल्ली वाले इसके लिए अरविंद केजरीवाल को कभी माफ नहीं करेंगे। इसी के साथ उन्होंने अरविंद केजरीवाल से भी कहा कि इतनी गंदी राजनीति आपको शोभा नहीं देती। बता दें, इससे पहले पंजाब की भगवंत मान सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पड़ोसी राज्य के लिए अपने हिस्से का एक भी बूंद पानी नहीं छोड़ने का संकल्प जताया गया। सदन में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब, हरियाणा को पानी की एक भी बूंद नहीं छोड़ने देगा, क्योंकि उनके राज्य के पास अतिरिक्त पानी नहीं है। इससे पहले जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने विधानसभा के विशेष सत्र में प्रस्ताव पेश किया, जिसके बाद इस पर चर्चा की गई। गोयल ने प्रस्ताव पढ़ते हुए कहा कि भाजपा हरियाणा और केंद्र में अपनी सरकारों तथा भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के माध्यम से पंजाब के अधिकारों को छीनने की कोशिश कर रही है।

### टॉयलेट सीट में विस्फोट और आग की जांच करेंगे आईआईटी के एक्सपर्ट, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा सेक्टर-36 स्थित एक मकान में शनिवार को टॉयलेट सीट फटने से युवक के घायल होने की जांच अब आईआईटी के एक्सपर्ट्स से कराई जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने यह फैसला लिया है। हालांकि, प्राधिकरण की जांच में सीवर लाइन में दिक्कत नहीं मिली। इस घटना में बुरी तरह घायल हुए युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सेक्टर-36 के मकान नंबर सी-364 में सुनील प्रधान अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनका 20 वर्षीय बेटा आशु नागर शनिवार दोपहर टॉयलेट गया था। शौच के बाद जैसे ही उसने वेस्टर्न टॉयलेट सीट का फ्लश बटन दबाया तभी सीट फट गई और उसमें से आग की लपटें उठने लगीं। विस्फोट होने से आशु का चेहरा, हाथ, पैर और दूसरे अंग बुरी तरह से झुलस गए।प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक एपी वर्मा का कहना है कि टॉयलेट सीट फटने से युवक के घायल होने की घटना असामान्य है। इस तरह की यह पहली घटना है। घटना के बाद टीम ने सेक्टर और उसके आसपास की सीवर लाइन की जांच की है।

# दिल्ली में हजारों सरकारी कर्मी ले रहे फ्री राशन
## यूडीएच योजना के तहत जांच में पकड़ी धांधली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार में काम कर रहे 5621 सरकारी कर्मचारी गलत तरीके से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की मुफ्त राशन योजना का लाभ ले रहे हैं। दिल्ली में चल रही यूनिफाइड डेटा हब (यूडीएच) योजना के तहत लाभार्थियों की जांच प्रक्रिया के दौरान यह जानकारी सामने आई है। दिल्ली सरकार का सूचना प्रौद्योगिकी विभाग सभी कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का यूनिफाइड डेटा हब बना रहा है। इसके तहत लाभकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लोगों की जांच चल रही है।




इसके तहत जब खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के लाभार्थियों का अध्ययन किया गया तो पता चला कि 5621 लोग, जो कि मुफ्त राशन योजना का लाभ ले रहे हैं, उनका रिकॉर्ड दिल्ली सरकार के वेतन लेखा कार्यालय (पीएओ) और राजस्व विभाग के रिकॉर्ड से मेल खाता है। यानि यह लोग सरकारी कर्मचारी की श्रेणी में आते हैं और नियमों के मुताबिक यह राशन कार्ड के लिए पात्र नहीं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन लाभार्थियों में से 3072 ने एक लाख रुपये से अधिक की आय होने के बावजूद आय प्रमाण पत्र बनवा रखा है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का अनुचित लाभ मिल रहा है। खास बात यह है कि इसमें 395 लोग ऐसे हैं जो परिवार के मुखिया के रूप में दर्ज हैं। बता दें कि दिल्ली में सालाना एक लाख रुपये तक की आय वालों का आय प्रमाण पत्र बनता है, जिससे वह लाभकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। आईटी विभाग ने रिपोर्ट के आधार पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को लिखित जानकारी दी है, जिससे उन लोगों को लाभार्थियों की सूची से हटाया जा सके। साथ ही अनुचित रूप से लिए गए लाभ की वसूली और विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। दिल्ली सरकार यूनिफाइड डेटा हब के तहत दिल्ली सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लोगों का एक डेटा तैयार कर रही है। इससे सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे लोगों की जानकारी एक जगह एकत्र होगी। इसका इस्तेमाल भविष्य में योजनाओं का लाभ देते समय किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि यह परियोजना न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी बल्कि बेहतर प्रशासनिक निर्णय लेने में भी मददगार साबित होगी। गलत तरीके और दस्तावेजों से अनुचित लाभ ले रहे लोगों को हटाया जा सकेगा। सरकार इसी डेटा के आधार पर भविष्य में महिला समृद्धि योजना, मुफ्त गैस सिलेंडर योजना, विधवा और बुजुर्ग पेंशन में बढ़ोतरी जैसी योजनाओं की शुरुआत करेगी। दिल्ली में राशन कार्ड बनाने की पहली पात्रता यह है कि संबंधित व्यक्ति भारतीय नागरिक हो और उसके पास आधार कार्ड होना चाहिए। उसकी सालाना आय एक लाख रुपये से कम होनी चाहिए।

## दिल्ली में सुरक्षा कड़ी, अर्धसैनिक बलों के साथ स्पेशल पेट्रोलिंग यूनिट्स तैनात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कई राज्यों को 7 मई को मॉक ड्रिल का आयोजन करने को कहा गया है। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि गृह मंत्रालय की ओर से जारी निर्देश के बाद राष्ट्रीय राजधानी में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी डीसीपी से तैयारियों के लिए ऐक्शन प्लान बनाने को कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) ने दिल्ली में पेट्रोलिंग तेज करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकें शुरू कर दी हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि पुलिस ने शहर में गश्त बढ़ा दी है। हरियाणा और यूपी से लगती सीमाओं पर पुलिसकर्मियों के साथ अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया है।

सूत्र ने कहा कि दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी डीसीपी अपने जिलों में व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। वे सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी) और थाना प्रभारियों (एसएचओ) के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करने के लिए पैदल पेट्रोलिंग काफी हद तक बढ़ा दी गई है। खासकर शाम और रात के समय चौकसी तेज कर दी गई है। सूत्र ने बताया कि कनॉट प्लेस, इंडिया गेट, जनपथ, यशवंत पैलेस, गोल मार्केट जैसे महत्वपूर्ण स्थानों और अहम प्रतिष्ठानों के लिए स्पेशल पेट्रोलिंग यूनिट्स को तैनात किया गया है। मॉक ड्रिल के दौरान टीमें बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) और डॉग स्क्वॉड की तैनाती सुनिश्चित करेंगी। टीमें पालिका बाजार, जनपथ, खान मार्केट और सरकारी भवनों के पास अधिक भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लगातार जांच करेंगी। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), बाजार कल्याण संघों (एमडब्ल्यू), नागरिक सुरक्षा समितियों के सदस्यों के साथ-साथ महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर तैनात निजी सुरक्षा गार्डों के साथ बैठकें की जा रही हैं। ये बैठकें बहुत महत्वपूर्ण हैं। उनसे किसी भी चिंताजनक स्थिति में तुरंत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से संपर्क करने के लिए कहा गया है।

## दिल्ली वालों को नमो भारत ट्रेन स्टेशन तक पहुंचाएंगी 'देवी' बसें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली की कॉलोनियों से नमो भारत ट्रेन के स्टेशन तक पहुंचना अब दिल्लीवालों के लिए आसान होगा। लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए 'देवी' बसों को नमो भारत रेल के स्टेशनों के साथ जोड़ा गया है। हाल ही में सड़कों पर उतारी गई इन इलेक्ट्रिक बसों को न्यू अशोक नगर और आनंद विहार स्टेशन पर स्टॉपेज दिए गए हैं। बता दें कि, बीती 2 मई को ही दिल्ली सरकार के परिवहन बेड़े में 400 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की गई हैं, जिन्हें 'देवी' नाम दिया गया है। आकार में छोटी होने के चलते इन्हें उन रास्तों पर चलाया जाएगा, जहां पहले बड़ी बसें नहीं पहुंच पाती थीं। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) ने डीटीसी के साथ मिलकर आपसी सहमति से शुरुआत में तीन ऐसे रूट निर्धारित किए हैं, जो दिल्ली सेक्शन के परिचालित स्टेशनों न्यू अशोक नगर और आनंद विहार से जुड़े हैं। इनमें न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन से आनंद विहार आईएसबीटी तक, आनंद विहार आईएसबीटी से अशोक नगर बॉर्डर तक और अशोक नगर बॉर्डर से मयूर विहार फेस-3 पेपर मार्केट तक के रूट शामिल हैं। फर्स्ट और लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए शुरू किए गए इन रूटों पर देवी बसों का संचालन शुरू हो जाने से लोग निजी वाहन छोड़कर सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग कर आसानी से गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। नमो भारत स्टेशनों को अलग-अलग क्षेत्रों से जोड़ने वाली ये बसें सुबह 6:30 से रात 11 बजे तक निर्धारित रूटों पर चलेंगी। इनके चलने से चिल्ला गांव, सपेरा बस्ती, न्यू कोंडली, दल्लूपुरा, गाजीपुर गांव व मंडी, धर्मशिला क्रॉसिंग, त्रिलोक पुरी आदि क्षेत्रों के लोग सीधे नमो भारत के नेटवर्क से जुड़ गए हैं। दिल्ली सरकार के गठन के बाद भी रोजगार बहाली पर निर्णय न होने पर सोमवार को बस मार्शल भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर पहुंच गए।



## दिल्ली में शिकायतों के लिए एक नंबर, इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर से जुड़ेंगे सभी विभाग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीवालों को शिकायत दर्ज कराने के लिए अब विभागों के अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर याद नहीं रखने होंगे। सभी नागरिक सेवाओं की शिकायतें एक ही नंबर 311 पर दर्ज करा सकेंगे। दिल्ली सरकार में जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर बनाने की घोषणा की। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) की इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर का दौरा करने के बाद उन्होंने कहा कि अब एनडीएमसी, एमसीडी, डीडीए, पीडब्ल्यूडी, जलबोर्ड समेत सभी नागरिक सेवाओं की शिकायतें एक नंबर पर की जा सकेंगी। प्रवेश वर्मा ने कहा कि वर्तमान में सभी विभागों की अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर हैं। सभी नंबर को याद रखना आसान नहीं है। इसलिए वन दिल्ली, वन नंबर के तहत हेल्पलाइन नंबर 311 पर नागरिक सेवाओं की शिकायतें की जा सकेंगी। उस शिकायत को आगे संबंधित विभाग को भेज दिया जाएगा।



मॉनसून को ध्यान में रखकर व्यवस्था : प्रवेश वर्मा ने कहा कि यह व्यवस्था खासतौर से मॉनसून को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। जलभराव, टूटी सड़कें, बंद नाले या ओवरफ्लो सीवर जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोग आसानी से शिकायत कर सकेंगे। सभी विभागों के मॉनिटरिंग अधिकारी एक जगह बैठकर समन्वय करेंगे। विभागों की बैठक के बाद निर्णय : मंत्री ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों के भीतर संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें कमांड सेंटर की संचालन प्रणाली, जवाबदेही तंत्र, तकनीकी एकीकरण पर निर्णय लिया जाएगा। उसके बाद इस हेल्पलाइन नंबर को शुरू कर दिया जाएगा। शिकायतों का समय पर निदान के लिए एक संचालन प्रक्रिया होगी। प्रवेश वर्मा ने एनडीएमसी कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए बताया कि इस सेंटर को अब दिल्ली के सभी प्रमुख विभागों का साझा केंद्र बनाया जा रहा है।

## पत्रकारिता में 15 और कला जगत की 8 विभूतियों को मिलेगा इनाम, 15000 डॉलर भी मिलेंगे



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** कला और पत्रकारिता जगत में मिलने वाले पुलित्जर पुरस्कार 2025 की घोषणा हो गई है। पत्रकारिता के क्षेत्र में 15 श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा, पुस्तकों, संगीत और रंगमंच जैसे कला जगत की आठ श्रेणियों में भी पुलित्जर पुरस्कार दिए जाएंगे। सार्वजनिक सेवा क्षेत्र से चुने जाने वाले विजेता को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। जबकि अन्य सभी विजेताओं को 15,000 डॉलर दिए जाएंगे।


अमेरिकी उपन्यासकार पर्सीवल एवरेस्ट के उपन्यास जेम्स ने कथा साहित्य के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीता है। यह उपन्यास द एडवेंचर्स ऑफ हकलबेरी फिन की एक नई और अनोखी कहानी है, जो एक गुलाम की नजरों से दिखाई गई है। इसके अलावा, ब्रैंडन जैकब्स-जेनकिंस के नाटक पर्पस ने पुलित्जर पुरस्कार जीता है। यह नाटक एक अमीर अश्वेत परिवार की कहानी है जो अपने ही अंदर के संघर्षों से जूझ रहा है। इसे पिछले सप्ताह टोनी पुरस्कारों के लिए भी 6 बार नामांकित किया गया था।

पत्रकारिता जगत में उल्लेखनीय काम के लिए न्यूयॉर्क टाइम्स को चार, न्यू यॉर्कर को तीन और राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या के प्रयास की खबर के विस्तृत कवरेज के लिए वाशिंगटन पोस्ट को पुलित्जर पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है।

पुलित्जर का प्रतिष्ठित सार्वजनिक सेवा पदक लगातार दूसरे साल प्रोपब्लिका को मिला।

## कंगाली की कगार पर शांति का सबसे बड़ा प्रहरी, ट्रंप के फैसले से यूएन में मची हाहाकार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया में शांति, मानवाधिकारों और मानवीय सहायता की सबसे बड़ी आवाज माने जाने वाले संयुक्त राष्ट्र की स्थिति अब अत्यंत गंभीर हो चुकी है। 80 साल पुराने इस वैश्विक संगठन पर अब वित्तीय दिवालियेपन का खतरा मंडरा रहा है। यदि मौजूदा हालात नहीं बदले, तो अगले 5 महीनों में न तो कर्मचारियों को वेतन मिल पाएगा और न ही दुनिया के संकटग्रस्त क्षेत्रों में शांति सेना की तैनाती संभव हो पाएगी। संयुक्त राष्ट्र अपने बजट संकट से निपटने के लिए एक आपात योजना पर विचार कर रहा है, जिसके तहत करीब 3,000 कर्मचारियों की छंटनी की जा सकती है। इतना ही नहीं, यूएन नाइजीरिया, पाकिस्तान और लीबिया जैसे देशों में स्टाफ की संख्या 20 प्रतिशत तक घटाने की तैयारी में है।



इस अभूतपूर्व संकट का सबसे बड़ा कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 19,000 करोड़ की फंडिंग रोकना है। यह फंड संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट का एक बड़ा हिस्सा है। इसमें कुछ राशि मौजूदा बाइडन प्रशासन के कार्यकाल की भी है, लेकिन ट्रम्प शासन में ही इसे प्राथमिकता से रोक दिया गया था। यूएन का 2025 का कुल अनुमानित बजट 32,000 करोड़ है, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए संगठन ने पहले ही 5,000 करोड़ यानी 17 प्रतिशत की कटौती करने की योजना बना ली है। यूएन के बजट में चीन की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत है। बीते वर्षों में चीन ने जानबूझकर अपनी फंडिंग में देरी की है 2024 में उसका फंड 27 दिसंबर को आया, जिससे वह उपयोग में नहीं आ सका। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, चीन की मंशा यूएन में शीर्ष पदों पर अपने अधिकारियों की नियुक्ति की है और देरी से भुगतान करके वह दबाव बना रहा है। वहीं दूसरी ओर 2024 में 41 देशों पर 7,000 करोड़ का भुगतान बकाया रहा, जिनमें अमेरिका, अर्जेंटीना, मैक्सिको और वेनेजुएला जैसे देश प्रमुख हैं। अब तक केवल 49 देशों ने समय पर फंडिंग की है।

यूएन महासचिव एंतोनियो गुटेरेस इस संकट को लेकर अत्यंत चिंतित हैं। उन्होंने फरवरी में चेतावनी दी थी कि यदि अनिवार्य भुगतान समय पर नहीं हुआ, तो जुलाई तक यूएन के शांति मिशन बंद होने की नौबत आ सकती है। अब वह मई में सभी सदस्य देशों को एक औपचारिक पत्र भेजकर तत्काल भुगतान की अपील करेंगे।संयुक्त राष्ट्र का अंदरूनी आकलन ताता है कि यदि कटौतियां नहीं की गईं, तो 2025 के अंत तक घाटा 20,000 करोड़ तक पहुंच सकता है। यदि अमेरिका 2025 में भी अपनी अनिवार्य फंडिंग नहीं देता, तो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 19 के अनुसार 2027 तक अमेरिका को यूएन महासभा में वोटिंग अधिकार गंवाना पड़ सकता है। इससे पहले ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों को ऐसी सजा भुगतनी पड़ी है। हालांकि, अमेरिका जैसे देश का वोटिंग अधिकार जाना यूएन की साख को भी भारी नुकसान पहुंचा सकता है।

## न्यूजीलैंड में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन की उठी मांग

### सांसद कैथरीन वेड ने रखा प्रस्ताव

**वेलिंगटन , एजेंसी।** न्यूजीलैंड की सांसद कैथरीन वेड ने एक कानून का प्रस्ताव रखा है, ये 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया इस्तेमाल करने से रोकेगा। यह प्रस्ताव ऑस्ट्रेलिया के सख्त डिजिटल प्लेटफॉर्म नियमों का अनुसरण करता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, न्यूजीलैंड नेशनल पार्टी की सांसद कैथरीन वेड ने सदस्य विधेयक पेश किया है, जिसके तहत सोशल मीडिया कंपनियों पर उपयोगकर्ताओं की उम्र सत्यापित करने और नाबालिगों को अकाउंट



बनाने से रोकने की जिम्मेदारी होगी। रेडियो न्यूजीलैंड के अनुसार, नियम न मानने वाली कंपनियों पर जुर्माना लग सकता है और उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता कम से कम 16 साल के हों। वेड ने कहा, मेरा सोशल मीडिया आयु-उपयुक्त उपयोगकर्ता बिल 16 साल से कम उम्र के बच्चों को साइबर बुलिंग, अनुचित सामग्री और सोशल मीडिया की लत से बचाने के लिए है। इस विधेयक का समर्थन प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने किया है। उन्होंने कहा कि वे इसे सरकारी बिल के रूप में अपनाने के लिए तैयार हैं, यह एक ऐसा कदम है जो संसद के माध्यम से इसकी प्रगति को तेज करेगा।

लक्सन ने कहा, यह राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि न्यूजीलैंड का मुद्दा है और ये सभी दलों का समर्थन चाहते हैं। न्यूजीलैंड का प्रस्तावित कानून ऑस्ट्रेलिया में लागू कानून पर आधारित है। अगर यह पास होता है, तो कुछ प्लेटफॉर्म्स को आयु-प्रतिबंधित घोषित किया जा सकेगा और कानून लागू होने के तीन साल बाद इसके प्रभाव की समीक्षा होगी। ऑस्ट्रेलिया का 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध बिल दुनिया में पहला है, जिसे नवंबर 2024 में सीनेट में पास किया था। इसके तहत, सोशल मीडिया कंपनियां जो 16 साल से कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई बच्चों को अपनी सेवाएं इस्तेमाल करने से रोकने में विफल रहेंगी, उन्हें लाखों डॉलर का जुर्माना देना होगा। कानून के अनुसार, न्यूनतम आयु सीमा लागू करने की जिम्मेदारी सोशल मीडिया कंपनियों पर है, न कि बच्चों, माता-पिता या अभिभावकों पर है। जो कंपनियां बार-बार आयु सीमा लागू करने में असफल रहेंगी, उन्हें 50 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 32.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना देना पड़ सकता है।

## सैन डिएगो में नाव पलटी, तीन की मौत नौ लापता; तलाश में जुटा तटरक्षक बल

**सैन डिएगो , एजेंसी।** अमेरिका में एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ है। यहां सैन डिएगो के तट पर सोमवार तड़के ऊंची लहरों की वजह से एक छोटी नाव पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, चार घायल हो गए और नौ अन्य लापता हैं।



हादसे में भारतीय परिवार भी प्रभावित हुआ है, जिसमें एक दंपती का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि उनके दो बच्चे लापता हैं। सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने मामले पर नजर बना रखी है। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी तटरक्षक जहाज और हेलीकॉप्टर लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं, जबकि चार घायलों को अस्पतालों में भेजा गया है। तटरक्षक अधिकारियों ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि 12-फुट (3.6 मीटर) नाव पलटने से पहले कहां से आ रही थी। सैन डिएगो शेरिफ विभाग के लेफ्टिनेंट निक बैकोरिस ने बताया कि टॉरी पाइंस स्टेट बीच पर हाइकर्स और अन्य लोगों ने सुबह करीब 6:30 बजे तट के पास एक नाव पलटते हुए देखी। बैकोरिस ने बताया, पास में हाइकिंग कर रहे एक डॉक्टर ने फोन करके कहा कि मैं लोगों को बीच पर सीपीआर करते हुए देख रहा हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### संविधान बचाओ रैली में बड़ी संख्या में बोकारो से शामिल हुए कांग्रेसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज राँची में पुराना विधानसभा मैदान धुर्वा में आयोजित संविधान बचाओ रैली में बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में जिला,प्रखंड, नगर,मंडल,पंचायत पदाधिकारियों सहित हजारों की तादाद में कांग्रेसी शामिल हुए। संविधान बचाओ रैली को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष मालिकार्जुन खड़गे एवं राष्ट्रीय महासचिव के सी वेनुगोपाल ने संदेश दिया और कहा कि देश में संविधान और लोकतंत्र विरोधी सरकार से देश के प्रत्येक व्यक्ति को सजग रहने का आह्वान किया। बोकारो जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि निश्चित तौर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मार्ग दर्शन झारखण्ड कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार करने में सफल साबित होगा। यह अभियान अब बोकारो के सभी प्रखंड नगर पंचायत वार्ड सहित बोकारो के हर कोने कस्बे एवं गली मोहल्ले तक पहुंचना है बोकारो कांग्रेसजन का साझा संकल्प है। भारत को बिकने नही देंगे। संविधान को टूटने नही देंगे।

### केंडिल मार्च निकाल पहलगाम आतंकी घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कश्मीर में हुए मानवता को शर्मसार करने वाली दुखद आंतकी घटना में शहीद हुए 27 बेकसूरों और उनके परिवारों के प्रति सदभावना व्यक्त करने हेतु कर्ण समागम बोकारो एवं कर्ण गोष्ठी महिला समूह, बोकारो के सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि एवं कैंडिल मार्च निकाला गया। जहां एक ओर शहीदों के प्रति सम्मान दर्शाया गया। वहीं समस्त



देशवासियों की तरह आक्रोश भी व्यक्त किया गया। सभी निर्भीक होकर इस बेरहमी से की गई हत्या में संलिप्त शैतानों को पकड़ कर दर्दनाक मौत देने की अपील सरकार से की गई। साथ ही विश्व स्तर पर साजिशकर्ताओं एवं उनके कठमुल्लों को मिट्टी में मिलाने की जोरदार आवाज लगायी गयी। कैंडिल मार्च की समाप्ति अम्बेडकर चौक सेक्टर 4 में किया गया। इस मार्च का नेतृत्व अनिल कुमार कर्ण, (समागम अध्यक्ष) ने सिद्धेश नारायण दास, राजेंद्र नारायण मल्लिक, रंजन कुमार कर्ण, मिहिर चंद्र कंठ,अमरनाथ लाल दास, परिमल कुमार महेश लाल, पुष्पा रानी कर्ण (महिला गोष्ठी) ने किया। इस अवसर पर संजय कर्ण, रमनजी, विकास वर्मा, जयंत कुमार, सुप्रिया कंठ, वीना कंठ, किशोरी दास एवं दोनों समिति के सभी सदस्य एवं सदस्या उपस्थित थे।

### डिजिटल क्रांति को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोहरदगा के नगर भवन परिसर में पंचायती राज में डिजिटल क्रांति को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लोहरदगा डीसी ने डिजिटल क्रांति को प्रोजेक्ट बनाकर प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रशस्ति पत्र दिया। इस मौके पर डीसी ने कहा की ग्राम पंचायतों में जो भी डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है उसके प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए तैयार लोगों को जागरूक करना ज्यादा जरूरी है। जिसे इस तरह के कार्यशाला के माध्यम से किया जा रहा है। डिजिटल क्रांति से हम सभी को जुड़ना चाहिए। ताकि सरकार की योजनाओं से हम वाकिफ हो सकें। अब डिजिटल रूप से लाइब्रेरी उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही इन्होंने कहा की ग्राम पंचायत में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ डिजिटल सहयोग से कैसे लिया जाए यह हमें जानना और समझना ज्यादा जरूरी है।

### चार साइबर अपराधी गिरफ्तार 15 मोबाइल व सिम बरामद

**जामताड़ा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जामताड़ा पुलिस ने एक सुनियोजित कार्रवाई के तहत नारायणपुर थाना अंतर्गत ग्राम हीरापुर के समीप जंगल से साइबर अपराध में लिप्त 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के पास जंगल झाड़ में साइबर अपराधियों के विरुद्ध छापेमारी की गई। पुलिस उपाधीक्षक आनंद कुमार लागुरी ने बताया कि छापामारी के दौरान साइबर अपराध में लिप्त 04 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अर्जुन राय , गोविंद कुमार मंडल , कलीम अंसारी एवं अकबर अंसारी के नाम शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 15 मोबाइल फोन, 19 सिम कार्ड, 01 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि इस गिरोह के द्वारा एन डी एफ सी बैंक के खाता धारकों को उनके व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज भेज कर उनका खाता बंद करने एवं पैन कार्ड अपडेट करने के नाम पर एपीके फाइल भेजते थे एपीके फाइल डाउनलोड कराकर उनकी सारी गोपनीय जानकारी प्राप्त कर ई वॉलेट के माध्यम से साइबर ठगी करते थे। इनकी सक्रियता मुख्य रूप से बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और दिल्ली जैसे राज्यों में थी। आरोपियों के खिलाफ जामताड़ा साइबर थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और चारों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### फर्जी प्रमाण पत्र बनाने का खुलासा, 5 गिरफ्तार

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड के मटियाबांधी पंचायत में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का खुलासा करते हुए जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि इस संदर्भ में पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई है और फर्जी जन्मपत्री बनाने वाले सामान को जप्त किया गया है। संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डीसी एवं एसएसपी ने बताया की 2 मई को चाकुलिया प्रखंड विकास पदाधिकारी आरती मुंडा के लिखित आवेदन के आधार पर चाकुलिया थाना में विभिन्न धाराओं के केस दर्ज किया गया। जिसमें मटियाबांधी पंचायत के सचिव सुनील महतो एवं प्रज्ञा केंद्र संचालक सपन महतो तथा शिवम डे को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा रांची के हरीश कुमार प्रमाणिक और आरिफ आलम को बिचौलिया कार्य के लिए गिरफ्तार किया गया। इनके पास से सीपीयू, मॉनिटर, प्रिंटर, लैपटॉप, मोबाइल फोन, कीपैड और 190 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र की सूची बरामद की गई।

# बोकारो में झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस यूनियन मीट का आयोजन







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखण्ड में अवस्थित सेल की विभिन्न खदानों में कार्यरत यूनियन यानी एटक, इंटक, बीएमएस, सीटू, एचएमएस, जेएमएमएस और स्थानीय यूनियनों तथा ऑफिसर एसोसिएशन के कॉउन्सिल सदस्यों के साथ बीएसएल प्रबंधन की 05-07 मई तक तीन दिवसीय बैठक का आयोजन बीएसएल के प्रशासनिक भवन में किया जा रहा है. इस बैठक में यूनियनों के महासचिवों के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने भाग लिया. सेल-बीएसएल की ओर से बैठक में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी सहित मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरन, मुख्य महाप्रबंधक (माइंस) एवं चिकित्सा विभाग के प्रमुख उपस्थित थे. बैठक के आरंभ में बीएसएल द्वारा किए गए कई अहम पहलों व गतिविधियों से संबन्धित





जानकारी यूनियन प्रतिनिधियों तथा ऑफिसर एसोसिएशन के कॉउन्सिल सदस्यों के साथ साझा किया गया. यूनियन मीट में शामिल यूनियन प्रतिनिधियों के अलग-अलग समूहों के साथ बैठकें आयोजित की गई. बैठक का उद्देश्य खदानों में कार्यरत कर्मचारियों की कठिनाइयों से जुड़े पहलुओं पर सार्थक चर्चा करने, कार्यस्थल पर प्रणालियों एवं प्रक्रियों में समग्र रूप से बेहतरी लाने और खदान समूह को नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करना था. बैठक में उपस्थित अधिशासी निदेशकों व वरीय अधिकारियों ने यूनियन प्रतिनिधियों से विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और अपने विचार रखे.

**महिला समिति, बोकारो द्वारा सेक्टर -09 स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण में भेंटस्वरूप दिया गया वाटर कूलर**

सेक्टर -09 स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण में महिला समिति, बोकारो द्वारा भेंटस्वरूप वाटर कूलर का अनावरण महिला समिति, बोकारो की अध्यक्ष श्रीमती अनीता तिवारी के द्वारा किया गया. वाटर कूलर के द्वारा श्रद्धालुओं तथा गायत्री परिवार के समस्त कार्यकताओं को शुद्ध एवं ठंडा पेय जल सुचारू रूप से चौबीस घंटे उपलब्ध हो सकेगा. वाटर कूलर के अनावरण कार्यक्रम में वर्षो से गायत्री परिवार से जुड़ी हुई महिला समिति की पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शरण भी शामिल थीं. महिला समिति, बोकारो की उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का मनवटी, सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, सह कोषाध्यक्ष अंजलि, सुरभि प्रभारी अनिशा झा, विद्यालय प्रभारी नीतू तथा आशा राज, सैनिटरी तथा सिलाई केंद्र प्रभारी प्रीति राजेश तथा समिता मोहंती ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विशेष योगदान किया. गायत्री परिवार के सदस्यों ने महिला समिति की सदस्याओं को उपहारस्वरूप गुरुदेव की पुस्तकें प्रदान की तथा मनमोहक भजन प्रस्तुत किए.

**बीजीएच में रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से होगा रक्त दान शिविर का आयोजन**

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में 07 मई को बोकारो जनरल अस्पताल के पुराने कैजुअल्टी भवन में पूर्वाहन 11 बजे से "रक्तदान जागरूकता सह रक्तदान शिविर" का आयोजन किया जा रहा है. "रक्तदान महादान, आइये इसका हिस्सा बनें" थीम के अंतर्गत इस विशेष रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य मरोजों के लिए पर्याप्त मात्रा में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा रक्तदान के प्रति जनजागरूकता फैलाना है ताकि आपात स्थिति में मरीजों की मदद की जा सके. गौरतलब है कि 18 वर्ष से 60 वर्ष तक का कोई भी स्वस्थ पुरुष स्वेच्छा से साल में चार बार तथा एक स्वस्थ महिला एक वर्ष में तीन बार रक्तदान कर सकती है. रक्तदान करने से शरीर के किसी भी अंग में कोई कमजोरी नहीं आती है. बीजीएच में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में बीएसएल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों सहित अन्य बोकारो वासी भी शामिल हो सकते हैं.

# तेतुलिया वन भूमि को ले ईडी ने दो जगहों पर की छापेमारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेतुलिया वन भूमि गड़बड़ी मामले को लेकर ईडी ने बोकारो में आज सुबह से दो जगहों पर छापेमारी की। बोकारो स्टील




प्लांट के नगर सेवा एवं प्रशासन भवन स्थित अभिलेख एवं आवंटन विभाग के महाप्रबंधक ए के सिंह के कार्यालय में ईडी की टीम कागजातों को खंगाला। जबकि दूसरी टीम चास के राणा प्रताप नगर में महेश नागिया के आवास में सुबह आठ बजे से घंटों पूछताछ की। जानकारी मिली है कि तेतुलिया वन भूमि को तत्कालीन बिहार सरकार ने अधिग्रहित कर बोकारो स्टील को दिया था। बाद में उस जमीन को बोकारो स्टील के द्वारा कथित जमीन माफियाओं को एनओसी दे दिया गया। इधर नए सर्वे में उक्त वन भूमि बोकारो स्टील की बताई गई। लेकिन दूसरी तरफ जमीन कारोबारी के द्वारा अपना बता कर बता कब्जा कर लिया गया।बताया जा रहा है कि ईडी इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी हुई है। ईडी की कार्रवाई से प्रशासनिक और बोकारो स्टील के कई तत्कालीन अधिकारियों को नींद उड़ी हुई।

# बेटे के खिलाफ घर कब्जा करने की मां ने की शिकायत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र से आए लोगों ने उपायुक्त को अपनी समस्या से अवगत कराया। जनता दरबार में चिरकुंडा के शिवलीबाड़ी से आई एक महिला ने बताया कि उसके छोटे पुत्र ने जबरन उनके मकान के चार कमरों में कब्जा कर लिया है। कमरे खाली करने की बात को लेकर पर वह मारपीट करता है और जान से मारने की धमकी देता है।

महिला ने बताया कि वह बीमारी से ग्रसित है। इसके बावजूद बेटा दवाई या इलाज के लिए पैसे नहीं देता है। इस पर संज्ञान लेकर उपायुक्त ने पीड़ित महिला को समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं कतरासगढ़ से आई एक अन्य महिला ने बताया कि उनके पिता बीसीसीएल में कार्यरत थे। नौकरी के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद परिवार की देखभाल करने की बात कहकर एक भाई ने अन्य भाई बहनों से एनओसी लेकर



बीसीसीएल में नौकरी ली। नौकरी मिल जाने के बाद वह अपनी जिम्मेदारी से मुकर गया और परिवार की देखभाल नहीं करता है। इसके अलावा जनता दरबार में धनबाद के सबलपुर व बाघमारा के श्यामडीह में रैयती जमीन पर बाउंड्री वॉल नहीं बनाने देने, अबुआ आवास के मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद भी ग्राम दलदली के मुखिया द्वारा बाधा उत्पन्न करने, ऑनलाइन पंजी 2 में नाम दर्ज कराने, फर्जी कागजात बनाकर जमीन पर अवैध कब्जा करने, जर्जर सड़क की मरम्मती करने सहित अन्य मामले प्राप्त हुए। अंचल से संबंधित मामलों पर उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारियों से फोन पर बात कर शिकायतकर्ता की समस्या का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया।

# बोकारो व गोमिया में होगा मॉक ड्रिलः उपायुक्त

## सायरन बजेगा, राहत कार्य होगा, अग्निशमन और ब्लैक आउट जैसी स्थिति उत्पन्न होगी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव ने मंगलवार को बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार बुधवार 07 मई को देशभर के 244 चिन्हित जिलों में मॉक ड्रिल आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में बोकारो जिले में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। जिले के बोकारो स्टील प्लांट क्षेत्र एवं गोमिया के आईईएल प्लांट क्षेत्र में मॉक ड्रिल होगा। इसका मकसद यह जांचना है कि जंग जैसे हालात, जैसे कि मिसाइल हमले या हवाई हमलों के दौरान आम जनता कितनी जल्दी अपनी सुरक्षा को लेकर सक्रिय हो सकती है। इस मॉक ड्रिल में असल हालात जैसे दृश्य पेश किए जाएंगे, मसलन हवाई हमले के सायरन बजेंगे, शहरों की बिजली बंद की जाएंगी, आम लोग शरण लेने का अभ्यास करेंगे और आपातकालीन सेवाएं तुरंत हरकत में आएंगी। इस मॉक ड्रिल का मकसद है अफरा-तफरी से बचाव, घबराहट को कम करना और जानें बचाना है। उपायुक्त ने आमजनों से अपील किया है कि यह वास्तविक आपदा नहीं हैं, कृप्या घबराएं नहीं। अपराह्न 04 बजे से 07 बजे तक जहां हैं वहीं सुरक्षित रहें (कार्य स्थान या घर) जिला प्रशासन का सहयोग करें।

**कब क्या - क्या होगा -**

- अपराह्न 15:00 - नियंत्रण कक्ष सक्रियण + स्वयंसेवक रिपोर्टिंग।
- अपराह्न 16:00 - एयर रेड सायरन (नकली) ब्लैकआउट सिमुलेशन शुरू होगा।
- अपराह्न 16:10 - संचार अभ्यासः रेडियो/हॉटलाइन के माध्यम से भारतीय वायु सेना नोड के साथ लिंक-अप।
- अपराह्न 16:20 - चिह्नित क्षेत्रों में निकासी शुरू
- अपराह्न 16:30 - बचाव अभियान/छलावरण उपाय/छाया नियंत्रण कक्ष अभ्यास।
- अपराह्न 16:45 - ट्राइएज और मेडिकल बचाव सेटअप।
- अपराह्न 17:00 - सार्वजनिक जागरूकता डेमो (सीपीआर, बंकर, अग्निशामक यंत्र का उपयोग)।
- अपराह्न 18:00 - परिवहन विचलन योजना की प्रभावशीलता की जाँच।
- अपराह्न 19:00 - पूर्ण अंधेरे में ब्लैकआउट की प्रभावशीलता की जाँच और ड्रोन वीडियोग्राफी।

उक्त मॉक ड्रिल में स्थानीय प्रशासन, सिविल डिफेंस वार्डन, होम गाड्र्स, नेशनल कैडेट कोर, नेशनल सर्विस स्कीम, नेहरू युवा केंद्र संगठन और स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। इसको लेकर प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा है।

# वक्फ कानून की सही जानकारी जन-जन तक पंहुचायेगी भाजपा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मोदी सरकार के वक्फ कानून को लेकर मचे हंगामे के बीच, बीजेपी ने वक्फ सुधार जनजागरण अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है। 20 अप्रैल से 5 मई तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य घर-घर जाकर वक्फ कानून से जुड़ी सही जनजागरण अभियान सभी बूथों तक जाएगा। प्रदेश स्तर पर कार्यशाला होने के बाद क्षेत्रीय व जिला स्तर पर कार्यशाला होगी। इसके बाद मंडल स्तर पर कार्यक्रम होंगे। घर-घर संपर्क किया जाएगा। पम्पलेट लेकर कार्यकर्ता इसका प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि लोग बहकावे में



जानकारी लोगों तक पहुंचाना है। इस संदर्भ में आज भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विशेष रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय और झारखण्ड प्रदेश हज कमिटी के पूर्व चेयरमैन रिजवान खान मौजूद रहे।बाल मुकुंद सहाय ने बताया कि जिला संयोजक से लेकर मंडल और प्रदेश स्तर तक एक टोली बनी है। इस अभियान में मंत्री, सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारी लगाए गए हैं। यह ना आए, इसलिए बीजेपी ने सभी को समझाने और सही जानकारी देने के लिए जन जागरण अभियान चलाने का काम किया है। भाजपा जिला कार्यालय आयोजित कार्यशाला में भाजपा कार्य समिति के सदस्य सत्येंद्र सिंह, महानगर जिलाध्यक्ष सरवन राय, महानगर जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल, जिला महामंत्री मानस प्रसून्न,धर्मजीत सिंह समेत भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकता उपस्थित थे।

# सोनभद्र में आयोजित क्रांतिवीर सम्मान से सम्मानित की गयी धनबाद की बेनजीर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के दुद्धिनगर सोनभद्र में 4 मई को प्रगति फाउंडेशन के द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रक्त क्रांतिवीर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में धनबाद के रेड क्रॉस समिति के नोडल पदाधिकारी ब्लड बेनजीर परवीन को उनके समर्पण रक्तदान एवं समाज के प्रति



किए गए सेवा के लिए क्रांतिवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में बिहार, बंगाल, झारखंड, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत 18 राज्यों और पड़ोसी देश नेपाल, भूटान से आए रक्तदाताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर बेनजीर ने बताई की मुझे यह सम्मान नहीं बल्कि ये सम्मान झारखण्ड राज्य के भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद जिले को मिला है जिसे लेने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेंद्र सिंह ने बताया बेनजीर को यह सम्मान मिलने से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद में खुशी की लहर है।

# बीसीसीएल अधिकारी देव कुमार वर्मा की पाठशाला की चर्चा ऑस्ट्रेलिया में भी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड की कोयला खदानों के काले धुएँ से निकलती एक रौशनी ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मंच पर जगह बनाई है। पाठशाला एजुकेशनल ट्रस्ट और इसके संस्थापक देव कुमार वर्मा की प्रेरणादायक कहानी को एक



प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलिया रेडियो स्टेशन ने कवर किया है और अपनी अंतरराष्ट्रीय श्रोताओं के बीच प्रसारित किया है। देव कुमार वर्मा की यह कहानी उन सैकड़ों बच्चों की है जो कभी कोयला खदानों में काम करने को मजबूर थे। उन्होंने न केवल इन बच्चों को खदानों की अंधेरी दुनिया से बाहर निकाला, बल्कि उन्हें निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की व्यवस्था भी की। 'पाठशाला' नामक इस मिशन ने न केवल शिक्षा का प्रसार किया, बल्कि बच्चों के जीवन की दिशा ही बदल दी। यह ऑडियो स्टोरी, जिसे एसबीएस हिंदी पर प्रकाशित किया गया है, बताती है कि कैसे एक व्यक्ति का संकल्प एक पूरे समुदाय की तकदीर बदल सकता है। देव कुमार वर्मा का सपना है कि कोई भी बच्चा मजदूरी के लिए नहीं, बल्कि पढ़ाई के लिए स्कूल जाए। अमेरिकी रेडियो स्टेशन द्वारा इस प्रयास को वैश्विक मंच पर लाना न केवल धनबाद की इस सामाजिक पहल को सम्मान देता है, बल्कि यह दशार्ता है कि छोटे कस्बों से निकली आवाजें भी दुनिया में गूंज सकती हैं।

# दिव्यांगजनों को कानूनी संरक्षकता प्रमाण पत्र निर्गत किए जाएंगे

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में निदेशक, डीआरडीए मेनका की अध्यक्षता में नेशनल ट्रस्ट एक्ट 1999 की धारा 13 (1) के आलोक में दिव्यागजनों को कानूनी संरक्षकता प्रमाण पत्र निर्गत करने के उद्देश्य से स्थानीय स्तर समिति की बैठक आहुत की गई। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे। नेशनल ट्रस्ट



पोर्टल पर कुल 07 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है, जिनका समिति के द्वारा अवलोकन किया गया, जिसमें नेशनल ट्रस्ट एक्ट 1999 के तहत नियमानुसार 02 प्राप्त आवेदक का सामाजिक जांच 15 दिनों के अंदर आशा लता, विकलांग विकास केंद्र बोकारो के द्वारा कराने का निर्णय लिया गया है। ताकि लीगल गाडियनशिप में दिया जा सके। बैठक के दौरान स्वयं सेवी संस्था के नामित सदस्य श्रीमती अनीता अग्रवाल, शिक्षिका आशा लता केंद्र कुमारी कृष्ण दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

# दिव्यांगों को डालसा ने दिलाई ट्राईसाइकिल

**झरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झालसा के तत्वधान में आयोजित डोर टू डोर कैंपेन के तहत मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर प्राधिकार की टीम ने 4 मजबूर दिव्यांगों को ट्राईसाईकिल दिया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि झालसा के आदेश पर जिले में डालसा की टिम द्वारा डोर 2 डोर कैंपेन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को अधिकार मित्र डिपेंटी कुमारी गुप्ता, हेमराज चौहान के द्वारा डोर टु डोर कैंपेन के दौरान झरिया में चार दिव्यांगों को चिन्हित किया गया था तीन दिव्यांग को ट्राईसाईकिल एवं आंखों से सत प्रतिशत दिव्यांग को दिव्यांग प्रमाण पत्र, ब्लाइंड किट दिव्यांग पेंशन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी झरिया अलका रानी , पर्यवेक्षिका शाशी प्रिया, राधा देवी, ऊषा कुमारी, शशि, पूनम लकड़ा,



राजेश कुमार व डालसा सहायक राजेश कुमार सिंह द्वारा वितरण किया गया । उन्होंने बताया कि डालसा समाज में रह रहे सभी दिव्यांगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं एवं त्वरित न्याय दिलाने हेतु कटिबद्ध है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com